* ओड़िशा संस्करण

18 मई, 2023
ज्येष्ठ, कृष्ण पक्ष, चतुर्दशी
संवत 2080
पृष्ठ : 12, मूल्य : ₹3.00

रांची
गुरुवार, वर्ष 08, अंक 207

www.epaper.azadsipahi.in

कलम कलम बढ़ाये जा

# आजाद सिपाही


पाकिस्तान के पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान के घर में 40 आतंकियों के छिपे होने का दावा, पुलिस ने की घेराबंदी, पीटीआइ को 24 घंटे का अल्टीमेटम










देश-विदेश की खबरों के लिए क्लिक करें
www.azadsipahi.in


### झारखंड हाइकोर्ट ने केंद्रीय गृह मंत्रालय से मांगा जवाब

# झारखंड में बांग्लादेशी घुसपैठियों का कैसे हो रहा प्रवेश : हाइकोर्ट

- मामले पर 19 जुलाई को होगी अगली सुनवाई

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रांची।** झारखंड में बांग्लादेशी घुसपैठ एक गंभीर समस्या है। इस मुद्दे को विधायकों ने विधानसभा सदन में भी कई बार उठाया है। बांग्लादेशी घुसपैठ पर झारखंड हाइकोर्ट ने केंद्रीय गृह मंत्रालय से जवाब मांगा है। चीफ जस्टिस संजय कुमार मिश्रा और जस्टिस आनंद सेन की अदालत ने एक जनहित याचिका पर सुनवाई करते हुए गृह मंत्रालय से यह बताने को कहा है कि संताल के सीमावर्ती इलाके में घुसपैठ की जानकारी है या नहीं। यदि घुसपैठ हो रही है, तो उसे रोकने के लिए क्या कदम उठाये गये हैं। हाइकोर्ट ने गृह मंत्रालय को यह निर्देश दिया है कि वह झारखंड में बांग्लादेशियों की घुसपैठ पर चार हफ्ते में अपनी रिपोर्ट कोर्ट को दे। इस पर अगली सुनवाई 19 जुलाई को होगी।

गौरतलब है कि झारखंड के संताल परगना में, खासतौर पर साहिबगंज और पाकुड़ जिले में बांग्लादेशी घुसपैठ का मामला लंबे वक्त से चर्चा में है। भाजपा के विधायक इस मुद्दे को लेकर हमेशा से मुखर रहे हैं। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष दीपक प्रकाश, विधायक दल नेता बाबूलाल मरांडी, विधायक अनंत ओझा समय-समय पर बांग्लादेशी घुसपैठ के कारण यहां के लोगों के हक-अधिकार नहीं मिलने, डेमोग्राफिक बदलाव आदि का मुद्दा उठाते रहे हैं।

कोर्ट ने गृह मंत्रालय से पूछा है कि झारखंड के बॉर्डर इलाके से बांग्लादेशी घुसपैठिए कैसे प्रवेश कर रहे हैं। केंद्र सरकार की ओर से अधिवक्ता प्रशांत पल्लव ने पैरवी की। याचिकाकर्ता ने याचिका में कहा है कि जामताड़ा, पाकुड़, गोड्डा, साहिबगंज आदि झारखंड के बॉर्डर इलाके से बांग्लादेशी घुसपैठिये आ रहे हैं। इससे इन जिलों में जनसंख्या पर कुप्रभाव पड़ रहा है। स्थानीय ट्राइबल के साथ वैवाहिक संबंध बनाया जा रहा है। कोर्ट ने सुनवाई करते हुए चार हफ्ते में बांग्लादेशी घुसपैठिए पर रिपोर्ट देने का निर्देश दिया है।



### संथाल में बढ़ी मदरसों की संख्या

हाइकोर्ट में सुनवाई के दौरान प्रार्थी की ओर से अदालत को बताया गया कि संथाल परगना के वैसे जिले, जो बांग्लादेश से सटे हुए हैं, उनमें बांग्लादेश के प्रतिबंधित संगठन सुनियोजित योजना के तहत काम कर रहे हैं। एक ओर जहां झारखंड की आदिवासी लड़कियों से लव जिहाद के तहत शादी करते हैं, वहीं वहां मदरसों की संख्या भी लगातार बढ़ रही है। पिछले कुछ वर्षों में संथाल परगना के बांग्लादेशी सीमा से सटे हुए जिलों में अचानक मदरसों की संख्या में बढ़ोत्तरी हुई है। प्रार्थी ने अदालत को लगभग 46 नये बने मदरसों की सूची भी सौंपी।

### पलामू प्रमंडल में हुई अवैध माइनिंग पर सीएजी दे रिपोर्ट: हाइकोर्ट

**रांची (आजाद सिपाही)।** झारखंड हाइकोर्ट के चीफ जस्टिस संजय कुमार मिश्र की अध्यक्षता वाली खंडपीठ ने बुधवार को झारखंड के सीएजी को जांच रिपोर्ट प्रस्तुत करने का निर्देश दिया है। पलामू, गढ़वा और लातेहार में अवैध माइनिंग से संबंधित मामले में पंकज कुमार यादव की जनहित याचिका पर सुनवाई के दौरान यह निर्देश दिया गया। बताते चलें कि पूर्व में कोर्ट ने इस मामले में प्रधान महालेखाकार को प्रतिवादी बनाया था। सुनवाई के दौरान कोर्ट में मामले में गठित तीन सदस्यीय कमेटी की रिपोर्ट प्रस्तुत की गयी। अगली सुनवाई अब 5 जुलाई को होगी। याचिकाकर्ता की ओर से अधिवक्ता राजीव कुमार ने पैरवी की। उन्होंने कोर्ट को बताया कि सैटेलाइट इमेज से यह पता लगाना चाहिए कि इन तीन जिलों से संबंधित कंपनियों को कितनी जमीन पर माइनिंग के लिए लीज मिली है और वे वास्तविक रूप से कितनी जमीन पर माइनिंग कर रही हैं। यह मामला एक संचालक से माइनिंग चलाने के लिए माइनिंग विभाग के अधिकारी द्वारा 20 लाख रुपये की मांग से जुड़ा है। इस मामले में डिप्टी डायरेक्टर रैंक के एक अधिकारी की भूमिका सामने आयी थी, लेकिन उनके शुरू हुई जांच को बीच में ही रोक दिया गया।

# कर्नाटक के सीएम को लेकर दिनभर चली कवायद, सिद्धारमैया रेस में आगे





- सिद्धारमैया या डीके सस्पेंस बरकरार
- राहुल ने डीके शिवकुमार और सिद्धारमैया के साथ की बैठक

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**नयी दिल्ली।** कर्नाटक का मुख्यमंत्री कौन? इस पर पर अभी भी सस्पेंस बरकरार है। सिद्धारमैया या डीके शिवकुमार दोनों में कौन मुख्यमंत्री होंगे इसकी अभी तक अधिकारिक घोषणा नहीं की गयी है। हालांकि सूत्रों की मानें तो कांग्रेस नेतृत्व ने सिद्धारमैया को मुख्यमंत्री का कमान सौंपने का फैसला कर लिया है। कांग्रेस नेता राहुल गांधी के साथ सिद्धारमैया और डीके की लंबी बैठक हुई।

इस बैठक में डीके को मनाने का प्रयास किया गया। हालांकि वह अभी तक मानें नहीं हैं, जिस वजह से मुख्यमंत्री के नाम की घोषणा नहीं की गयी है। गौरतलब है कि कर्नाटक में सरकार गठन को लेकर दिल्ली में हलचल बढ़ी हुई है। हर कुछ देर पर स्थिति बदल रही थी। पहले इस तरह की खबरें आयीं थी कि डीके डिप्टी सीएम, कर्नाटक प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष और दो मिनिस्ट्री लेकर मान गये हैं। आलाकमान सिद्धारमैया को सीएम बनाना चाहता है और उन्होंने डीके के सामने तीन फॉर्मूर्ल रखे थे। इसके कुछ देर बाद खबर आयी की डीके किसी भी फर्मूले पर तैयार नहीं हैं। वह मुख्यमंत्री का ही पद चाहते हैं। सुबह कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे और राहुल गांधी के साथ डीके व सिद्धारमैया की बैठक हुई थी। इसमें एकराय नहीं बन सकी थी। इस बीच फिलहाल बेंगलुरु में चल रहीं शपथ ग्रहण की तैयारियां रोक दी गयीं हैं। उधर, सिद्धारमैया सुबह लगभग 11 बजे राहुल गांधी से मिले। दोनों के बीच करीब एक घंटे बातचीत हुई। इस दौरान उनके साथ विधायक भी मौजूद रहे। राहुल से मुलाकात के बाद सिद्धारमैया ने फोन पर सोनिया गांधी से बात की। इसके बाद दोपहर करीब 12 बजे डीके शिवकुमार राहुल से मिलने पहुंचे। दोनों की एक घंटे बातचीत हुई। इसबीच कांग्रेस अध्यक्ष के घर पर दिन भर पार्टी के वरिष्ठ नेताओं का आनाजाना लगा रहा। केसी वेणुगोपाल, रणदीप सुरजेवाला समेत अन्य नेताओं की खड़गे के साथ लागतार बैठक चल रही हैं। सिद्धारमैया और डीके दोनों ही खड़गे से मुलाकात की। उनके बीच बैठकों का दौर चला। अंत में जब बात नहीं बनी तो फिर देर रात राहुल गांधी के साथ बैठक हुई।

# मुख्यमंत्री के नेतृत्व में उत्कृष्ट विद्यालय की ऐतिहासिक पहल को मिल रही सराहना

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रांची।** झरना कच्छप अपनी बेटी का नामांकन अब राज्य सरकार द्वारा प्रारंभ किये गये उत्कृष्ट विद्यालय में कराना चाहते हैं। ताकि उनकी बच्ची भी अंग्रेजी माध्यम से पढ़ाई कर सके। इसके लिए उन्होंने टीवीएस उच्च विद्यालय, धुर्वा में छठी कक्षा में नामांकन के लिए आवेदन दिया है। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के प्रति



आभार प्रकट करते हुए झरना ने कहा गरीब के बच्चों को भी अंग्रेजी माध्यम में शिक्षा देने की यह पहल सराहनीय है। उत्कृष्ट विद्यालयों में नामांकन के लिए 17 मई तक कुल 12146 उपलब्ध सीट की तुलना में 29863 आवेदन विद्यालय प्रबंधन द्वारा प्राप्त किया गया है। सबसे अधिक आवेदन देवघर से 3247, पलामू से 2322, लोहरदगा से 2254, गिरिडीह से 1708 एवं रामगढ़ से 1498 आवेदन अबतक प्राप्त हुए हैं। राज्य के 80 उत्कृष्ट विद्यालयों में अबतक कुल 29863 आवेदन बच्चों के जमा हुए हैं। अभिभावकों की मांग को देखते हुए उत्कृष्ट विद्यालयों में आवेदन जमा करने की समय सीमा 25 मई 2023 तक बढ़ायी गयी है। चयन परीक्षा का आयोजन 30 मई को होगा, प्रथम मेधा सूची 7 जून को जारी होगा एवं 12 जून से मेधा सूची के अनुसार नामांकन प्रारंभ होगा।

### छवि रंजन ने म्यूटेशन से पहले किया इनकार, बाद में दी मंजूरी

# नामकुम के पुगड़ू में खासमहाल की 9.30 एकड़ जमीन सौदे की जांच शुरू

**अजय शर्मा**

**रांची (आजाद सिपाही)।** जमीन घोटाले के मामले में जेल में बंद आइएएस छवि रंजन की परेशानी कम होने का नाम नहीं ले रही है। जमीन घोटाले से संबंधित एक नये मामले की जांच की शुरुआत इडी ने कर दी है। यह मामला नामकुम के पुगड़ू मौजा में 9.30 एकड़ सरकारी जमीन से संबंधित है। इस मामले में भी पूर्व डीसी से पूछताछ होगी। उन पर आरोप है कि पहले उन्होंने इस जमीन का मालिकाना हक देने से इनकार किया था और बाद में इसकी अनुमति दे दी थी। इस मामले की जांच उस समय के प्रमंडलीय आयुक्त नितिन मदन कुलकर्णी ने की थी। उन्होंने जांच में छवि रंजन की भूमिका को संदिग्ध माना था। इडी का मानना है कि इस मामले में व्यवसायी विष्णु अग्रवाल का साथ पावर ब्रोकर प्रेम प्रकाश ने दिया था।

- प्रमंडलीय आयुक्त की जांच में हुआ खुलासा

### क्या है मामला

नामकुम अंचल के पुगड़ू मौजा में खासमहाल की उक्त जमीन की खरीद-बिक्री और पूर्व में स्वीकृत लीज के सभी दस्तावेज जिला प्रशासन ने इडी को सौंप दिये हैं। इसमें कई अधिकारियों पर गाज गिर सकती है। अब तक की जानकारी के मुताबिक पुगड़ू मौजा में खासमहाल की उक्त 9.30 एकड़ जमीन की रजिस्ट्री विष्णु अग्रवाल और आदर्श हाइट्स के नाम किये जाने के बाद जमीन को वैध करने का खेल शुरू हो गया। रजिस्ट्री के दो माह बाद से ही राजस्व विभाग द्वारा जिला प्रशासन को पत्र देकर अवैध तरीके से की गयी खरीद-बिक्री की जांच कराकर रजिस्ट्री रद्द कराने एवं सरकार का दखल कब्जा कराकर दोषी पदाधिकारियों के विरुद्ध कार्रवाई का निर्देश दिया गया। विभाग की ओर से 13 नवंबर 2020 तक इस बाबत सात स्मार पत्र दिये जाने के बाद भी कोई कार्रवाई नहीं हुई।

### समय रहते रांची डीसी ने कार्रवाई नहीं की

हालांकि, अगस्त 2020 से नवंबर 2020 तक नामकुम सीओ और अवर निबंधक, रांची को भी



उपायुक्त कार्यालय से कई पत्र दिये गये, लेकिन कोई कार्रवाई नहीं हुई। इसके बाद तत्कालीन उपायुक्त छवि रंजन ने पिछले साल पांच दिसंबर को उक्त जमीन को खासमहाल बताते हुए उच्चस्तरीय जांच की सिफारिश विभाग से तो कर दी, लेकिन प्रावधान के अनुसार जब रजिस्ट्री रद्द करने को लेकर राज्य सरकार डीसी कोर्ट में गयी, तो डीसी कोर्ट ने यह मामला ही टाइटल का बताकर खारिज कर दिया। इस मामले में न सिर्फ राज्य सरकार आवेदक थी, बल्कि खासमहाल अफसर, रांची सह एलआरडीसी ने स्पष्ट उल्लेख किया था कि उक्त जमीन खासमहाल की, यानी सरकारी है।

### एसआइटी की रिपोर्ट पर निर्णय नहीं

इस मामले में एसआइटी की रिपोर्ट पर राजस्व विभाग द्वारा कोई निर्णय नहीं लिया गया है। विभाग अभी भी एसआइटी की रिपोर्ट को विचाराधीन बता रहा है। उस रिपोर्ट का हवाला देकर अभी तक कोई पत्राचार नहीं किया गया है, लेकिन विष्णु अग्रवाल को रिपोर्ट की कॉपी उपलब्ध करा दी गयी, जिसे डीसी की कोर्ट में पेश कर मनमाफिक फैसला ले लिया गया।

### विष्णु अग्रवाल को मदद पहुंचाने के लिए हथकंडे

विष्णु अग्रवाल के नाम की गयी अवैध रजिस्ट्री का खुलासा होने के बाद अंचल कार्यालय से लेकर जिला प्रशासन और विभाग के बीच पत्रों का सिलसिला तो तेज हो गया, लेकिन जमीन पर सरकार का कब्जा दिलाने के लिए कोई ठोस प्रयास किये जाने की बजाय विष्णु अग्रवाल की मदद को लेकर एक से एक हथकंडे अपनाये गये। इस मामले में विभाग की ओर से चार सदस्यीय एसआइटी गठित की गयी, लेकिन उसने अपनी रिपोर्ट में डीसी के पत्रांक 5855 का उल्लेख ही नहीं किया। ड्राफ्ट रिपोर्ट में इसका उल्लेख था, लेकिन बाद में इसे हटा दिया गया।

# सत्यपाल मलिक के करीबियों के 12 ठिकानों पर सीबीआइ का छापा

- पूर्व राज्यपाल ने कहा, जिसने शिकायत की, उसे ही परेशान कर रही जांच एजेंसी

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**नयी दिल्ली।** जम्मू-कश्मीर के इंश्योरेंस और किरू हाइड्रो प्रोजेक्ट स्कैम से जुड़े मामले में सीबीआइ ने बुधवार को जम्मू-कश्मीर, दिल्ली और राजस्थान में 12 ठिकानों पर छापेमारी की। तलाशी पूर्व गवर्नर सत्यपाल मलिक के मीडिया सलाहकार रहे सुनक बाली के घर भी हुई। मलिक ने इस पर कहा कि यह दुर्भाग्यपूर्ण है कि सीबीआइ इस मामले में शिकायतकर्ता को परेशान कर रही है। सुनक बिना किसी सरकारी वेतन के जम्मू-कश्मीर में मेरे सेक्रेटरी थे।यह मामला तब सामने




आया था, जब सत्यपाल मलिक 23 अगस्त 2018 से लेकर 30 अक्टूबर 2019 तक जम्मू-कश्मीर के राज्यपाल थे। मलिक ने खुद इस मामले की शिकायत की थी। उन्होंने कहा था कि फाइलों को मंजूरी देने के बदले उन्हें 150-150 करोड़ रुपये की पेशकश की गयी थी। सीबीआइ ने इस पर केस दर्ज किया था। सत्यपाल मलिक के भी बयान दर्ज किये थे।

मलिक ने जिन दो फाइलों का जिक्र किया था, उसके बारे में कभी खुल कर नहीं बताया। रिपोर्ट के मुताबिक, सत्यपाल मलिक सरकारी कर्मचारियों, पेंशनर्स और पत्रकारों के लिए लायी गयी ग्रुप हेल्थ इंश्योरेंस पॉलिसी से जुड़ी एक फाइल का जिक्र कर रहे थे। इसमें अनिल अंबानी के नेतृत्व वाली रिलायंस जनरल इंश्योरेंस कंपनी शामिल थी।

### गैंगस्टर-आतंकी कनेक्शन को लेकर एनएआइ की छह राज्यों में छापेमारी

नयी दिल्ली (आजाद सिपाही)। एनआइए ने बुधवार को देश के छह राज्यों में 100 से अधिक ठिकानों पर छापेमारी की। यह कार्रवाई आतंकवादी-गैंगस्टर और नशीले पदार्थ के तस्करों के नेक्सस मामले में चल रही है। करीब 200 अफसर हरियाणा, पंजाब, राजस्थान, उत्तरप्रदेश, उत्तराखंड और मध्यप्रदेश में स्थानीय पुलिस के साथ संदिग्धों के परिसरों पर छापेमारी में जुटे थे। जानकारी के मुताबिक पंजाब और चंडीगढ़ में 65 जगह पर एनआइए का छापा पड़ा है। वहीं, उत्तरप्रदेश में तीन जगह, राजस्थान में 18 जगह और मध्यप्रदेश में दो जगहों पर छापेमारी की गयी। एनआइए का पिछले तीन दिनों में यह दूसरा बड़ा सर्च ऑपरेशन है।




आजाद सिपाही | झारखंड में सबसे ज्यादा देखा जाने वाला चैनल
188100 Subscribers
VIEWERSHIP 3 Crore 80 lakh+
Watch Time (HR) 11 Lakh+
YouTube Channel
Subscribe NOW
No 1 Channel

सर्राफा
सोना (बिक्री) 57,500 रु./10 ग्राम
चांदी 75,000 रु./प्रति किलो



# भाजपा की बड़ी कमजोरी, राज्यों में नहीं पनप रहे बड़े चेहरे

## ■ इसलिए राज्यों में कमजोर पड़ जाती है दुनिया की सबसे बड़ी पार्टी

## ■ मोदी-शाह तो आज देश भर में घर-घर में हैं, राज्य के नेता कब पहुंचेंगे

## ■ कर्नाटक की हार ने पार्टी के सामने पैदा किया है यह बड़ा सवाल

**कर्नाटक विधानसभा चुनाव में हुई पराजय के बाद से दुनिया की सबसे बड़ी राजनीतिक पार्टी बेहद परेशान है। पार्टी द्वारा चुनाव प्रचार अभियान में सब कुछ झोंके जाने के बावजूद सत्ता में भाजपा की वापसी नहीं हो सकी और इसके लिए जिम्मेवार कौन है, इस पर अभी मंथन चल रहा है। कर्नाटक के बाद इस साल के अंत में मध्यप्रदेश, राजस्थान और छत्तीसगढ़ में भी विधानसभा चुनाव होने हैं। इनमें से एकमात्र मध्यप्रदेश में भाजपा सत्ता में है। वहां भी भाजपा के लिए स्थिति बहुत अच्छी नहीं है, क्योंकि गृह मंत्री अमित शाह ने अपनी भोपाल यात्रा के दौरान राज्य में नेतृत्व परिवर्तन की संभावनाओं से इनकार नहीं किया था। कर्नाटक के चुनाव परिणाम और मध्यप्रदेश की संभावनाओं की पृष्ठभूमि में यह सवाल बहुत महत्वपूर्ण हो जाता है कि आखिर भाजपा में ऐसा कोई नेता क्यों नहीं उभर रहा, जो कम से कम अपने राज्य में पार्टी को विजय पथ पर ले जा सके। पार्टी में यह सवाल भी बहुत तेजी से उठने लगा है कि आखिर मोदी-शाह के बाद दुनिया की सबसे बड़ी पार्टी में तीसरे नंबर का नेता कौन है। साल 2014 में सत्ता में आने से पहले भाजपा सिर्फ सात राज्यों में सत्ता में थी, लेकिन मार्च 2018 आते-आते वह 21 राज्यों में सत्तारूढ़ हो गयी। लेकिन 2023 में स्थिति यह है कि भाजपा के हाथ से पहले झारखंड और फिर महाराष्ट्र निकल गये। आज भाजपा 12 राज्यों में सत्ता में है, जबकि महाराष्ट्र में वह सरकार में सहयोगी की भूमिका में है। राज्यों में भाजपा की स्थिति का अंदाजा इसी बात से लगाया जा सकता है कि योगी आदित्यनाथ और हिमंत बिस्वा सरमा के अलावा पार्टी के किसी प्रादेशिक स्तर के नेता का नाम उसके राज्य के बाहर किसी को पता नहीं है। इसका मुख्य कारण यह है कि पार्टी पीएम नरेंद्र मोदी के जादू और चाणक्य कहे जानेवाले अमित शाह की रणनीति पर पूरी तरह निर्भर हो गयी। राज्यों के नेताओं को लगा कि जब तक मोदी हैं, उन्हें चिंता करने की जरूरत नहीं है। यूपी, उत्तराखंड और असम जैसे राज्यों में भाजपा सरकारों ने मोदी की छत्रछाया में काम किया, तो उसका नतीजा अच्छा रहा, लेकिन बाकी राज्यों में पार्टी नेताओं ने इन राज्यों से कुछ नहीं सीखा। भाजपा के लिए 2024 से पहले इस कमजोरी पर ध्यान देना जरूरी हो गयी है। भाजपा की इसी कमजोरी का आकलन कर रहे हैं आजाद सिपाही के विशेष संवाददाता राकेश सिंह।**

आजाद सिपाही विशेष


राकेश सिंह



पिछले महीने दुनिया की सर्वाधिक प्रतिष्ठित समाचार पत्रिका 'द वॉल स्ट्रीट जर्नल' ने दुनिया की सबसे बड़ी राजनीतिक पार्टी भाजपा को दुनिया की सबसे महत्वपूर्ण पार्टी करार देते हुए एक लेख प्रकाशित किया था। पत्रिका ने चर्चित राजनीतिक टीकाकार वॉल्टर रसेल मीड द्वारा लिखित एक लेख में कहा कि अमेरिका के राष्ट्रीय हितों के दृष्टिकोण से भारतीय जनता पार्टी सर्वाधिक महत्वपूर्ण विदेशी राजनीतिक पार्टी है। मीड ने लिखा कि हालांकि यह भी सच है कि सर्वाधिक महत्वपूर्ण होने के बावजूद इस पार्टी को सबसे कम समझा गया है। भारत और दुनिया के राजनीतिक और कूटनीतिक परिदृश्य में मीड का यह लेख बेहद चर्चित हो गया, क्योंकि इसमें कहा गया कि गैर-भारतीयों की बड़ी तादाद इस पार्टी को समझ नहीं पायी है, क्योंकि इसकी वृद्धि उनके लिए सर्वाधिक अपरिचित और सांस्कृतिक इतिहास में हुई है। यह स्वाभाविक ही है, क्योंकि आजादी के बाद से विदेशों में भारत की जो छवि बन गयी थी, 2014 में भाजपा के सत्ता में आने के बाद से उसमें आमूल-चूल बदलाव आया है। लेख में साफ किया गया कि भाजपा की चुनावी सफलता उसके सांस्कृतिक और राजनीतिक मूल्यों के आधार पर हुई है, क्योंकि वह जनता से जुड़ाव की संस्कृति का पालन करते हुए आगे बढ़ रही है। इस लेख में मीड ने भारत के राजनीतिक इतिहास की पृष्ठभूमि में भाजपा के उदय और चुनावी परिदृश्य में इसकी लगातार सफलता के कारणों का बहुत बारीकी से विश्लेषण करते हुए साफ किया है कि इसके बावजूद भारत एक उलझनों भरा देश बना हुआ है, हालांकि 2014 के बाद भारतीय कूटनीति में धीरे-धीरे बदलाव परिलक्षित हो रहा है। इसमें कितना समय लगेगा, यह अभी बताना संभव नहीं है। 'द वॉल स्ट्रीट जर्नल' में प्रकाशित इस लेख में भाजपा के प्रति अंतरराष्ट्रीय दृष्टिकोण को परिभाषित करने की कोशिश की गयी थी, लेकिन चार दिन पहले घोषित कर्नाटक विधानसभा चुनाव के परिणाम ने भाजपा के सामने अपने घर में एक बड़ा सवाल खड़ा कर दिया है। कर्नाटक में पराजय के बाद पार्टी के बारे में यह सवाल उठ रहा है कि अमेरिकी नजरिये से दुनिया की सबसे महत्वपूर्ण पार्टी के सबसे लोकप्रिय नेता के तौर पर प्रतिष्ठित हो चुके प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के के अथक परिश्रम के बाद भी पार्टी राज्यों में अपेक्षित प्रदर्शन क्यों नहीं कर पा रही है। कर्नाटक में हुई हार ने पार्टी को झकझोर दिया है। इसी तरह की संभावनाएं इस साल के अंत में मध्यप्रदेश में होनेवाले चुनावों के लिए व्यक्त की जा रही है। इसके अलावा राजस्थान और छत्तीसगढ़ में भी इस साल के अंत तक चुनाव होना है, जहां कांग्रेस सत्ता में है। वहां भाजपा सीधे मुकाबले के लिए कितना तैयार है, यह भी अहम सवाल है। अभी तक का जो परिदृश्य है, उसमें राजस्थान में प्रदेश स्तरीय कांग्रेस नेता के रूप में अशोक गहलोत, छत्तीसगढ़ में भूपेश बघेल और मध्यप्रदेश में कमलनाथ का नाम तो हर कोई जान रहा है, लेकिन इन राज्यों में भाजपा की नैया को कौन प्रदेश स्तरीय नेता पार ले जायेगा, इसे भाजपा के स्थानीय कार्यकर्ता और नेता भी नहीं जानते। इन तीन राज्यों में भाजपा के प्रदेश स्तरीय नेताओं की जो विश्वसनीयता है, उसके सहारे जंग नहीं जीती जा सकती। ऐसे में वहां के कार्यकर्ता भी एक बार फिर नरेंद्र मोदी और अमित शाह के चेहरे पर आश्रित होंगे। इसमें कोई दो राय नहीं कि नरेंद्र मोदी देश ही नहीं दुनिया के सर्वाधिक लोकप्रिय नेता हैं, इसे उन्हें बार-बार सिद्ध किया है, लेकिन यह भी सच है कि प्रदेश की जनता स्थानीय नेता का चेहरा भी देखना चाहेगी, जिसका फिलहाल अभाव सा दिखता है। इस सियासी माहौल में यह सवाल बहुत महत्वपूर्ण हो जाता है कि आखिर 2024 में लगातार तीसरी बार देश की सत्ता में वापस आने के लिए तैयार भाजपा राज्यों में कमजोर क्यों हो रही है।

### क्या थी देश की सियासी तस्वीर

2018 और 2022 के बीच चार साल की अवधि में देश के 30 राज्यों में चुनाव हुए, यानी हर भारतीय राज्य में चुनाव हुआ। भारतीय राजनीति में भाजपा के प्रभुत्व को देखते हुए यह सवाल बेहद अहम हो गया लगता है कि इन 30 चुनावों में से कितने चुनाव भाजपा ने पूर्व या बाद के सहयोगियों के बिना अपने स्वयं के स्पष्ट बहुमत या बलबूते पर जीते? इन 30 में से भाजपा ने केवल सात राज्यों में अपने बूते पर जीत हासिल की। इनमें उत्तरप्रदेश, उत्तराखंड, गुजरात, मणिपुर, त्रिपुरा, अरुणाचल प्रदेश और गोवा शामिल हैं। इन सात में से केवल दो बड़े राज्य हैं, जिनके पास संसद के निचले सदन लोकसभा में पर्याप्त सीटें हैं।

### भाजपा की कमजोरी के कारण

यूपी, असम और गुजरात के बाहर राज्यों के चुनावों को एकतरफा बनाने में भाजपा आखिर अकेले क्यों सक्षम नहीं हो पा रही है। अगर आंकड़ों पर गौर करें, तो साल 2014 में जब भाजपा बहुमत के साथ सत्ता में आयी थी, तो उसी के साथ राज्यों में भी उसने बेहतर प्रदर्शन किया था। इसकी एक बड़ी वजह यह मानी जा सकती है कि लोकसभा चुनाव में जीत के बाद भाजपा पूरे देश का माहौल बदलने में कामयाब रही थी। मोदी के करिश्माई व्यक्तित्व ने इसमें बड़ी भूमिका अदा की थी। दूसरा यह कि आज भी गुजरात के लोग मोदी को अपने सबसे करीब मानते हैं। फिर साल 2019 के आम चुनावों में पार्टी और ज्यादा सीटों के साथ सत्ता में आयी, लेकिन इन चुनावों के महज छह महीने के बाद जो विधानसभा चुनाव हुए, उसमें पार्टी पहले जैसा प्रदर्शन करने में नाकामयाब रही। इसके पीछे कारण यही रहा कि राज्यों में भी पार्टी मोदी के जादुई व्यक्तित्व को भुनाने में लग गयी। इसका परिणाम यह हुआ कि पार्टी में दूसरी पंक्ति के नेताओं का अभाव होने लगा। योगी आदित्यनाथ, पुष्कर सिंह धामी और हिमंत बिस्वा सरमा को छोड़ भाजपा का कोई भी मुख्यमंत्री इस स्थिति में नहीं रह गया कि राज्य के लोगों को अपनी उपलब्धि बता सके। इतना ही नहीं, इन तीन मुख्यमंत्रियों को छोड़ कर पूरे देश में भाजपा का एक भी ऐसा प्रदेश स्तरीय नेता नहीं है, जिसकी पहचान उसके राज्य के बाहर हो। कर्नाटक में भाजपा के स्टार प्रचारकों की सूची योगी आदित्यनाथ और हिमंत बिस्वा सरमा के बाद समाप्त होने लगी थी, जबकि पार्टी केंद्र और राज्य, दोनों जगह सत्ता में थी। आज भाजपा की हालत यह है कि उत्तरप्रदेश को छोड़ कर हिंदी पट्टी के किसी राज्य में उसके पास ऐसा करिश्माई प्रादेशिक नेतृत्व नहीं है, जिसके दम पर पार्टी कम से कम उस राज्य में चुनाव मैदान में उतर सके।

भाजपा को अब समझना होगा कि अब मतदाता देश और राज्य के आधार पर अलग-अलग सोच कर वोट करता है। इसका सबसे बड़ा उदाहरण ओड़िशा है। जहां लोकसभा में वहां के मतदाता मोदी की भाजपा को वोट करते हैं, तो विधानसभा में नवीन पटनायक को। विधानसभा चुनाव में वोट करने से पहले सोचता है कि वह राज्य की सरकार चुन रहा है या फिर केंद्र की सरकार। कर्नाटक के चुनाव परिणाम के बाद भाजपा को हिंदी पट्टी के तीन राज्यों में होनेवाले चुनाव के दौरान अपनी रणनीति पर दोबारा विचार करना होगा। पार्टी हर चुनाव में यदि मोदी के करिश्माई व्यक्तित्व को ही सामने रखेगी, तो विपक्षी बार-बार यही सवाल उठायेंगे कि आपकी सत्ता दिल्ली से चलेगी या फिर राज्य से। ऐसे में भाजपा को काफी मुश्किलों का सामना करना पड़ेगा।

---

## ट्रांसफार्मर लूटने पहुंचे थे अपराधी, ग्रामीणों ने एक को दबोचा

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**गिरिडीह।** सीसीएल के वाटर पीट (चानक) पर मंगलवार देर रात अपराधियों ने गार्डों को बंधक बना कर ट्रांसफार्मर के केबल और क्वाइल लूटने की कोशिश की। ग्रामीणों की सजगता और और सीसीएल सुरक्षा विभाग की तत्परता के कारण अपराधी लूट में न सिर्फ असफल रहे, बल्कि एक अपराधी को ग्रामीणों ने धर दबोचा। पकड़े गये अपराधी की ग्रामीणों ने पिटाई भी की। इसके बाद पुलिस के हवाले कर दिया।

प्राप्त जानकारी के अनुसार देर रात एक दर्जन की संख्या में अपराधियों ने यहां धावा बोला। यहां पर ड्यूटी में तैनात गृह रक्षा वाहिनी के गार्ड गणेश मंडल समेत दो को बंधक बना लिया। इसके बाद अपराधियों ने बिजली काटकर जिस दो खंभे पर ट्रांसफार्मर लदा था, उसमें से एक खंभे को तोड़ दिया, जिसके बाद ट्रांसफार्मर जमीन पर आ गिरा और उसका सारा तेल बह गया।

अभी अपराधी ट्रांसफार्मर को तोड़ कर उसका क्वाइल निकालने ही वाले थे कि ग्रामीणों को घटना की भनक लग गयीऔर दर्जनों की संख्या में लोगों ने घेराबंदी शुरू कर दी।

ग्रामीणों को आता देख अपराधी भागने लगे। इसी क्रम में एक अपराधी दबोचा गया, जिसकी पिटाई की गयी। घटना की सूचना पर मुफस्सिल थाना प्रभारी कमलेश पासवान ने अपराधी को गिरफ्तार कर लिया।

## 15 लाख के इनामी नक्सली कृष्णा हांसदा एनआइए की रिमांड पर

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रांची।** एनआईए ने 15 लाख के इनामी रीजनल कमेटी सदस्य कृष्णा दा उर्फ कृष्णा हांसदा उर्फ कृष्णा मांझी उर्फ अविनाश दा उर्फ आनंद को रिमांड पर लिया है। गिरिडीह जिले के पीरटांड़ थाना क्षेत्र के मंडलडीह, लेधवा निवासी से एनआइए 20 मई तक पूछताछ करेगी।



पारसनाथ इलाके का आतंक कृष्णा हांसदा को जनवरी में पुलिस ने गिरफ्तार किया था। एनआइए ने टेरर फंडिंग के एक मामले में जनवरी 2021 में मनोज कुमार, कृष्णा दा उर्फ कृष्णा हांसदा उर्फ कृष्णा मांझी उर्फ अविनाश दा उर्फ सौरभ दा उर्फ आंनद, सुनील मांझी उर्फ सुनील मुर्मू उर्फ सुनील सोरेन उर्फ चोपा सोरेन और मनोज कुमार चौधरी पर पूरक आरोप पत्र दाखिल किया था।

## पत्थर खदान में दब कर मजदूर की मौत

**गिरिडीह (आजाद सिपाही)।** धनवार थाना क्षेत्र के परोडीह गांव में बुधवार को पत्थर खदान में पोकलेन मशीन में आग लगने और फिर उसमें दबने से सिकंदर पंडित की मौत हो गयी। वह कोडरमा के पूर्णाडीह का रहनेवाला था। आग लगने से पोकलेन पूरी तरह से जल गयी। सिकंदर पारोडीह के पत्थर खदान में काम करता था। घटना की जानकारी मिलने के बाद धनवार थाना पुलिस घटनास्थल पहुंची और जांच में जुट गयी। घटना की खबर फैलते ही काफी संख्या में स्थानीय लोगों की भीड़ घटनास्थल पर जमा हो गयी। मृतक के परिजन भी पारोदीह पत्थर खदान पहुंचे। घटना के बाद खदान के लीज धारक और मुंशी खदान से फरार हो गये। खदान वैध है या अवैध यह स्पष्ट नहीं है। पुलिस इसका पता लगाने में जुटी है। जानकारी के अनुसार सिकंदर पंडित पत्थर खदान में करीब 300 फीट अंदर पोकलेन में चढ़ कर चट्टान काट रहा था। इसी दौरान एक बड़ी चट्टान टूट कर सीधे पोकलेन मशीन पर गिर पड़ी। इससे पोकलेन में आग लग गयी और मशीन पलटने से सिकंदर पंडित की मौके पर मौत हो गयी।

## गोइलकेरा में नक्सलियों ने मोबाइल टावर को बनाया निशाना

**पश्चिमी सिंहभूम (आजाद सिपाही)।** चाइबासा के गोइलकेरा के उत्क्रमित मध्य विद्यालय में बन रहे मोबाइल टावर को नक्सलियों ने निशाना बनाया। उस पर पेट्रोल डाल कर जला दिया। नक्सलियों ने वहां एक पर्चा भी छोड़ा है। गोइलकेरा थाना क्षेत्र अंतर्गत कोल्हान रिजर्व वन क्षेत्र के नक्सल प्रभावित क्षेत्र पाटुंग गांव में एयरटेल मोबाइल टावर का काम चल रहा था। यहां मंगलवार देर शाम हथियारबंद नक्सली पहुंचे और पेट्रोल डाल कर टावर की मशीनों में आग लगा दी। इस घटना में टावर का उपकरण पूरी तरह जल गया है। बताया जाता है कि मोबाइल टावर का काम पूरा कर लिया गया था और इसे जल्द ही चालू किया जाना था। नक्सलियों ने वहां एक पर्चा भी छोड़ा है। चाइबासा के एसपी आशुतोष शेखर ने बुधवार को बताया कि मोबाइल टावर को क्षतिग्रस्त करने की सूचना मिली है। पुलिस टीम घटनास्थल पर पहुंची, तो पता चला कि नक्सलियों ने मोबाइल टावर को आग के हवाले कर उसे पूरी तरह से तहत-नहस कर दिया है।

## धनबाद एसीबी ने पेयजल के इइ को रांची में गिरफ्तार किया

### आरोपी इंजीनियर दुमका में है पदस्थापित, काम हुआ ही नहीं, पैसे का हो गया भुगतान

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**धनबाद।** धनबाद एसीबी ने पेयजल और स्वच्छता विभाग के अभियंता संजय कुमार को रांची के अरगोड़ा थाना क्षेत्र स्थित बसंत बिहार से गिरफ्तार किया है। वह फिलहाल दुमका में पदस्थापित है। गिरिडीह के तत्कालीन अभियंता संजय कुमार पर चापानल, डीप बोरिंग और शौचालय का काम देने की एवज में लाखों रुपये कमीशन लेने के आरोप हैं। उसके खिलाफ धनबाद एसीबी में (2/18) प्राथमिकी दर्ज है।

कहा जा रहा है कि कमीशन की राशि संजय कुमार अपनी पत्नी उषा कुमारी और पुत्र अंकित विशाल के खाते में जमा करवाता था। दिव्या इंटरप्राइजेस के संवेदक राजीव सिंहदेव की इसमें



मिलीभगत थी। घपला सामने आने के बाद गिरिडीह के डीसी ने चार सदस्यीय टीम से जांच करायी, जिसमें इसकी पुष्टि हुई थी। उसके बाद एसीबी में प्राथमिकी दर्ज की गयी थी।

धनबाद की गोविंदपुर और निरसा प्रखंड की पंचायतों में वित्त वर्ष 2011-12, 2012-13 और 2013-14 में लगाये गये नलकूपों की जांच तकनीकी परीक्षक कोषांग से करायी गयी थी। जांच में करीब दो करोड़ से अधिक राशि के गबन का मामला सामने आया था। जांच में यह भी पाया गया था कि साधारण चापानल, विशेष मरम्मत चापानल, उच्च प्रवाही नलकूप, फोर्स एंड लिफ्ट और स्वजल धारा योजना अंतर्गत कई स्थानों पर निर्माण कार्य कराया ही नहीं गया।

नये चापानल और विशेष मरम्मत चापानल के पास चाताल और नाला के अलावा शॉकपिट का निर्माण भी ठेकेदारों ने नहीं किया था। अभियंताओं ने ठेकेदारों से मिल कर बिना काम कराये ही मापी पुस्तिका तैयार कर ली, फिर बिल तैयार कर ठेकेदारों को राशि का भुगतान कर दिया।

## बजरंग दल का शौर्य प्रशिक्षण पश्चिमी सिंहभूम में

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**पश्चिमी सिंहभूम।** बजरंग दल का शौर्य प्रशिक्षण वर्ग 24 मई से 31 मई तक पश्चिमी सिंहभूम (चाइबासा) के चक्रधरपुर में आयोजित किया गया है। प्रशिक्षण वर्ग में हिंदू युवाओं में शौर्य, साहस, स्वाभिमान, निष्ठा और राष्ट्र संस्कृति के प्रति समर्पण भाव को जागृत किया जायेगा। बजरंग दल के प्रांत संयोजक दीपक ठाकुर ने बुधवार को बताया कि प्रशिक्षण वर्ग में 100 रुपया शुल्क रखा गया है। प्रशिक्षण वर्ग में प्रत्येक प्रखंड से दायित्व वान कार्यकर्ता को शामिल होने को कहा गया है। प्रशिक्षण वर्ग में 15 वर्ष से 35 वर्ष के युवा हिस्सा लेंगे।

आजाद सिपाही | झारखंड में सबसे ज्यादा देखा जाने वाला चैनल
188100 Subscribers
VIEWERSHIP 3 Crore 80 lakh+
Watch Time (HR) 11 Lakh+
YouTube Channel
Subscribe NOW
No 1 Channel

वेदर

| शहर | अधिकतम | न्यूनतम |
|---|---|---|
| रांची | 29.8 °c | 24.6 °c |
| सूर्यास्त (आज) : | | 18.24 बजे |
| सूर्योदय (कल) : | | 05.07 बजे |



**कार्यक्रम :** इंटरनेशनल मिलेट्स इयर 2023 का आयोजन

# किसानों को सांगठनिक तौर पर बनायें मजबूत: कृषि मंत्री

**अधिकारी अपनी कार्यशैली में करें सुधार, किसानों की समस्या को अपनी समस्या समझें**





आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** किसानों की हर समस्या आपकी समस्या प्रतीत हो और उस समस्या के समाधान के लिए आप संबंधित विभाग से समन्वय बना कर काम करें। अगर आप ऐसा करते हैं, तो किसानों में आपके प्रति भरोसा बढ़ेगा। ये बातें कृषि मंत्री बादल पत्रलेख ने बुधवार को रांची हेसाग स्थित पशुपालन भवन के सभागार में इंटरनेशनल मिलेट्स इयर 2023 के अवसर पर राज्य के सभी जिला कृषि पदाधिकारी और जिला सहकारिता पदाधिकारियों को संबोधित करते हुए कहीं। इस दौरान उन्होंने कहा कि राशि का आवंटन और खर्च कर देना ही हमारा काम नहीं है, बल्कि किसानों की समस्याओं को करीब से देखने की जरूरत है।

बादल ने कहा कि सभी पदाधिकारियों को ऐसे जिलों से सीखने की जरूरत है, जिस जिले में उत्कृष्ट तरीके से योजनाओं का क्रियान्वयन किया गया है। उन्होंने कहा कि हम राज्य के किसानों को अनुदानित दर पर बीज उपलब्ध करा रहे हैं। लेकिन, हम किसानों को आर्थिक रूप से सशक्त बनाने में क्यों पीछे हैं। इसपर काम करने की जरूरत है। उन्होंने कहा कि आंकड़े कहते हैं कि हमारे राज्य के 80 प्रतिशत लोग कृषि पर निर्भर हैं। लेकिन, क्या हम 80 प्रतिशत किसानों को अपनी सभी योजनाओं से आच्छादित कर सके हैं? किसानों को विभिन्न स्तर पर सभी योजनाओं का लाभ अगर नहीं मिलता है, तो पदाधिकारी अपनी कार्यशैली में सुधार करें। कृषि मंत्री ने कहा कि राज्य की जीडीपी में 14 प्रतिशत कृषि की भागीदारी है, जिसे हम 20 प्रतिशत तक ले जाना चाहते हैं। इसमें बिरसा एग्रीकल्चर यूनिवर्सिटी जैसे संस्थान हमारे सहयोगी हैं। लेकिन, हम इस बात का आकलन अभी तक नहीं कर सके हैं कि गैर सिंचित भूमि के लिए हमें क्या काम करने की जरूरत है। बादल ने कहा कि किसानों के कल्याण के उद्देश्य से हमने चैंबर ऑफ फार्मर्स की परिकल्पना की थी जिसमें अध्यक्ष, सचिव और कोषाध्यक्ष पद पर नये लोगों को बैठना था और अधिकारियों को उसमें सदस्य बनाने की बात थी। लेकिन, उसमें अब तक परिकल्पना के आधार पर सकारात्मक परिणाम नहीं मिले हैं। किसानों को प्रखंडस्तर पर व्यवस्थित कर कृषि के क्षेत्र में बड़े बदलाव किये जा सकते हैं, इसलिए सभी पदाधिकारी किसानों को सांगठनिक रूप से मजबूत बनायें। 2019 से अब तक हमारे विभाग ने करीब 4500 करोड़ रुपये किसान कल्याण के लिए दिये हैं, जो अब तक का रिकॉर्ड है। वहीं, 5 लाख किसानों का लोन माफ किया। साथ ही 9.38 लाख किसानों को पिछली सरकार से बकाया बीमा का लाभ भी दिलवाया। मुख्यमंत्री सुखाड़ राहत के तहत 3500 रुपये प्रति एकड़ प्रति किसान दिया गया। इतनी योजनाओं का लाभ मिलने के बाद भी किसान को अगर सरकार के कार्यों की जानकारी नहीं है, तो ये मान लीजिए कि किसान सांगठनिक रूप से आज कमजोर हैं।

# राज्य की जनता बिजली के लिए त्राहिमाम कर रही है : संजय सेठ

**व्यापार उद्योग धंधे प्रभावित हो रहे हैं, किसानों की खेती पर भी असर पड़ रहा : सांसद**



आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** सांसद संजय सेठ ने कहा कि राज्य में जब से यूपीए की सरकार बनी है तब से राज्य में बिजली की स्थिति खराब हो गयी है। भीषण गर्मी में बिजली कटौती से आम लोगों का जीना मुहाल हो गया है। सांसद ने बुधवार को कहा कि राज्य की जनता बिजली के लिए त्राहिमाम कर रही है। पूर्व की रघुवर दास की सरकार में राज्य की जनता को 24 घंटे बिजली उपलब्ध होती थी। चाहे वह शहर हो या गांव, इस भीषण गर्मी में बिजली की कटौती से आम लोगों का जीना दुर्लभ हो गया है। विगत कई दिनों से लगातार बिजली कटौती की जा रही है। रात में घंटों बिजली कटी रहती है। बच्चे, बुजुर्ग, मरीज परेशान हैं। उन्होंने कहा कि जब शहर की यह स्थिति है तो गांव की क्या स्थिति होगी। गांव के लोगों को मात्र आठ से दस घंटे बिजली मिल पा रही है। शहरी इलाकों में भी कमोबेश यही स्थिति है। बिजली नहीं रहने के कारण शहर के कई मोहल्लों में पानी की सप्लाई तक नहीं हो पायी। लोगों को पीने तक का पानी नसीब नहीं हो पाया। बिजली दिनभर में 12 से अधिक बार काटी जा रही है। सेठ ने कहा कि व्यापार उद्योग धंधे प्रभावित हो रहे हैं। किसानों की खेती पर भी असर पड़ रहा है। बिजली विभाग को भी उपभोक्ता की परेशानियों का ध्यान में रखना चाहिए। सांसद ने बिजली आपूर्ति समान रूप से देने की मांग की।

## राशिफल

डॉ एनके बेरा | 9431114351

**मेष** समय अनुकूल है, महत्वपूर्ण काम पूरा होगा, आर्थिक समस्याओं का समाधान मिलेगा।

**वृष** विरोधियों पर विजय, संकल्पित काम पूरे होंगे, भौतिक सुख-सुविधा बढ़ेगी।

**मिथुन** वाक-पटुता एवं चतुराई से बिगड़े हुए काम पूरे होंगे, आर्थिक स्थिति सुदृढ़ होगी।

**कर्क** निराशा का समापन, नये लोगों से संपर्क, महिला मित्र के माध्यम से लाभ।

**सिंह** परिश्रम-प्रयत्न से विपरीत स्थितियों में सुधार, सामयिक-सामाजिक विकास, शत्रुओं पर विजय मिलेगा।

**कन्या** नयी आशाएं उदित होंगी, धनागम के अवसर बढ़ेंगे, अवसरों का फायदा उठावें।

**तुला** कर्मक्षेत्र में परिश्रम-संघर्ष अधिक करना पड़ेगा, आर्थिक परेशानी, तनाव-विवाद से कष्ट।

**वृश्चिक** हर क्षेत्र में सफलता, नवीन व्यापारिक योजना सफल, आर्थिक लाभ होगा।

**धनु** निराशा दूर होगी, विद्या-बुद्धि-प्रतिभा का विकास, वांछित उन्नति का मार्ग प्रशस्त होगा।

**मकर** थोड़े परिश्रम से ही अभीष्ट कार्य सिद्ध होंगे, वाहन सुख, व्यापारिक यात्रा लाभप्रद होगी।

**कुंभ** अव्यवस्थित दिनचर्या, शारीरिक कष्ट, वाहन दुर्घटना भय, खर्च अधिक होगा।

**मीन** घरेलू आवश्यकताओं पर अधिक व्यय करना पड़ेगा, मानसिक चिंता बढ़ेगी।

# मोदी के नेतृत्व में भारत विकसित राष्ट्र बनने में जुटा : कड़िया मुंडा




आजाद सिपाही संवाददाता

**सेवाधाम प्रांगण में सेवा भारती और कल्चरल स्टडीज ने किया सी-20 चौपाल का आयोजन**

**अनगड़ा।** इंटरनेशनल सेंटर आर कल्चरल स्टडीज और सेवा भारती झारखंड के संयुक्त तत्वावधान में बुधवार को जोन्हा के गुड़ीडीह स्थित सेवाधाम प्रांगण में सी-20 चौपाल-सामाजिक समावेशन और सेवा कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता लोकसभा के पूर्व उपाध्यक्ष पद्मविभूषण कड़िया मुंडा ने की। मौके पर उन्होंने कहा कि 2014 में केंद्र में नरेंद्र मोदी की सरकार स्थापित होने के साथ ही भारत विकसित राष्ट्र बनने के प्रयासों में जुट गया। विगत नौ वर्षों में राष्ट्र के विकास में कई आयाम स्थापित हुए हैं। कहा कि समावेशी विकास, समावेशी वित्त और समानता आज की सबसे बड़ी आवश्यकताएं हैं। 2014 से भारत में समावेशी विकास गतिशील हुई है। डीबीटी के माध्यम से लाभुकों तक सीधी राशि पहुंच रही है। नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में बेटी बचाओ, बेटी बढ़ाओ और स्वच्छ भारत अभियान सफलतापूर्वक चला। वोकल फॉर लोकल के तहत भारत में निर्माण कार्यों में तेजी आयी तथा विदेशी निर्भरता कम हुई। कोरोना संकट में भारत ने स्वयं वैक्सीन बनायी और विश्व में पहुंचाया। आज वंदे भारत ट्रेन का निर्माण स्वदेशी रूप में हुआ।

### इच्छाशक्ति से हर काम में सफलता : जैलेंद्र कुमार

जशपुरिया ट्रस्ट के अध्यक्ष जैलेंद्र कुमार ने कहा कि कोई भी संघर्ष मानव के आत्मबल से बड़ा नहीं है, इच्छाशक्ति से हर काम में सफलता पायी जा सकती है। कहा कि सामाजिक और आर्थिक समानता लाना भारत सरकार का प्रमुख लक्ष्य है और वसुधैव कुटुंबकम दुनिया में सभी के लिए समान विकास को आगे बढ़ाने की प्रतिबद्धता का संकेत देता है। उन्होंने कहा कि वसुधैव कुटुम्बकम भारत की जी20 अध्यक्षता के एक शक्तिशाली संदेश का प्रतीक है। इस चौपाल में सामाजिक क्षेत्र में काम कर रहे अग्रणी लोगों और संस्थाओं के साथ सामाजिक समावेशन और सेवा पर सार्थक चर्चा हुई। कार्यक्रम को विकास भारती के सचिव पद्मश्री अशोक भगत, एलआर सैनी, रामकृष्ण मिशन के सचिव स्वामी भवेशानंद, डॉ रंजना, रमेश बेदिया, शिवानी प्रिया, चंद्रमोहन बेदिया, कृषि वैज्ञानिक डॉ अजीत सिंह, निर्मला कौर सहित अन्य ने संबोधित किया। धन्यवाद ज्ञापन सेवा भारती के ट्रस्टी गुरुशरण प्रसाद और विषय प्रवेश रविशंकर ने किया। मौके पर जिप सदस्य राजेंद्र शाही, डॉ रिझू नायक, अजय महतो, उमेश बड़ाइक, जितेंद्र कुमार, राधेश्याम अग्रवाल, देवाशीष, जयश्री, लालचंद बेदिया सहित अन्य उपस्थित थे।

# 19 मई को होनेवाले वाम कन्वेंशन की तैयारी पूरी



आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** राजधानी रांची के पुराने विधानसभा भवन में 19 मई को होने वाले राज्य स्तरीय वाम कन्वेंशन की तैयारी पूरी कर ली गयी है। भाकपा, माकपा, भाकपा (माले), मासस, आरएसपी, फारवर्ड ब्लाक और एसयूसीआइ (सी) सहित वामदलों के इस कन्वेंशन में राज्य के सभी जिलों से 350 से ज्यादा नेता शामिल होंगे। कन्वेंशन पूर्वाह्न 11 बजे से शुरू होकर अपराह्न चार बजे तक चलेगा। बुधवार को कन्वेंशन में प्रस्तुत किये जाने वाले संयुक्त आधार पत्र, राजनीतिक प्रस्ताव और आंदोलनों के भावी कार्यक्रम पर चर्चा कर उसे अंतिम स्वरूप दिये जाने के लिए वामदलों की एक संयुक्त बैठक भाकपा कार्यालय में राजेंद्र यादव की अध्यक्षता में की गयी। बैठक के बाद माकपा के राज्य सचिव प्रकाश विप्लव, भाकपा के महेंद्र पाठक, भाकपा माले के जनार्दन प्रसाद ने संयुक्त प्रेस वार्ता में कहा कि भाजपा एक ओर देश की राष्ट्रीय संपदा लूट रही है। दूसरी तरफ भारत का संविधान, देश के फेडरल ढांचे एवं जनतंत्र सहित आम नागरिकों के मौलिक अधिकारों को कमजोर किया जा रहा है। साथ ही सुनियोजित तरीके से सांप्रदायिक ध्रुवीकरण की राजनीति को आगे बढ़ाने के लिए आम नागरिकों के बीच नफरत और घृणा का माहौल फैलाया जा रहा है। बैठक में अजय सिंह, प्रमोद कुमार पांडे, बीएन ओहद्दार, शुभेंदु सेन, भुनेश्वर केवट, वीरेंद्र कुमार, सुशांत मुखर्जी सहित अन्य मौजूद थे।

# चलती कार में लगी आग, कार सवारों ने भागकर बचायी जान

**नामकुम।** राजधानी रांची के नामकुम में एक चलती कार में अचानक आग लग गयी। जिससे कार पूरी तरह से जलकर खाक हो गयी। वहीं आग लगने पर कार सवार सभी लोग आनन-फानन में कार से निकल कर अपनी जान बचाने में सफल रहे। दरअसल, यह हादसा टाटा रोड जामजुआ कस्तूरबा गांधी विद्यालय के समीप हुआ। जहां रात बीती (मंगलवार, 16 मई) करीब 9:30 बजे एक्सयूवी 500 कार नंबर जेएचएचडीडी7000 में आग लग गयी। कार चालक के मुताबिक, वे रांची के नामकुम से बुंडू के लिए निकले थे। इस बीच कार के बोनेट से धुंआ निकलने लगो। इसके कुछ ही देर में गाड़ी के इंजन में आग लगी जो पूरी कार को अपनी चपेट में ले लिया। कार चालक ने बताया कि आग इतनी तेज थी कि पलभर में कार जलकर खाक हो गयी। घटना के बाद उन्होंने अग्निशमक की टीम को इसकी जानकारी दी। जिसके बाद मौके पर पहुंची अग्निशमक की टीम ने कार पर लगी आग पर काबू पाया।

# हाइकोर्ट ने राज्य सरकार से पूछा, रांची हिंसा मामले में कुछ केस सीआइडी को क्यों सौंपा

**रांची में 10 जून को हुई हिंसा मामले में सरकार को स्टेटस रिपोर्ट प्रस्तुत करने का निर्देश**

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** झारखंड हाइकोर्ट में रांची में 10 जून को हुई हिंसा के मामले में दायर याचिका पर बुधवार को सुनवाई हुई। इसमें कोर्ट ने सरकार से पूछा है कि इसमें कुछ मामले को सीआइडी को क्यों सौंप दिया गया। कोर्ट ने हिंसा मामले पर राज्य सरकार को स्टेटस रिपोर्ट प्रस्तुत करने का निर्देश दिया है। साथ ही याचिकाकर्ता को भी कहा है कि वह अगर राज्य सरकार के जवाब पर प्रति उत्तर देना चाहते हैं तो भी दे सकते हैं। कोर्ट ने मामले की अगली सुनवाई 21 जून निर्धारित की है।

इससे पहले सुनवाई के दौरान राज्य के गृह सचिव, डीजीपी, रांची एसएसपी, डीजी सीआइडी कोर्ट में उपस्थित हुए। अधिकारियों ने कोर्ट को बताया कि मामले में जांच जारी है, जिस पर कोर्ट ने इन सभी अधिकारियों की अगली सुनवाई में उपस्थिति से छूट प्रदान की है। याचिकाकर्ता की ओर से अधिवक्ता राजीव कुमार ने पैरवी की। रांची हिंसा मामले में दायर पंकज यादव की जनहित याचिका में हैदराबाद के सांसद असदुद्दीन ओवैसी, सोशल डेमोक्रेटिक पार्टी ऑफ इंडिया के महासचिव यास्मीन फारूकी समेत रांची उपायुक्त, एसएसपी, मुख्य सचिव, एनआइए, इडी को भी प्रतिवादी बनाया गया है। अदालत से मामले की एनआइए जांच करा कर झारखंड संपत्ति विनाश और क्षति निवारण विधेयक 2016 के अनुसार आरोपियों के घर को तोड़ने का आदेश देने का आग्रह किया गया है।

## झारखंड में 20 जून तक आ सकता है मानसून

**रांची।** झारखंड का तापमान अभी और चढ़ेगा। यहां कुछ जिलों में तापमान 44 डिग्री तक पहुंच गया है। हालांकि, मौसम विज्ञान केंद्र ने बारिश की संभावना व्यक्त की है। मौसम वैज्ञानिक अभिषेक आनंद ने बुधवार को बताया कि 20 मई तक राज्य के कुछ हिस्सों में बारिश होने की संभावना है। झारखंड में मॉनसून आने के संबंध में बताया कि सामान्य समय जून के दूसरे सप्ताह 14-15 जून के आसपास आने का समय है। इस वर्ष केरल में बंगाल की खाड़ी से मॉनसून 4 जून के आसपास आ सकता है। इसका असर झारखंड पर भी पड़ेगा। मॉनसून के सामान्य रुख में कोई बदलाव नहीं हुआ, तो झारखंड में 20 जून के आसपास मॉनसून आ सकता है।

# स्वास्थ्य मंत्री नियम का उल्लंघन कर सीएम के अधिकार को चुनौती दे रहे हैं : सरयू राय



आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** जमशेदपुर पूर्वी से निर्दलीय विधायक सरयू राय ने मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को ट्वीट कर कहा है कि आपके स्वास्थ्य मंत्री दुबई दौरा से वापस आयें, तो पूछिए कि उनके विभाग की स्थापना समिति ने एक महिला चिकित्सक के पदस्थापन की जो संचिका आपके पास अनुमोदन के लिए भेजी है, उसे वह ढाई माह से दबा कर क्यों बैठे हैं? नियम का उल्लंघन कर क्या वह सीएम के अधिकार को चुनौती दे रहे हैं? बता दें कि जमशेदपुर की डॉक्टर रीना सिंह के पदस्थापन संबंधी फाइल पर स्वास्थ्य विभाग की स्थापना समिति की बैठक में डॉक्टर के पदस्थापन के लिए मंजूरी मिल चुकी है। मुख्यमंत्री की स्वीकृति के लिए फाइल भेजी जानी है, लेकिन मंत्री फाइल आगे नहीं बढ़ा रहे हैं।

**दक्षिण पूर्व रेलवे - निविदा**

**ई-निविदा सूचना सं.: जीएसयूआरएनसी-ईएनजीजी-02-2023 दिनांक: 16.05.2023।** भारत के राष्ट्रपति के लिए तथा उनकी ओर से मंडल रेल प्रबंधक (इंजो.), दक्षिण पूर्व रेलवे, रांची - 834003 द्वारा निम्नलिखित कार्य के लिए ई-निविदा आमंत्रित की जाती है: **कार्य का नाम :** बरलंगा (बीएलएनजी) में 2 अदद ओवर रन लाइन (बीआरकेए छोर पर लाइन सं. 1 और मुरी छोर पर लाइन सं. 3) का रीलिज किए गए रेल/स्लीपर की मदद से निर्माण। **निविदा मूल्य :** ₹ 63,60,996.77। **निविदा बंद होने की तारीख एवं समय :** 05.06.2023 को अपराह्न 03.00 बजे। निविदाकार ऑनलाइन निविदा के लिए वेबसाइट **www.ireps.gov.in** देख सकते हैं। ई-निविदा सूचना मंडल रेल प्रबंधक (इंजी), दक्षिण पूर्व रेलवे, डीआरएम बिल्डिंग, रांची-834003 के कार्यालय के सूचना पट्ट पर उपलब्ध है। **(PR-172)**

# जेल अधीक्षक ने करायी थी छवि रंजन और प्रेम प्रकाश की मुलाकात

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** बिरसा मुंडा केंद्रीय कारा के जेल अधीक्षक हामिद अख्तर ने लिखित रूप से बताया है कि जेल में छवि रंजन और प्रेम प्रकाश के बीच मुलाकात कानून के अंतर्गत करायी गयी थी। छवि रंजन ने मुलाकात की इच्छा जतायी थी, जिसकी व्यवस्था की गयी। यहां उल्लेखनीय है किइडी की पूछताछ में रांची के पूर्व उपायुक्त छवि रंजन ने प्रेम प्रकाश से अपने रिश्ते से इनकार किया था। जेल जाते ही उन्हें प्रेम प्रकाश से मिलने की इच्छा हुई और जेल में इन दोनों की मुलाकात करायी गयी। खबर जब जेल से बाहर आ गयी, तो हो हंगामा मचा। जेल अधीक्षक ने इडी को चिट्ठी लिख कर बताया है कि इन दोनों की मुलाकात कानूनी तौर पर सही थी और नियम के तहत यह मुलाकात करायी गयी थी।

### सीसीटीवी फुटेज से खुला राज

बता दें कि जेल में छापेमारी के दौरान प्रेम प्रकाश और छवि रंजन की मुलाकात का सीसीटीवी फुटेज जांच अधिकारियों के हाथ लगा। जब इन दोनों की मुलाकात की खबर बाहर आयी, तो अब जेल अधीक्षक ने इडी के अधिकारियों को यह बात लिख कर दी है कि इसमें नियम के खिलाफ कुछ भी नहीं है। साथ ही यह भी दावा किया है कि इस मुलाकात में कोई गड़बड़ी नहीं हुई है। सब कुछ नियम के अनुरूप हुआ, लेकिन, इडी को जेल की ओर से दोनों आरोपियों की मुलाकात से संबंधित कोई वैध दस्तावेज नहीं दिया गया।



### प्रेम प्रकाश से मिलना चाहते थे छवि रंजन

15 मई को दोपहर करीब तीन बजे से बिरसा मुंडा सेंट्रल जेल में शुरू हुई इडी की छापेमारी रात के करीब दो बजे खत्म हुई। इडी ने जेल में बंद कई बड़े अधिकारियों के सेल की भी तलाशी ली, सीसीटीवी फुटेज चेक किया। इसी दौरान छवि रंजन और प्रेम प्रकाश के वार्ड का सीसीटीवी फुटेज मिला, जिसमें दोनों की मुलाकात का पता चला। मुलाकात पर सवाल उठाये जाने पर जेल अधीक्षक ने यह लिख कर दिया कि छवि रंजन ने जेल में आने के बाद प्रेम प्रकाश से मिलने की इच्छा जतायी थी। प्रेम प्रकाश से भी इस पर सहमति मांगी गयी, जिसके बाद इन दोनों की मुलाकात करायी गयी। जेल अधीक्षक ने चिट्ठी में यह भी बताया है कि कैदियों के सामान्य वार्ड शाम छह बजे तक और अपर डिविजन कैदियों का वार्ड रात के आठ बजे तक खुला रहता है। जेल अधीक्षक की अनुमति से कैदी एक-दूसरे से मिल सकते हैं। इस मुलाकात में जेल अधीक्षक की सहमति थी। उनके आदेश के बाद ही मुलाकात करायी गयी।

# जेपीएससी 'हो' विषय का रिजल्ट 31 जुलाई से पहले जारी करे : हाइकोर्ट

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** झारखंड हाइकोर्ट ने जेपीएससी को यह निर्देश दिया है कि वह हो विषय का रिजल्ट 31 जुलाई के पहले जारी करे। स्थानीय विषय हो के लिए असिस्टेंट प्रोफेसर नियुक्ति में साक्षात्कार लिये जाने के एक साल बाद भी जेपीएससी द्वारा रिजल्ट जारी नहीं किये जाने को लेकर सरस्वती गगराई और अन्य ने रिट याचिका दायर की है। बुधवार को हाइकोर्ट के जस्टिस डॉ एसएन पाठक की कोर्ट में सुनवाई हुई। कोर्ट ने मामले में जेपीएससी को 31 जुलाई से पहले रिजल्ट जारी करने का निर्देश दिया। फिर मामले को निष्पादित कर दिया। याचिकाकर्ता की ओर से अधिवक्ता शुभाशीष रसिक सोरेन ने पैरवी की। दरअसल, हो विषय के लिए असिस्टेंट प्रोफेसर नियुक्ति प्रक्रिया वर्ष 2018 में शुरू हुई थी। कुछ कारणों से वर्ष 2019 में इस प्रक्रिया में रुकावट आयी थी। बाद में वर्ष 2022 में फिर से प्रक्रिया शुरू हुई थी। इसमें 28 मार्च, 2022 को करीब 20 अभ्यर्थियों का साक्षात्कार लिया गया था, लेकिन रिजल्ट जारी नहीं होने से याचिकाकर्ता ने हाइकोर्ट में याचिका दाखिल की थी।

आजाद सिपाही | झारखंड में सबसे ज्यादा देखा जाने वाला चैनल
188100 Subscribers
VIEWERSHIP 3 Crore 80 lakh+
Watch Time (HR) 11 Lakh+
YouTube Channel
Subscribe NOW
No 1 Channel

आजाद सिपाही
रांची, गुरुवार, 18 मई, 2023
www.azadsipahi.in


# बाबूलाल मरांडी ने सीएम को दी नसीहत

आजाद सिपाही संवाददाता



**रांची।** भाजपा विधायक दल के नेता और पूर्व मुख्यमंत्री बाबूलाल मरांडी ने मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को ट्वीट कर नसीहत दी है। ट्वीट कर लिखा है कि सुनने में आया है कि मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन जी दिल्ली झारखंड भवन निर्माण कार्य में खराब गुणवत्ता को लेकर काफी नाराज हैं। मेरा सुझाव है कि इस गुणवत्ता की जांच इंजीनियर वीरेंद्र राम से करायी जाये। मैं ऐसा इसलिए कह रहा हूं, क्योंकि आज से लगभग डेढ़ साल पहले कांची नदी में पुल धंस गया था, तो आपकी सरकार ने इसकी जांच का दायित्व वीरेंद्र राम जैसे महाभ्रष्ट अधिकारी को सौंपी थी और आज तक किसी पर कार्रवाई नहीं हुई। मुख्यमंत्री जी, पहले तो आपके गुर्गे अपने मनचाहे लोगों से पैसे लेकर उसकी पोस्टिंग करवाते हैं, उससे मनचाहे लोगों को ठेका दिलवाते हैं, फिर उस ठेके पर मोटी कमीशन लेते हैं और फिर आपके भ्रष्ट अधिकारी ही उसकी गुणवत्ता की जांच करते हैं। जनता सब समझती है।

# राज्य में भ्रष्ट अधिकारियों की कोई कमी नहीं: विजय शंकर

आजाद सिपाही संवाददाता



**रांची।** बुधवार को झारखंडी सूचना अधिकार मंच के केंद्रीय अध्यक्ष, पूर्व विधायक प्रत्याशी सह आदिवासी मूलवासी जन अधिकार मंच के केंद्रीय उपाध्यक्ष विजय शंकर नायक ने कहा कि गृह मंत्रालय के आदेशों के बावजूद झारखंड में कई आइएएस और आइपीएस अधिकारियों ने इमूवेबल प्रॉपर्टी रिटर्न (आइपीआर) के तहत अपने निजी चल-अचल संपत्ति का विवरण नहीं दिया है। इन अधिकारियों की इडी को जांच करनी चाहिए। कहा कि इन अधिकारियों की सूची गृह मंत्रालय से मंगा कर इडी उन अधिकारियों की संपत्ति की जांच करे, ताकि उनकी अवैध संपत्ति को सीज़ किया जा सके। नायक ने आगे कहा कि झारखंड गठन के बाद से ही झारखंड के आइएएस और आइपीएस पदाधिकारियों ने झारखंड के धन और संपदाओं को दोनों हाथ से लूटना शुरू किया। आज स्थिति इतनी भयावह है, उक्त अधिकारियों के संपत्तियों की जांच अगर इडी करे तो राज्य के 80 प्रतिशत पदाधिकारी आय से अधिक संपत्ति के मामले में होटवार जेल में होंगे। छवि रंजन और पूजा सिंघल जैसे भ्रष्ट अधिकारियों की राज्य में कोई कमी नहीं है।

# वैश्य मोर्चा का प्रमंडलीय सम्मेलन 28 मई को


आजाद सिपाही संवाददाता



**रांची।** बुधवार को झारखंड प्रदेश वैश्य मोर्चा की कोर कमिटि की बैठक में लिये गये निर्णय के अनुसार 28 मई को रांची में झारखंड प्रदेश वैश्य मोर्चा का प्रमंडलीय कार्यकर्ता सम्मेलन आयोजित किया जायेगा। यह सम्मेलन ओबीसी को 27 प्रतिशत आरक्षण, वैश्य आयोग का गठन, छोटे व्यापारियों, दुकानदारों की 10 लाख रुपये तक की ऋण माफी, सरकारी अधिकारियों, भू-माफियाओं की मिलीभगत से जमीन की लूट, 6 जुलाई को नयी दिल्ली के जंतर-मंतर पर होने वाले महाधरना की तैयारी को लेकर आहूत किया गया है। इस सम्मेलन में कार्यकर्ताओं की भागीदारी, व्यवस्था और प्रखंडों में बैठक कर प्रचार-प्रसार के लिए निम्नलिखित लोगों को प्रभारी नियुक्त किया गया है, जिसमें हीरानाथ साहू कार्यकारी अध्यक्ष, अश्विनी कुमार साहू वरीय उपाध्यक्ष, परशुराम प्रसाद केंद्रीय उपाध्यक्ष, अधिवक्ता, इंदुभूषण गुप्ता उप-प्रधान महासचिव, कपिल प्रसाद साहू केंद्रीय महासचिव, हरिनाथ साहू केंद्रीय महासचिव, गुड्डू साहा केंद्रीय सचिव, रोहित कुमार साहू जिलाध्यक्ष, रांची रेणू देवी अध्यक्ष, महिला मोर्चा और हलधर साहू अध्यक्ष, युवा मोर्चा शामिल हैं। इसके अलावा द. छोटानागपुर प्रमंडल के सभी जिलों में निवास करने वाले केंद्रीय पदाधिकारियों, जिला अध्यक्ष, संयोजक और प्रकोष्ठ संगठन पदाधिकारी इस सम्मेलन को सफल बनाने सहयोग करेंगे।

## सीआइपी का 106वां स्थापना दिवस मनाया गया

# सीआइपी में 500 बेड का अत्याधुनिक मेंटल हॉस्पिटल एंड रिसर्च सेंटर बनेगा




आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** रांची के केंद्रीय मनोचिकित्सा संस्थान सीआइपी में जल्द ही 500 बेड का अत्याधुनिक मेंटल हॉस्पिटल बनाया जायेगा। सीआइपी के 106वें स्थापना दिवस पर निदेशक ने इसकी जानकारी दी। सीआइपी में 5 राज्यों के मरीज ईलाज के लिए आते हैं। पुराना संस्थान होने के कारण व्यवस्था में परेशानी हो रही थी। केंद्रीय मनोचिकित्सा संस्थान सीआइपी, अब जल्द ही विमहंस बेंगलुरु की बराबरी करने लगेगा। 106 वां

> 111 एकड़ के कैंपस में अब अत्याधुनिक 500 बेड का मेंटल हॉस्पिटल और रिसर्च सेंटर बनाया जायेगा

स्थापना दिवस समारोह में ये ऐलान हुआ है कि, 111 एकड़ के कैंपस में अब अत्याधुनिक 500 बेड का मेंटल हॉस्पिटल और रिसर्च सेंटर बनाया जायेगा। जिसकी प्रक्रिया चंद हफ्तों में शुरू हो कर दी जायेगी, संस्थान में फिलहाल मरीजों की भर्ती करने की व्यवस्था है जो पुरानी पड़ चुकी है। ओपीडी भी बहुत छोटा है जिसमें लंबी-लंबी कतारें लगती हैं।

### 106 साल का हुआ सीआइपी

सीआइपी की स्थापना 17 मई 1918 को तत्कालीन अंग्रेज सरकार के समय हुआ था। इस संस्थान का नाम तब यूरोपियन मेंटल एसाइलम था। 1920 में इस संस्थान को हॉस्पिटल का दर्जा मिला और आजादी के बाद इस संस्थान में भारत के भी मरीजों के इलाज की परंपरा शुरू हुई। पहले यहां सिर्फ अंग्रेजों को ही इलाज कराने की इजाजत थी, आज भी अपने रिसर्च और इलाज के लिए यह संस्थान पांच राज्यों में जाना जाता है। सीआईपी को अगर जल्द ही नये भवन के साथ नयी व्यवस्था मिल जाये तो यकीन के साथ कहा जा सकता है कि सीआइपी जल्द ही निमहंस बेंगलुरु को भी पीछे छोड़ देगा, क्योंकि 500 बेड का अत्याधुनिक मेंटल हॉस्पिटल पूर्वोत्तर भारत में कहीं नहीं है।

# सैमफोर्ड हॉस्पिटल में विश्व नर्सिंग दिवस मना

आजाद सिपाही संवाददाता



**रांची।** बुधवार को कोकर चौक स्थित सैमफोर्ड हॉस्पिटल में नर्सिंग डे मनाया गया। हॉस्पिटल के ऑडिटोरियम में सभी विभागों से नर्सेज और ब्रदर्स का प्रतिनिधित्व, सभी विभागाध्यक्ष, डॉक्टर्स और अन्य सहयोगीगण उपस्थित थे। डीएमएस डॉ शिरीन ने फ्लोरेंस नाइटेंगल की सेवा भावना के बारे में बताया और नाइटेंगल सेवा मशाल सभी नर्सेस को सौंपा। सीओओ डॉ. वीके सिंह ने करते हुए बताया कि सैमफोर्ड हॉस्पिटल की नर्सेस हर चुनौती का सामना करने में सक्षम हैं।

इस अवसर पर क्रिटिकल केयर हेड डॉ डीएसएन राव, न्यूरो साइंसेज विभाग के प्रमुख डॉ अरुण, हृदय रोग विशेषज्ञ डॉ आशुतोष, जीएम ऑपरेशन दिवाकर मेहता, जीएम कॉरपोरेट कमलेश कुमार, जीएम एचआर जयंत कुमार, जीएम ब्रांड भारती ओझा ने सभी नर्सिंग स्टाफ और सहयोगियों का संबोधन द्वारा मनोबल बढ़ाया। मौके पर हॉस्पिटल की नर्सिंग स्टाफ द्वारा बहुत सुंदर सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दी गयीं जिसमें फ्लोरेंस नाइटेंगल के संघर्ष का नाट्य रूपांतरण, गीत, बालिका से स्त्री बनने तक के सफर पर नृत्य, झारखंड का सांस्कृतिक झूमर नृत्य, फैशन शो की प्रभावशाली प्रस्तुतियों ने सभी को खूब झुमाया। आयोजन को सफल बनाने में विशेष रूप से सिस्टर अनिता, सिस्टर सायना, सिस्टर ऐंसी, सिस्टर महिमा, सिस्टर अर्पणा, ब्रदर जोबी, ब्रदर नोबी, ब्रदर अखिल, ब्रदर अजय, ब्रदर अनीश मुर्मू, ब्रदर अनमोल का सहयोग रहा, सीइओ डॉ. धनंजय ओझा ने नर्सिंग डे की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि सैमफोर्ड हॉस्पिटल के नर्सिंग स्टॉफ की पहचान समर्पित, जूझारू और कार्यकुशल टीम के रूप में पूरे झारखंड में स्थापित हो चुकी है।

# झारखंड कला जतरा का आयोजन 19 मई से

आजाद सिपाही संवाददाता




**रांची।** संस्कृति कार्य निदेशालय पर्यटन कला संस्कृति खेलकूद एवं युवा कार्य विभाग झारखंड सरकार एवं कलाकृति आर्ट फाउंडेशन के द्वारा 15 दिनों तक चलने वाले झारखंड कला जतरा - फेस्टिवल ऑफ क्रिएटिविटी का आयोजन 19 मई से कलाकृति स्कूल ऑफ आर्ट्स डोरंडा के प्रांगण में किया जायेगा। इस आयोजन में विभिन्न विभिन्न कार्यशालाओं का आयोजन किया जायेगा। बुधवार को कार्यशाला के पोस्टर विमोचन के अवसर पर इस कार्यशाला के संयोजक कलाकृति स्कूल ऑफ आर्ट्स के धनंजय कुमार ने बताया कि झारखंड कला जतरा पहली बार आयोजित की जा रही है। इसमें ढोकरा आर्ट, क्ले मॉडलिंग एंड कास्टिंग, मूर्तिकला, झारखंड की लोक चित्रकला सोहराय, राज्य स्तरीय चित्रकला शिविर चित्रकला एवं कला जतरा मेला का आयोजन किया जायेगा। यह कार्यशाला पूर्णता निशुल्क होगी जिसमें राज्य के 10 से 25 वर्ष तक प्रतिभावान बच्चे और युवा कलाकार हिस्सा ले सकते हैं। इस प्रशिक्षण शिविर में अलग-अलग कला के कला गुरु कला शिक्षा प्रदान करेंगे। यह कार्यक्रम संस्कृति कार्य निदेशालय पर्यटन कला संस्कृति खेलकूद एवं युवा कार्य विभाग झारखंड सरकार के सहयोग से आयोजित की जा रही है। कार्यशाला में हिस्सा लेने वाले 7091091066 पर व्हाट्स्प्प कर सकते हैं। चयन के उपरांत उन्हें कार्यशाला के लिए आमंत्रित किया जायेगा।

# डॉ अशोक कुमार नाग को गौतम बुद्धा सम्मान




आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** बुधवार को डॉ अशोक कुमार नाग को वनस्पति शास्त्र के क्षेत्र में उनके द्वारा किये गये शोध कार्यों के लिए गौतम बुद्धा सम्मान से सम्मानित किया गया।

इस दौरान डॉ नाग को सम्मान स्वरूप एक प्रशस्ति पत्र, मोमेंटो तथा शॉल देकर सम्मानित किया गया। उल्लेखनीय है कि डॉ नाग ने नेतरहाट विद्यालय से शिक्षा ग्रहण की और दिल्ली विश्वविद्यालय में भी अध्यापन का कार्य किया और विगत 23 वर्षों से वह शिक्षण कार्य और शोध से जुड़े हैं। वह वर्तमान में डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी विश्वविद्यालय में वनस्पति शास्त्र विभाग में कार्यरत हैं। डॉ नाग को यह सम्मान बोधगया स्थित शाक्य मुनि कॉलेज, बोधगया तथा अंतरराष्ट्रीय सेंटर फॉर साइंटिफिक रिसर्च एंड डेवलपमेंट, बेंगालुरू, कर्नाटक के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित राष्ट्रीय सेमिनार में प्रदान किया गया।

इस अवसर पर डॉ नाग ने अपना शोध प्रस्तुत किया और आयोजकों को उत्कृष्ट आयोजन के लिए बधाई दी। उल्लेखनीय है कि देश के 400 से अधिक शोधार्थीयों ने इस राष्ट्रीय सेमिनार में भाग लिया। डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी विश्वविद्यालय के कुलपति प्रोफेसर तपन कुमार शांडिल्य और कुलसचिव डॉ नमिता सिंह ने डॉ नाग की उपलब्धि की सराहना की और डॉ नाग को बधाई दी।

# डॉ पार्थ पॉलीक्लिनिक और डायग्नोस्टिक सेंटर खुला



आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** बुधवार को डॉ पार्थ पॉलीक्लिनिक और डायग्नोस्टिक सेंटर का उद्घाटन शहर के जाने माने ज्योतिष आचार्य आर के तिवारी के हाथों हुआ। रांची के प्रतिष्ठित दांत चिकित्सक डॉ पार्थ परितोष ने अपने नये दंत क्लिनिक का शुभारंभ किया। गौरतलब है कि डॉ पार्थ रांची के दंत चिकित्सा क्षेत्र में एक जाना पहचाना नाम हैं। दिल्ली से पढ़ाई करने के बाद राज्य के सबसे बड़े अस्पताल रिम्स से अपने करियर की शुरूआत करते हुए डॉ पार्थ ने दंत चिकित्सा में एक खास मुकाम हासिल किया। कोविड-19 के समय रांची के सदर अस्पताल में डॉ पार्थ ने विशेष योगदान दिया था। मरीजों से उनका सरल व्यवहार और बीमारी की परख उनकी चिकित्सा विधि को विशिष्ट बनाता है। डॉ पार्थ का पॉलीक्लिनिक और डायग्नोस्टिक सेंटर में अत्याधुनिक मशीनों के साथ मरीजों का इलाज किया जाता है, जैसे दांत और मसूढ़ों की सफाई, दांत निकालना, दांत के नस का इलाज, दांत में मसाला भरना तथा फिक्स दांत और आर्टिफीसियल जबड़ा जैसी सुविधा उपलब्ध है। यहां पर दांतों के साथ-साथ बाल और स्किन की समस्या का भी समाधान उपलब्ध है। वहीं सैनिकों के लिए मुफ़्त कन्सल्टेंसी की सुविधा उपलब्ध है। सबसे खास बात यह है कि डॉ पार्थ का पॉलीक्लिनिक और डायग्नोस्टिक सेंटर में हाइड्राफेशियल ( चेहरे का झुर्रियों का इलाज), फेस पीआरपी तथा हेयर पीआरपी का इलाज अत्याधुनिक मशीनों से किया जाता है, जो रांची शहर में और कहीं भी उपलब्ध नहीं है।

# टेंडर हार्ट में 5 दिवसीय समर कैंप का आगाज



आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** टेंडर हार्ट में 5 दिवसीय समर कैंप का जोरदार आगाज 17 से 21 मई तक चलने वाले इस समर कैंप में 15 विभिन्न विद्यालयों से लगभग 350 बच्चे भाग ले रहे हैं। कैंप के पहले दिन की शुरुआत जुंबा और योगा से हुई और उसके बाद सभी ने विभीन्न एडवेंचर स्पोर्ट्स, डांस, गाना और कुकिंग विदआउट फायर सीखा। कैंप के दौरान बच्चों को एक जिम्मेदार नागरिक बनाने के लिए तथा उनमें सामाजिक जिम्मेवारियों का ज्ञान विकसित करने के लिए कम्युनिटी विजिट भी करवाया गया। इस दौरान बच्चों ने 150 महिलाओं के बीच छाता का वितरण किया। इस दौरान सभी बच्चे काफी भावुक नजर आये। दिन के अंत में सभी बच्चों ने साथ खाना खाया और सभी ने दिन भर खूब मस्ती की।

# झारखंड माध्यमिक शिक्षक संघ की राज्य स्तरीय बैठक



आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** झारखंड माध्यमिक शिक्षक संघ की राज्य स्तरीय बैठक बुधवार को विधानसभा में योजना से गैर योजना मद में स्थानांतरण करने को लेकर की गयी। बैठक में राज्य के विभिन्न जिलों के प्रतिनिधि शामिल हुए। जिसमें जिलों से आये जिला अध्यक्ष/सचिव ने संबोधित किया। इसके उपरांत संघ के प्रतिनिधि महासचिव गंगा प्रसाद यादव के नेतृत्व में वित्त विभाग के सचिव, प्रशाखा पदाधिकारी, निदेशक माध्यमिक, शिक्षा सचिव से मुलाकात की। प्रतिनिधियों ने योजना मद के विद्यालयों को गैर योजना में करने की बात की। अधिकारियों ने कहा कि अब 338 उत्क्रमित विद्यालय के स्थान पर 2016 तक उत्क्रमित किये गये माध्यमिक विद्यालयों को गैर योजना में करने के लिए फाइल झारखंड माध्यमिक शिक्षक संघ के अथक प्रयास से वित्त विभाग से निदेशक माध्यमिक शिक्षा के पास आज भेज दिया गया तथा बहुत जल्द योजना अंतर्गत विद्यालयों को गैर योजना में परिवर्तित कर दिया जायेगा। इससे शिक्षकों को प्रत्येक बार आवंटन हेतू कैबिनेट की अनुमति लेने की आवश्यकता नहीं होगी। इस अवसर पर प्रतिनिधियों ने हर्ष व्यक्त किया। बैठक में मुख्य रूप से झारखंड माध्यमिक शिक्षक संघ के महासचिव गंगा प्रसाद यादव, राजेंद्र प्रसाद, जय होरो, धनंजय कुमार, निवास रजक, राजेश कुमार, दिनेश कुमार दास, कृष्ण कुमार, मंतोष कुमार, सौरव कुमार दास, कौशलेंद्र तिवारी, संजीव तिवारी, कुमार त्रिशूलपाणी जगर्ननाथ महतो, लोकेश झा, भोला मंडल, हिमांशु शेखर एवं विभिन्न जिलों से आये शिक्षक संघ के पदाधिकारी उपस्थित थे।

> जल्द विद्यालयों को गैर योजना में परिवर्तित कर दिया जायेगा

## एसपी ने पुलिस पदाधिकारियों के साथ मासिक अपराध समीक्षा बैठक की

# अमन आठ कांडों का अभियुक्त, रिमांड पर लेगी पुलिस : पीयूष पांडेय

**मुख्यालय का निर्देश, चार सालों से पेंडिग केस का करे डिस्पोजल**

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रामगढ़।** एसपी पियूष पांडेय ने बुधवार को छत्तरमांडू स्थित एसपी कार्यालय में पुलिस पदाधिकारियों के साथ मासिक अपराध समीक्षा बैठक किया। मौके पर पांडेय ने उपस्थित पुलिस पदाधिकारियों से ओपी और थानावार वर्तमान परिस्थितियों से अवगत हुए। उन्होंने पुलिस पदाधिकारियों को हर समय अपने ड्यूटी के प्रति मुस्तैद रहने का निर्देश दिया।



**जिला में कुल 8 मामलों में अभियुक्त है अमन श्रीवास्तव, रिमांड करेगी पुलिस :** इस दौरान एसपी पियूष पांडेय ने पुलिस पदाधिकारियों के साथ ऑगेनाइज क्राइम पर विशेष चर्चा कर कार्यवाई करने का निर्देश दिया। उन्होंने पुलिस पदाधिकारियों को आपराधिक गतिविधि पर ध्यान देते हुए कड़ी कार्रवाई करने का निर्देश दिया है। उन्होंने बताया कि जिला में कुल 8 मामला में अमन श्रीवास्तव अभियुक्त है। पुलिस सभी मामले में उसे रिमांड करेगी।

**फाइनेंशियल्स स्पोर्ट पर एक्टिव रहे पुलिस, संदिग्धों पर करें कार्रवाई :** एसपी ने पुलिस पदाधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश देते हुए कहा है कि फाइनेंशियल स्पॉट को चिन्हित करें। उन जगहों पर हर समय एक्टिव रहें। उन्होंने कहा कि खासकर बैंक, एटीएम, एलआईसी, सहारा इंडिया, सहित अन्य फाइनेंसियल स्पॉट पर विशेष कर फोकस करें। इन जगहों पर संदिग्धों पर नजर रखें। जो भी व्यक्ति संदिग्ध लगे उसपर तुरंत कार्यवाई करे। ताकि आर्थिक अपराध पर विराम लग सके।

**चार साल से पेंडिग केश का करे डिस्पोजल :** एसपी पीयूष पांडेय ने बताया कि मुख्यालय के आदेशानुसार जिले में 4 वर्षों से अधिक समय से पेंडिंग पड़े केश का डिस्पोजल करना है।

इसके तहत पुलिस पदाधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिया गया है। उन्होंने कहा कि किसी भी परिस्थिति में केश पेंडिंग ना हो। इसके लिए पुलिस पदाधिकारी पूरी मेहनत के साथ काम करें। ताकि केस का लोड कम हो।

**कुर्की, वारंट और फरार अभियुक्तो को करे गिरफ्तार, न्यायालय के आदेशों का करे पालन :** अपराध समीक्षा बैठक में एसपी पियूष पांडेय ने ओपी व थाना प्रभारी से कहा है कि किसी भी थाना व ओपी में केस डिस्पोजल में कोई कोताही ना हो। कुर्की वारंट का डिस्पोजल करें। साथ ही लंबे समय से फरार अभियुक्तों को गिरफ्तार करें। इसके अलावा उन्होंने कहा कि न्यायालय के आदेशों का पालन करें। समय पर केस डायरी भेजने का निर्देश दिया है।

**कौन कौन थे मौजूद**

बैठक में मुख्यालय डीएसपी संजीव कुमार मिश्रा, रामगढ़ एसडीपीओ किशोर कुमार रजक, पतरातू एसडीपीओ वीरेंद्र कुमार चौधरी, रामगढ़ थाना प्रभारी रोहित कुमार महतो, पतरातू इंस्पेक्टर सुशील कुमार, रजरप्पा थाना प्रभारी हरिनंदन सिंह, गोला थाना प्रभारी सिद्धान्त, बरलंगा थाना प्रभारी अनंत सिंह, बरकाकाना ओपी प्रभारी शशि प्रकाश, कुजू ओपी से दारोगा सैनिक समद, वेस्ट बोकारो ओपी प्रभारी बलवंत दुबे, भदानीनगर ओपी प्रभारी राजदीप, पतरातू थाना प्रभारी रघुनाथ सिंह, भुरकुंडा ओपी प्रभारी अमित कुमार, बासल थाना प्रभारी अमर शुक्ला, मांडू थाना प्रभारी अवधेश कुमार सहित अन्य पुलिस पदाधिकारी उपस्थित थे।

# असामाजिक तत्वों ने जबरन जमीन पर कब्जा किया

## भुक्तभोगी ने एसएसपी से लगायी गुहार

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रांची।** इटकी निवासी संजय कुमार महतो की जमीन पर असामाजिक तत्वों ने जबरन कब्जा कर लिया है। आरोपियों ने उनके खिलाफ एसटीएससी थाने में मुकदमा भी कर दिया है। इस संबंध में संजय कुमार महतो ने बुधवार को रांची स्थित प्रेस क्लब में आयोजित प्रेस कांफ्रेंस कर जानकारी दी। महतो ने कहा कि एसएसपी किशोर कौशल को आवेदन दिया है। संजय की ओर से एसएसपी को दिये गये आवेदन में कहा गया है कि उनकी इटकी थाना क्षेत्र के तरगड़ी मौजा में 15 डिसमिल जमीन है, जिसकी रसीद जमींदार विमल कुमार पोद्दार के नाम से कट रही है। वहीं असामाजिक तत्वों ने शाहीद जावेद नामक युवक की भी जमीन पर कब्जा कर लिया है। जमीन की मापी के दौरान आरोपियों ने उन पर हमला भी किया था। इस संबंध में इटकी थाने से सुरक्षा देने के लिए आवेदन भी दिया है। इसके बाद आरोपियों ने उनके खिलाफ एसटीएससी थाने में फर्जी मुकदमा दर्ज किया। उन्होंने एसएसपी से मामले में अविलंब कार्रवाई करने का आग्रह किया है। उन्होंने कहा कि जमीन खतियानी मालिक नागरमल पोद्दार के वंशज विमल कुमार पोद्दार से खरीदा हूं, जिसका खाता नं 5 प्लाट नं 315 कुल रकबा 4. 98 एकड़ है। वहीं जमीन मालिक विमल कुमार पोद्दार ने कहा कि असामाजिक तत्वों द्वारा फर्जी पेपर बना कर दावा किया जा रहा है, जबकि उक्त जमीन उनकी है। इस मौके पर शाहीद जावेद भी मौजूद थे।

## जेएसपी ने एयर कूल्ड टीएमटी बार ग्रेड 40 और ग्रेड 60 को कॉइल फॉर्म में रोल किया



**भुरकुंडा (आजाद सिपाही)।** जाने-माने उद्योगपति नवीन जिन्दल के नेतृत्व वाली कंपनी जिन्दल स्टील एंड पावर पतरातु ने पहली बार एयर कूल्ड टीएमटी बार ग्रेड 40 और ग्रेड 60 को कॉइल फॉर्म में रोल किया है। जेएसपी पतरातु के प्लांट हैड आरके अजमेरिया के कुशल नेतृत्व में जेएसपी पतरातु भारत की पहली कंपनी बन गई हैं जिसने एयर कूल्ड टीएमटी बार का उत्पादन किया। ज्यादातर इन टीएमटी बारों का उपयोग यूएसए में विभिन्न निर्माण कार्यों में किया जाता हैं । श्री आरके अजमेरिया मेटलर्जी इंजीनियरिंग बहुमुखी प्रतिभा से परिपूर्ण अपने समृद्ध अनुभव से जेएसपी पतरातु में नई-नई आयामों को निरन्तर जोड़ रहे है। आरके अजमेरिया अपने साथ अनेक बहुराष्ट्रीय कंपनी के कार्य अनुभव, तथा यूरोप, फिलिपन, यूएसए जैस अनेक विकसित देशों में कार्य अनुभव का उपयोग राष्ट्र निर्माण में लगा रहे हैं।

## बैठक में प्राचीन हनुमान मंदिर के जीर्णोद्धार का निर्णय



**भुरकुंडा (आजाद सिपाही)।** भुरकुंडा बाजार स्थित खोपड़िया बाबा प्राचीन हनुमान मंदिर सह धर्मशाला परिसर में मंगलवार की शाम स्थानीय लोगो की बैठक हुई। इसकी अध्यक्षता जवाहर नगर पंचायत के पूर्व मुखिया प्रदीप मांझी और संचालन सतीश मोहन मिश्रा ने किया। बैठक मे सर्वसम्मति से खोपड़िया बाबा प्राचीन हनुमान मंदिर के जीर्णोद्धार का निर्णय लिया गया। साथ ही धर्मशाला को और बेहतरीन ढंग से बनाने और सुचारू रूप चलाने पर सहमति जतायी गयी। बैठक में आगामी जून माह में आयोजित होने वाले श्री संकटमोचन हनुमान महायज्ञ को सफल बनाने की सहमति बनी। बैठक में लिए गए निर्णयो को लेकर सर्वसम्मति से खोपड़िया बाबा प्राचीन हनुमान मंदिर सह धर्मशाला और महायज्ञ कमेटी का गठन हुआ। नयी कमेटी में अध्यक्ष पूर्व मुखिया प्रदीप मांझी, कार्यकारी अध्यक्ष दिलीप अग्रवाल, महासचिव सतीश मोहन मिश्रा, कोषाध्यक्ष योगेश दांगी सह कोषाध्यक्ष विनय मिश्रा, मीडिया प्रभारी रितेश मिश्रा सहित सात संरक्षक, सात उपाध्यक्ष, सात सह सचिव सहित 21 कार्यकारिणी सदस्यों का चयन किया गया। मौके पर सांसद प्रतिनिधि जगतार सिंह, विनय सिंह चैहान, रोबिन मुखर्जी, अशोक सोनी पंसस रोहित सोनी, महेन्द्र सोनी, राजू पांडे, सुरेश उपाध्याय, विश्वरंजन सिन्हा, अखिलेशवर मिश्रा, अजय मिश्रा, जीवन गुप्ता, संतोष मिश्रा, अवधेश पासवान, बाबूलाल नायक, रूपेश दूबे, अप्पू मिश्रा, सुधीर दूबे, अमित शर्मा, बुल्ला, विक्की रजक बिटटू अग्रवाल, अभिषेक मिश्रा, संजय साव, गोविंद ठाकुर, अन्नु राम, मोनू यादव, अजय गुप्ता, अशोक ठाकुर, पिंटू साव, कृष्णा मिश्रा, आदित्य करमाली, बबन सहित काफी संख्या में महिला पुरूष मौजूद थें।

## भुरकुंडा में कई दिनों बाद पेयजलापूर्ति



**भुरकुंडा (आजाद सिपाही)।** सीसीसीएल भुरकुंडा परियोजना में बीते बीवी बीवी कई दिनों से बाधित जलापूर्ति बुधवार दोपहर बाद से बहाल हुई। बताया जाता है कि क्वायरी से दो मोटर के माध्यम से जल संसाधन विभाग तक पानी पहुंचता है और यहां से क्षेत्र में पानी की सप्लाइ होती है। क्वायरी में लगे मोटर काफी पुराने हो चुके हैं और प्रायः तकनीकी खराबी के कारण जलापूर्ति बाधित हो जाती है। खासकर गर्मी के दिनों में लोगों की परेशानी बढ़ जाती है। बार बार मोटर बिगड़ने और जलापूर्ति बाधित होने से लोगों में सीसीएल प्रबंधन के प्रति नाराजगी देखी जा रही है ।समस्या को सीसीएल प्रबंधन से नया मोटर उपलब्ध कराने की मांग की जा रही है। फिलहाल बुधवार को मोटर दुरुस्त होने और जलापूर्ति बहाल होने के बाद लोगों ने राहत की सांस ली है।

## बीटीटी और सहिया साथी की हुई बैठक



**रामगढ़ (आजाद सिपाही)।** स्वास्थ्य विभाग की बैठक सिविल सर्जन कार्यालय में डॉ प्रभात कुमार की अध्यक्षता में हुई। बैठक के दौरान सिविल सर्जन डॉ प्रभात कुमार ने सभी बीटीटी और सहिया साथी को सरकार द्वारा चलाई जा रही स्वास्थ्य योजनाओं को गांव के सुदूरवर्ती क्षेत्र सहित जन-जन तक पहुंचाने का निर्देश दिया। वहीं उन्होंने संस्थागत प्रसव को बढ़ावा देने के साथ-साथ नियमित टीकाकरण पर विशेष जोर दिया। गर्भवती माताओं सहित बच्चों का शत-प्रतिशत टीकाकरण करने सहित कूपोषित बच्चों को उन्होंने चिन्हित करने का भी निर्देश दिया। बैठक में मुख्य रूप से डीपीसी रंजीत कुमार सिंह ,एसटीटी रथु प्रसाद, नीलम सिंह, बीटीटी दिपीका कुमारी, कंचन पाठक, मंजू कुमारी, सुनीता पोद्दार के अलावे कई बीटीटी और सहिया साथी शामिल थे।

# शिक्षकेत्तर कर्मियों को डॉ तपन कुमार शांडिल्य ने सम्मानित किया

**आजाद सिपाही संवाददाता**




**रांची।** बुधवार को डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी विश्वविद्यालय, रांची, इंडियन इकोनॉमिक एसोसिएशन और आर्ट ऑफ गिविंग, किट्स के संयुक्त सौजन्य से डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी विश्वविद्यालय, रांची के जैकब सभागार में शिक्षकेत्तर कर्मियों के लिए एक सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। मूल रूप से आर्ट ऑफ गिविंग यानि देने की कला की स्थापना कलिंग इंस्टीट्यूट ऑफ इंडस्ट्रियल टेक्नोलॉजी, किट्स के संस्थापक डॉ अच्युत सामंता के द्वारा 17 मई 2013 की गयी थी। आज इसी आर्ट ऑफ गिविंग की स्थापना के 10 वें वर्ष के दिन डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी विश्वविद्यालय , रांची और इंडियन इकोनॉमिक एसोसिएशन के संयुक्त सौजन्य से विश्वविद्यालय के 5 कर्मियों, मंगरू उरांव, सुनीता टोप्पो, लक्ष्मी देवी, अनुराधा कच्छप और निर्मल प्रभाकर सरीफा को कुलपति डॉ तपन कुमार शांडिल्य के द्वारा सम्मानित कर इसके अंतर्गत निहित भावार्थ को मूल रूप से व्यवहारिक बनाने की पहल की गयी। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के तौर पर झारखंड ओपन यूनिवर्सिटी, रांची के कुलपति डॉ टीएन साहू ने इस पहल की सराहना करते हुए कहा कि प्रत्येक व्यक्ति जीवन में सम्मान चाहता है और यह सम्मान हम आपसी आदान-प्रदान के माध्यम से कर सकते हैं।

उन्होंने कहा कि हमें इस प्रकार के कार्यक्रम एक दूसरे के समीप लाने का काम करते हैं। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए कुलपति डॉ तपन कुमार शांडिल्य ने कहा कि हमारे कार्यालयी क्रियाकलापों में शिक्षक और शिक्षकेत्तर कर्मियों की महत्वपूर्ण सहभागिता रहती है। यह आर्ट ऑफ गिविंग के माध्यम से संभव हो पाया है कि आज विश्वविद्यालय उनमें से पांच कर्मियों को सम्मानित कर रहा है। उन्होंने कहा कि इसका उद्देश्य समावेशी शिक्षा और सतत विकास की प्रक्रिया है। लोकतंत्र की यही खूबसूरती है कि प्रत्येक व्यक्ति को सम्मान के साथ जीने का और गरिमा प्राप्त करने का अधिकार है, और आज उसी की दिशा में यह सम्मान समारोह एक आंशिक प्रयास है। उन्होंने कहा कि इस आर्ट ऑफ गिविंग के माध्यम से यह परंपरा आगे भी विश्वविद्यालय में बरकरार रहे, ऐसा विश्वविद्यालय परिवार का प्रयास रहेगा। उन्होंने इसके लिए किट्स और इंडियन इकोनॉमिक एसोसिएशन के प्रति आभार प्रकट किया। कार्यक्रम का संचालन करते हुए इंडियन इकोनॉमिक एसोसिएशन के महासचिव डॉ अनिल कुमार ठाकुर ने कहा कि आज इस सम्मान समारोह को आयोजित करते हुए उन्हें काफी प्रसन्नता का बोध हो रहा है। उन्होंने किट्स के संस्थापक डॉ अच्युत सामंता और कुलपति डॉ तपन कुमार शांडिल्य का आभार प्रकट किया। इस अवसर पर शिक्षकेत्तर संघ के महासचिव रोहित कुमार सिंह ने विश्वविद्यालय प्रशासन का ऐसे पहल के लिए आभार प्रकट किया। इस अवसर पर धर्मेंद्र कुमार, राजू साव सहित सभी शिक्षकेत्तर कर्मी उपस्थित थे। यह जानकारी पीआरओ प्रो राजेश कुमार सिंह ने दी।

## कुम्हार महासंघ के राष्ट्रीय मुख्य महासचिव का भव्य स्वागत

**कुजू (आजाद सिपाही)।** अखिल भारतीय प्रजापति, कुम्हार महासंघ के राष्ट्रीय मुख्य महासचिव सह भाजपा महाराष्ट्र प्रदेश कार्यसमिति सदस्य गोवर्धन भाई चौहान का बुधवार को मांडू प्रखंड भाजपा सांसद प्रतिनिधि जगेश्वर प्रजापति की अगुवाई में हेसागड़ा स्थित हिल पहाड़ी होटल में भव्य स्वागत किया। इस दौरान समाज के लोगों ने जमकर नारेबाजी करते हुए बुके भेंट कर भव्य स्वागत किया। वही, गोवर्धन भाई चौहान ने कहा कि महासंघ द्वारा समाज के उत्थान के लिए राष्ट्रीय स्तर पर विशेष तैयारी की जा रही है। जिससे हमारा समाज का नाम राष्ट्रीय स्तर पर एक नई पहचान के रूप में शामिल हो सके। वे रांची से देवघर मंदिर दर्शन के लिए जा रहे थे। इसी बीच कुजू में कुछ देर के लिए रुके थे। स्वागत करने वालों में झारखंड माटी कला बोर्ड के पूर्व चेयरमैन चंद प्रजापति, कुम्हार महासंघ के रामगढ़ जिलाध्यक्ष राधा विनोद प्रजापति, कुम्हार महासंघ के रामगढ़ जिला सचिव उमेश प्रजापति, छोटन प्रजापति समेत समाज के कई लोग शामिल रहे।

## टीएसपीएस ने जीएम की हत्या से किया इंकार

**चतरा (आजाद सिपाही)।** नक्सली संगठन टीएसपीसी ने केरेडारी में महाप्रबंधक की हत्या में संगठन का हाथ होने से इंकार किया है। संगठन के प्लाटुन कमांडर अजय जी ने प्रेस विज्ञप्ति जारी कर कहा है कि केरेडारी महाप्रबंधक की हत्या में संगठन का कोई हाथ नहीं है। इसके अलावे कोयलांचल क्षेत्र में टीएसपीसी संगठन द्वारा किसी को धमकी नहीं दी जा रही है। संगठन को बदनाम करने के लिए कुछ लोग साजिश कर रहे हैं। जिनकी खोजबीन की जा रही है। वैसे लोगों की पहचान कर उन्हें संगठन द्वारा दंड दिया जायेगा। प्लाटून कमांडर ने कहा है कि टीएसपीसी संगठन विस्थापित, प्रभावित मजदूरों को हमेशा सहयोग करता है।

## हाइवा की चपेट में आने से युवक की मौत

**चतरा (आजाद सिपाही)।** चतरा-गया मुख्य पथ राष्ट्रीय राजमार्ग 22 में हंटरगंज प्रखंड के नागर गांव के समीप हाइवा की चपेट में आने से एक युवक की मौत हो गयी। यह घटना मंगलवार की देर रात की है। मृतक की पहचान डुमरीखूर्द गांव निवासी भुनेश्वर यादव का 24 वर्षीय पुत्र सुरेन्द्र यादव के रूप में हुई । जानकारी की घटना मिलते ही पुलिस ने शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए चतरा सदर अस्पताल भेज दिया। बिना परिजनों की जानकारी दिये पुलिस द्वारा पोस्टमार्टम के लिए शव को चतरा भेजने की खबर से आक्रोषित स्थानीय ग्रामीणों ने डुमरी के समीप एनएच 22 मुख्य पथ को घंटों जाम कर दिया।

# अवैध उत्खनन रोकने के लिए टास्क फोर्स का गठन


**आजाद सिपाही संवाददाता**

**चतरा।** समाहरणालय स्थित सभाकक्ष में उपायुक्त अबु इमरान की अध्यक्षता में राजस्व संबंधित विभागों के कार्यों की समीक्षा की गयी। बैठक में अंचल विभाग के कार्यो की समीक्षा की गयी तथा अंचल में दाखिल-खारिज, गैरमजरूआ भूमि सर्वे रिपोर्ट, अवैध जमाबंदी, के अलावे भू-अर्जन कार्यालय के लंबित मामले, निलाम पत्र परिशोधन पोर्टल समेत अन्य विषयों पर विस्तार से चर्चा की गयी और राजस्व संग्रहण पर जोर दिया गया। इसके अलावे निबंधन विभाग, खनन विभाग, परिवहन विभाग, निबंधन विभाग, विद्युत विभाग, मतस्य विभाग, तथा ई- कोर्ट से संबंधित मामले की समीक्षा की गयी। साथ ही अवैध उत्खनन के रोकथाम के लिए जिला स्तरीय खनन टॉस्क फोर्स का गठन किया गया। बैठक में जिले में खनिजों के अवैध खनन, परिवहन एवं भंडारण को लेकर पूर्व में दिये गये निदेर्षों के अनुपालन प्रगति प्रतिवेदन की बिन्दुवार समीक्षा कर आवष्यक दिषा-निर्देश दिया गया। मोटरसाइकिल से कोयले की अवैध ढुलाई के रोकथाम के लिये विभिन्न कोल परियोजनाओं के प्रबंधन से समन्वय स्थापित कर इस कोयले के अवैध धंधे पर अंकुष लगाने का निर्देश दिया गया। उपायुक्त ने कांटाघर का समय-समय पर निरीक्षण करने, सभी प्रदुषण नियत्रण की शर्तो के अनुपालन को सुनिष्चित करने, अवैध बालु ढुलाई, बगैर ई-चालान के पत्थर ढुलाई पर अंकुष लगाते हुए सभी बालू घाटों को सक्रिय करने का निर्देष दिया गया।

## एनटीपीसी में पुलिस बल परिसर का हुआ उद्घाटन

# टंडवा क्षेत्र नक्सल अपराध से रहेगा मुक्त : एसपी

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**टंडवा।** एनटीपीसी नॉर्थ कर्णपुरा परियोजना टंडवा में निर्मित पुलिस बल परिसर का उद्घाटन सीजीएम तजिंदर गुप्ता के मौजूदगी में चतरा एसपी राकेश रंजन के कर कमलो द्वारा किया गया। इस उद्घाटन समारोह के विशिष्ठ अतिथि एनटीपीसी सीजीएम तजिंदर गुप्ता ने मुख्य अतिथि एसपी राकेश रंजन को पौधा और फल, अंगवस्त्र देकर स्वागत किया। मौके पर सीजीएम तजिंदर गुप्ता ने कहा की चतरा एसपी राकेश रंजन की उनके जनहितैषी द्दष्टिकोण के लिये जाना जाता है, और वे अपने कार्यकाल के दौरान चतरा को सभी पहलुओ चाहे वो नक्सलवाद हो या ड्रग्स और नारकोटिक्स तथा कानून बनाये रखने की स्थिति में शांति और सद्भाव पुरे क्षेत्र में कायम रखने में उनकी अहम भुमिका है। टंडवा में उधोग का बड़ा रूप लेने से सुरक्षा बड़ी चुनौती थी। जिसके फल स्वरूप में पुलिस बल परिसर का निर्माण एनटीपीसी द्वारा लगभग 9.2 करोड की लागत से किया गया है। यह सही मायने में अत्याधुनिक परिसर है। जिसका क्षेत्रफल 16,250 वर्ग फिट मे परिषर बनी है। जिसमें 120 बेडेड बैरक, आर्मरी, किचन और डाइनिंग स्पेस, हेलिपैड, असिस्टेंट कमांडेट के लिये आवास आदि जैसी सुविधाए शामिल है। वही मुख्य अतिथि एसपी राकेश रंजन ने कहा की एनटीपीसी जहा-जहा स्थापित होती है। वहा-वहा क्षेत्र के विकास होता हैं। और एक भूलना नही चाहिये की प्लांट के खड़े होने से इस क्षेत्र में और विकास नही विकसित होना बाकि है। उन्होंने सुरक्षा में पुलिस जवानों और सीआईएसएफ, सीआरपीएफ के जवानो को हौसला बढ़ाते हुये कहा की आप सब अपनी ड्यूटी पर सदा ईमानदारी से करें। टंडवा अधौगिक क्षेत्र में सुरक्षा के माप दण्डो पर किसी भी शर्त में समझौता नही करना चाहिए,और सीआरपीएफ कैंप के बनने से इस क्षेत्र में नक्सल अपराध के गतिरोध नियंत्रण में होगा, और पूर्ण रूप से इस क्षेत्र के विकास करने को एनटीपीसी सीजीएम से उन्होंने आग्रह किया। मालूम हो की उक्त पुलिस बल परिसर का निर्माण राणा कंस्ट्रक्शन के द्वारा पूर्ण किया गया है। इस मौके पर एसडीपीओ टंडवा शम्भु सिंह, एस बोस जीएम प्रोजेक्ट, ए के शुक्ला, एजीएम, ओ एंड एम, एस बेरा, जीएम एफएम, जे जावेद, एजीएम पी एंड एस, ए के चावला, एजीएम एचआर, थाना प्रभारी विजय सिंह, सीआरपीएफ के संदीप कुमार उपस्थित थे।

कार्यालय जिला समादेष्टा,
झारखण्ड गृह रक्षा वाहिनी,गढ़वा

**आवश्यक सूचना**

झारखण्ड गृह रक्षा वाहिनी, गढ़वा के अन्तर्गत गृह रक्षकों के नव– नामांकन (विज्ञापन सं०–01/2023) प्रक्रिया में शारीरिक जाँच परीक्षा के दौड़ इवेंट में अभ्यर्थियों को इलेक्ट्रॉनिक चिप लगाकर दौड़ कराने के लिए किराये पर इलेक्ट्रॉनिक चिप की आवश्यकता है।

संबंधित एजेंसियों को सूचित किया जाता है कि उक्त संबंध में अपना इच्छा प्रतिवेदन यथाशीघ्र कार्यालय को उपलब्ध कराना सुनिश्चित करें।

ह०/
पुलिस उपाधीक्षक(मु0)गढ़वा
– सह–जिला समादेष्टा, झारखण्ड
गृह रक्षा वाहिनी गढ़वा।

PR.NO.297657 Home(23-24):D

**झारखण्ड सरकार,
गृह, कारा एवं आपदा प्रबंधन विभाग
झारखण्ड आन्दोलनकारी चिन्हितीकरण आयोग**

48वीं औपबंधिक सूची, जिला–लातेहार

| क्र0 | आवेदनकर्त्ता की विवरणी | गृह, कारा एवं आपदा प्रबंधन विभाग, झारखण्ड, राँची के संकल्प संख्या–1938, दिनांक–20.04.2021 के आलोक में प्रदत्त कंडिका |
|---|---|---|
| विवरण :–लोहरदगा थाना काण्ड संख्या–102/92 में चिन्हित झारखण्ड आन्दोलनकारी विजय भगत द्वारा इस काण्ड के पुलिस कागजात में उल्लेखित (60–70) अज्ञात की संख्या पर दी गयी अनुशंसा सूची में नाम के आधार पर। | | |
| 1. | 1. आवेदन क्र0–16<br>2. नाम–शालिता देवी, पति–विजय भगत<br>3. ग्राम–गारू मोरवाड़ रोडए रूड, पोस्ट–लातेहार, थाना–लातेहार, प्रखण्ड–लातेहार<br>4. लिंग–महिला, आयु–45 वर्ष, पहचान चिन्ह–बांया कान कटा हुआ, | कंडिका–2(ix) |
| 2. | 1. आवेदन क्र0–53<br>2. नाम–सुरेन्द्र प्रसाद, पिता–रामराज साहू<br>3. ग्राम–धनगारतोला, पोस्ट–लातेहार, थाना–लातेहार, प्रखण्ड–लातेहार<br>4. लिंग–महिला, आयु–45 वर्ष, पहचान चिन्ह–बांया कान कटा हुआ, | कंडिका–2(ix) |
| 3. | 1. आवेदन क्र0–54<br>2. नाम–सुरेश राम, पिता–महेश राम<br>3. ग्राम–धनगारतोला, पोस्ट–लातेहार, थाना–लातेहार, प्रखण्ड–लातेहार<br>4. लिंग–महिला, आयु–45 वर्ष, पहचान चिन्ह–बांया कान कटा हुआ, | कंडिका–2(ix) |

नोट :–
1. यह सूची पूर्णरूपेण औपबंधिक है।
2. यह सूची FIR में अज्ञात व्यक्तियों की संख्या के आधार पर औपबंधिक रूप से प्रकाशित की गई है।
3. इस सूची में किसी प्रकार की त्रुटि पाये जाने पर दस (10) दिनों के अन्दर आयोग को आपत्ति कर सकते हैं। आश्रित होने पर मृत्यु प्रमाण पत्र तथा आश्रित संबंधी प्रतिवेदन संलग्न करना आवश्यक है।
4. इस सूची के शेष आवेदकों को अगले चरण में प्रकाशित किया जायेगा।

(भुवनेश्वर महतो) सदस्य
(नरसिंह मुर्मू) सदस्य
(दुर्गा उरांव) अध्यक्ष

PR 297609 Home(23-24).D

# क्यों गलत है अमेरिका

अमेरिकी विदेश मंत्रालय की अंतरराष्ट्रीय धार्मिक स्वतंत्रता, 2022 रिपोर्ट में चीन, ईरान और म्यांमार के साथ भारत में भी अल्पसंख्यकों के धार्मिक अधिकारों के उल्लंघन का आरोप लगाया गया है, जिस पर भारत सरकार ने ठीक ही कड़ा ऐतराज जाहिर किया है। भारतीय विदेश मंत्रालय ने इस रिपोर्ट को भेदभावपूर्ण बताते हुए इसे खारिज किया है। उसने इस ओर ध्यान दिलाया है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अमेरिका की आधिकारिक यात्रा से एक महीने पहले जारी की गई यह रिपोर्ट पक्षपातपूर्ण है और उसने नीयत पर भी सवाल उठाया है। रिपोर्ट में भारत के कई राज्यों में अल्पसंख्यक समुदायों के लोगों पर हमले होने, उनकी हत्या किए जाने और उन्हें डराए-धमकाए जाने का आरोप है। इसमें हेट स्पीच, गोरक्षकों और लव जिहाद जैसे मुद्दों के साथ कुछेक जगहों पर सांप्रदायिक हिंसा की भी बात कही गई है। रिपोर्ट में यह भी कहा गया है कि 28 में से 13 राज्यों में धर्मांतरण पर रोक के लिए कानून बने हुए हैं। इनमें से कुछ राज्यों में शादी के लिए जबरन धर्मांतरण को रोकने के लिए जुर्माने का भी प्रावधान है। एक दिलचस्प बात यह भी है कि इस रिपोर्ट में भारत के खिलाफ वही बातें दी गई हैं, जो इससे एक साल पहले जारी की गई रिपोर्ट में थीं। वैसे, इस बात से इनकार नहीं किया जा सकता कि गोरक्षकों ने अल्पसंख्यक समुदाय के कुछ लोगों को निशाना बनाया है। इसी तरह, हेट स्पीच के भी कुछ मामले सामने आए हैं। लेकिन इन अपराधों के पीछे अक्सर हाशिये के संगठन होते हैं या ऐसे लोग जिनका मकसद सुर्खियां बटोरना होता है। ऐसे अपराधियों से निपटने के लिए देश में कानून और अदालतें हैं। संविधान ने धार्मिक आजादी का जो अधिकार नागरिकों को दिया है, अदालतें उसकी संरक्षक हैं और वे अपना काम बखूबी कर रही हैं। हेट स्पीच की ही बात करें तो सुप्रीम कोर्ट का रुख इसे लेकर काफी सख्त रहा है। खुद प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी एक से अधिक बार धार्मिक आधार पर नफरत फैलाने वालों को चेतावनी दे चुके हैं। इसके उलट चीन के शिनच्यांग में उइगुरों को संगठित तरीके से प्रताड़ित किया जा रहा है। वहां की कम्युनिस्ट सरकार ने मुस्लिम अल्पसंख्यकों पर कई तरह की पाबंदियां लगा रखी हैं। उसे मस्जिदों का अरबी आर्किटेक्चर तक पसंद नहीं है। म्यांमार में भी रखाइन प्रांत में रहने वाले रोहिंग्या मुसलमानों को वहां के सैन्य शासकों ने निशाना बनाया। उनकी बड़े पैमाने पर हत्या की गई और रोहिंग्या को देश छोड़ने को मजबूर किया गया। इससे पूरे इलाके में बौद्धों और मुसलमानों की आबादी का अनुपात बदल गया। यही नहीं, इससे भारत और बांग्लादेश जैसे देशों में शरणार्थी संकट भी खड़ा हुआ। इसलिए किसी भी सूरत में चीन और म्यांमार जैसे देशों से भारत की तुलना नहीं की जा सकती। अमेरिका को यह सचाई समझनी होगी। उसे यह भी समझना होगा कि अगर भारत उभरते हुए वर्ल्ड ऑर्डर में अमेरिका का साझेदार है तो उसके साथ एक सहयोगी देश जैसा ही बर्ताव होना चाहिए।

**अमेरिकी विदेश मंत्रालय की एक रिपोर्ट में कहा गया है कि भारत में भी चीन, ईरान और म्यांमार की तरह ही अल्पसंख्यकों के धार्मिक अधिकारों का उल्लंघन होता है। इस रिपोर्ट पर भारत ने कड़ी आपत्ति दर्ज कराई है।**

अभिमत
आजाद सिपाही

**भारत में डिजिटल क्रांति से जी-20 समूह के सदस्य देश इतने अधिक प्रभावित हुए हैं कि कई सदस्य देशों ने तो भारत के डिजिटल पेमेंट सिस्टम में अपनी रुचि दिखाई है एवं इस तकनीकि को यह देश अपने यहां भी लागू करना चाह रहे हैं। भारत में डिजिटल पेमेंट सिस्टम, यूपीआई प्लेटफोर्म पर, अब बहुत सफल तरीके से कार्य कर रहा है। यूपीआई ने 376 बैकों को अपने साथ जोड़ लिया है और इस प्लेटफोर्म पर 11.9 लाख करोड़ रुपए के 730 करोड़ लेनदेन किए जा रहे हैं।**

# डिजिटल अर्थव्यवस्था के क्षेत्र में दुनिया का नेतृत्व कर रहा है भारत



**प्रह्लाद सबनानी**

भारत को जी-20 समूह की अध्यक्षता मिलना एक वरदान की तरह साबित होता दिखाई दे रहा है। भारत ने हाल ही के वर्षों में कई क्षेत्रों में जो अतुलनीय प्रगति की है, इसे देखकर जी-20 समूह के सदस्य देश आश्चर्यचकित हो रहे हैं। भारत चूंकि जी-20 समूह के सदस्य देशों की विभिन्न बैठकें देश के लगभग समस्त राज्यों के अलग-अलग नगरों में आयोजित कर रहा है, इससे देश के समस्त राज्य न केवल इन बैठकों के लिए विशेष तैयारियां कर रहे हैं बल्कि विभिन्न देशों से आने वाले प्रतिनिधि भी इन शहरों में भारत की आर्थिक प्रगति की झलक देख पा रहे हैं।

जी-20 समूह का महत्व इस जानकारी से बहुत स्पष्ट तौर पर झलकता है कि पूरे विश्व के सकल घरेलू उत्पाद में जी-20 समूह के सदस्य देशों की हिस्सेदारी 80 प्रतिशत की है। विश्व के 193 देशों का कुल सकल घरेलू उत्पाद 95 लाख करोड़ अमेरिकी डॉलर से अधिक है। इसमें, जी-20 समूह के सदस्य देशों की अर्थव्यवस्था का आकार 75 लाख करोड़ अमेरिकी डॉलर है। विश्व की पांच सबसे बड़ी अर्थव्यवस्थाओं (अमेरिका, चीन, जापान, जर्मनी एवं भारत) को मिलाकर दुनिया की आधी से अधिक अर्थव्यवस्था बनती है। वर्ष 2022 में केवल 18 देशों का सकल घरेलू उत्पाद एक लाख करोड़ अमेरिकी डॉलर से अधिक था। पूरे विश्व का 75 प्रतिशत अंतरराष्ट्रीय विदेश व्यापार जी-20 समूह के सदस्य देशों में होता है। कुल मिलाकर जी-20 समूह के सदस्य देशों की अर्थव्यवस्था पूरी दुनिया को प्रभावित करती है। अतः स्वाभाविक तौर पर जी-20 समूह का उद्देश्य वैश्विक अर्थव्यवस्था की चुनौतियों से निपटना है एवं जी-20 समूह के सदस्य देशों की जिम्मेदारी वैश्विक स्तर पर वित्तीय स्थिरता बनाए रखने की है। जी-20 समूह के सदस्य देशों में शामिल हैं- अर्जेंटीना, आस्ट्रेलिया, ब्राजील, कनाडा, चीन, फ्रान्स, जर्मनी, भारत, इंडोनेशिया, इटली, दक्षिण कोरिया, जापान, मेक्सिको, रूस, सऊदी अरब, दक्षिण अफ्रीका, अमेरिका, यूरोपीय संघ, टर्की एवं ब्रिटेन।

**भारत में पिछले 9 वर्षों के दौरान किए गए कई आर्थिक उपायों के चलते भारतीय अर्थव्यवस्था का इंजन अब तेज गति से पटरी पर दौड़ने लगा है।**

जी-20 समूह के सदस्य देशों के बीच डिजिटल अर्थव्यवस्था पर ध्यान केंद्रित करने की दृष्टि से एक विशेष 'डिजिटल इकॉनामी वर्किंग ग्रुप' का वर्ष 2017 में गठन किया गया था। पहले इसे 'डिजिटल इकॉनामी टास्क फोर्स' के नाम से जाना जाता था। भारत में इस वर्किंग ग्रुप की प्रथम बैठक 13 फरवरी 2023 को लखनऊ में सम्पन्न हुई थी। इस बैठक में भारत के डिजिटल कायाकल्प के सफर की रूपरेखा प्रदर्शित की गई तथा भारत में डिजिटल पब्लिक आधारभूत ढांचे एवं डिजिटल अर्थव्यवस्था में साईबर सुरक्षा और डिजिटल स्किलिंग आदि विषयों पर विस्तार से चर्चा हुई। नैसकोम एवं यूनेस्को द्वारा प्रदान की गई एक जानकारी के अनुसार डिजिटल स्किल गैप की वजह से वैश्विक अर्थव्यवस्था को वर्ष 2028 तक 11 लाख करोड़ अमेरिकी डॉलर के नुक्सान की आशंका है। अतः इस बैठक में वैश्विक स्तर पर डिजिटल अर्थव्यवस्था के महत्व को स्वीकार किया गया।

जी-20 समूह के सदस्य देशों के डिजिटल इकॉनामी वर्किंग ग्रुप की दूसरी बैठक हैदराबाद में दिनांक 17 अप्रैल से 19 अप्रैल 2023 के बीच हुई। इस बैठक में भारत को वैश्विक स्तर पर डिजिटल अर्थव्यवस्था का आधार माना गया। इससे भारत की जी-20 अध्यक्षता से वैश्विक डिजिटल अर्थव्यवथा को बल मिलता दिखाई दे रहा है। भारत में हुई डिजिटल क्रांति पूरी दुनिया के सामने एक मिसाल के तौर पर पेश की गई। जी-20 की अध्यक्षता मिलने के बाद भारत पूरे विश्व में डिजिटल डिवाइड कम करने के लिए भरपूर प्रयास कर रहा है। इस बैठक में हाई स्पीड मोबाइल ब्रॉड बैंड के उपयोग और प्रभाव पर व्यापक चर्चा हुई है। भारत ने शिक्षा, स्वास्थ्य, वित्तीय एवं कृषि क्षेत्रों में डिजिटल व्यवस्था को जिस प्रकार सफलतापूर्वक लागू किया है, अन्य देश इस मॉडल को किस प्रकार लागू कर सकते हैं, इस विषय पर भी गंभीर चर्चा हुई है। साथ ही, 'कनेक्टिंग द अनकनेक्टेड', 'सस्टेनेबल ग्रीन डिजिटल इंफ्रा' जैसे विषयों को आगे बढ़ाने पर भी सदस्य देशों के बीच सहमति बनी है। भारत में 5जी और 6जी तकनीक का विकास देखने जी-20 समूह के सदस्य देशों की एक टीम भारत के आईआईटी संस्थानों में भी गई है। भारत में डिजिटल क्रांति से समूह के सदस्य देश इतने अधिक प्रभावित हुए हैं कि कई सदस्य देशों ने तो भारत के डिजिटल पेमेंट सिस्टम में अपनी रुचि दिखाई है एवं इस तकनीकि को यह देश अपने यहां भी लागू करना चाह रहे हैं। भारत में डिजिटल पेमेंट सिस्टम, यूपीआई प्लेटफोर्म पर, अब बहुत सफल तरीके से कार्य कर रहा है। यूपीआई ने 376 बैकों को अपने साथ जोड़ लिया है और इस प्लेटफोर्म पर 11.9 लाख करोड़ रुपए के 730 करोड़ लेनदेन किए जा रहे हैं। जुलाई 2015 में भारत ने 'डिजिटल इंडिया' पहल की शुरूआत की थी और आज इस स्थिति तक पहुंच गया है।




**बैंकिंग सुविधाओं को नागरिकों को प्रदान करने के मामले में तो भारत यूपीआई के माध्यम से बहुत आगे निकल आया है और आज यूरोपियन विकसित देश भी भारत की ओर देख रहे हैं। डिजिटल आधारभूत ढांचा विकसित करने के लिए भारत में काफी समय से मेहनत से काम किया गया है।**

भारत में डिजिटल अर्थव्यवस्था के चलते बैंक तो जैसे नागरिकों की जेब में समा गई है, क्योंकि इंटरनेट एवं मोबाइल की सुविधा से नागरिक 24 घंटे सात दिन, रुपए को अपने खाते से दूसरे के खाते में हस्तांतरित कर सकते हैं। डिजिटल प्लेटफोर्म पर उत्पादों की कीमत एवं गुणवत्ता के बारे में जानकारी हासिल कर उत्पाद को खरीद सकते हैं। साथ, ही, यह सुविधा तो अब देश के दूर दराज के ग्रामीण इलाकों में भी उपलब्ध हो गई है।

बैंकिंग सुविधाओं को नागरिकों को प्रदान करने के मामले में तो भारत यूपीआई के माध्यम से बहुत आगे निकल आया है और आज यूरोपियन विकसित देश भी भारत की ओर देख रहे हैं। डिजिटल आधारभूत ढांचा विकसित करने के लिए भारत में काफी समय से मेहनत से काम किया गया है। ऑप्टिकल केबल का जाल गांवों तक बिछाया गया है, 5जी की तकनीकी आने के बाद इसे भी देश के दूर दराज ग्रामीण इलाकों में ले जाया जा रहा है, ब्रॉडबैंड की सुविधा को गांव-गांव तक पहुंचाया गया है, ताकि इंटरनेट की उपलब्धता गांव स्तर तक बनी रहे।

भारत में पिछले 9 वर्षों के दौरान किए गए कई आर्थिक उपायों के चलते भारतीय अर्थव्यवस्था का इंजन अब तेज गति से पटरी पर दौड़ने लगा है। लगभग समस्त अंतरराष्ट्रीय वित्तीय संस्थान भी लगातार बता रहे हैं कि आगे आने वाले समय में भारत में आर्थिक विकास की दर पूरे विश्व में सबसे अधिक रहने वाली है।

**(लेखक भारतीय स्टेट बैंक के सेवानिवृत्त उप महाप्रबंधक हैं।)**

## जमशेदपुर की खबरें

### झारखंड विधानसभा की पुस्तकालय विकास समिति ने जमशेदपुर के पदाधिकारियों के साथ की बैठक

# पुस्तकालयों की स्थिति, उपलब्ध किताबें, भवनों के स्थिति की ली जानकारी

**विभिन्न विभागीय योजनाओं की भी समीक्षा कर दिए जरूरी दिशा-निर्देश**



**आजाद सिपाही संवाददाता**

**जमशेदपुर।** जमशेदपुर सर्किट हाऊस सभागार में झारखंड विधानसभा की पुस्तकालय विकास समिति की सभापति-सह-विधायक अर्पणा सेन गुप्ता की अध्यक्षता में पदाधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक की गई। समिति के सदस्य-सह-विधायक मंगल कालिंदी बैठक में उपस्थित रहे। समिति ने जिले में सार्वजनिक पुस्तकालय व सरकारी विद्यालयों में पुस्तकालय है या नहीं, किताबों की उपलब्धता, पुस्तकालय में अन्य मूलभूत सुविधाओं की उपलब्धता, भवन की स्थिति आदि की जानकारी ली तथा पदाधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए।

सभापति ने सभी विभागीय पदाधिकारियों को भी अपने-अपने कार्यालय में पुस्तकालय खोलने का सुझाव दिया। नियोजन पदाधिकारी ने बताया कि नियोजन कार्यालय घाटशिला व गोलमुरी के परिसर में दो पुस्तकालयों का संचालन किया जाता है। समिति ने विगत तीन वर्षों में जिले में क्रियान्वित विकास योजनाओं की समीक्षा कर पदाधिकारियों को जरूरी निर्देश दिये। सदस्य सह जुगसलाई के विधायक मंगल कालिंदी ने कहा कि सरकार की योजनाओं का लाभ समाज के अंतिम व्यक्ति तक पहुंचे, ग्रामीणों को किसी तरह का काम कराने में परेशानी नहीं हो इसे सुनिश्चित करें। डिमना लेक, हाथीखेदा मंदिर को पर्यटन की दृष्टि से विकसित करने, प्रदूषण को लेकर सरजामदा क्षेत्र में प्रदूषण बोर्ड के अधिकारी को सर्वे का निर्देश दिया। साथ ही बोड़ाम व पटमदा क्षेत्र में गर्भवती महिलाओं के लिए अल्ट्रासाउंड सेंटर खोलने की बात कही। उन्होंने अपने स्तर से अल्ट्रासाउंड मशीन उपलब्ध कराने की बात कही तथा टेक्नीशियन व अन्य उपकरणों को सिविल सर्जन को उपलब्ध कराने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि उक्त क्षेत्र की महिलाओं को अल्ट्रासाउंड के लिए जमशेदपुर आना पड़ता है, अपने प्रखंड में ही सेंटर खुल जाने से गर्भावस्था में जमशेदपुर आने जाने की समस्या से राहत मिल जाएगी।

बैठक में डीएफओ, सिविल सर्जन, निदेशक एनईपी, जिला आपूर्ति पदाधिकारी, एसओआर, मानगो नगर निगम के कार्यपालक पदाधिकारी, जिला जनसंपर्क पदाधिकारी, जिला शिक्षा अधीक्षक, समेत अन्य सम्बन्धित विभाग के पदाधिकारी एवं विभिन्न कार्यकारी विभाग के कार्यपालक अभियंता उपस्थित रहे।

# कुचाई पुलिस ने राजू लोहार हत्याकांड में शामिल तीन आरोपियों को गिरफ्तार कर भेजा जेल

**महिला ने प्रेमी संग मिलकर करायी थी राजू लोहार की हत्या**

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**सरायकेला।** सरायकेला-खरसावां जिले के कुचाई थाना अंतर्गत पोड़ाडीह गीताकुटी निवासी राजू लोहार की पत्थर से कूचकर हत्या करने के मामले का खुलासा करते हुए पुलिस ने तीन अपराध कर्मियों को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेज दिया है। पुलिस की गिरफ्त में आए अपराध कर्मियों का नाम मनु मुंडा उर्फ हाथी, शुरूमणि मुंडा और सनिका पाहन बताया जा रहा है।

पुलिस ने घटना में प्रयुक्त खून से लगा पत्थर, मिट्टी और घटना के वक्त पहना हुआ कपड़ा बरामद किया है। इस संबंध में जानकारी देते हुए एसडीपीओ हरविंदर सिंह ने बताया कि शुरूमणि मुंडा विवाहित थी। पति के मरने के बाद किसी अन्य के साथ रिलेशनशिप में थी। उसे भी छोड़ सनिका पाहन के साथ कुछ दिनों से रह रही थी। मृतक राजू लोहार शुरूमणि से प्यार कर बैठा जो सनिका को नागवार गुजरा और अपनी प्रेमिका यानी शुरूमणि एवं एक अन्य सहयोगी मनु मुंडा उर्फ हाथी के साथ मिलकर राजू को रास्ते से हटाने की योजना बनाई और योजनानुसार बीते 8 मई को राजू की पत्थर से कूचकर हत्या कर डाली। उन्होंने बताया कि तीनों अपराध कर्मियों ने अपनी संलिप्तता स्वीकार कर ली है, जिनसे पूछताछ के बाद न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया।

# सपड़ा में विद्युतीकरण कार्य का हुआ भूमिपूजन

**ग्रामीणों ने मूलभूत सुविधा उपलब्ध कराने की मांग की**



**आजाद सिपाही संवाददाता**

**आदित्यपुर।** आदित्यपुर नगर निगम वार्ड संख्या-1 अंतर्गत सपड़ा ऊपर टोला व कैवर्त टोला में विद्युतीकरण कार्य का भूमि पूजन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। बुधवार को भूमि पूजन के दौरान आदित्यपुर नगर परिषद के पूर्व उपाध्यक्ष पुरेंद्र नारायण सिंह व जेएमएम के उपाध्यक्ष महेश्वर महतो शामिल हुए। अतिथियों ने संयुक्त रूप से नारियल फोड़कर व पूजा अर्चना कर विद्युतीकरण कार्य का शुभारंभ किया। मौके पर पुरेन्द्र ने बताया विद्युतीकरण कार्य के तहत सपड़ा कैवर्त टोला, दुर्गा मंडल के घर के समीप व ऊपर टोला में 100-100 केवीए का ट्रांसफार्मर लगाया जाएगा। साथ ही एचटी एलटी लाइन के लिए करीब 50 पीसीसी पोल लगाए जाएंगे। श्री सिंह के कहा पीसीसी पोल नहीं होने से ज्यादातर घरों में बांस के सहारे बिजली कनेक्शन दिया गया था। उन्होंने कहा विद्युतीकरण के लिए काम करने वाली एजेंसी यूबी टेक के सुपरवाइजर ने 10 दिन में विद्युतीकरण का कार्य पूरा करने की बात कही है। वहीं सपड़ा के ग्रामीणों ने डीप बोरिंग, हाई मास्ट लाइट, सामुदायिक भवन व सड़क निर्माण की समस्या से अवगत कराया गया। पुरेंद्र नारायण सिंह ने कहा शीघ्र ही सपड़ा में डीप बोरिंग, हाई मास्ट लाइट, सामुदायिक भवन व रोड निर्माण के लिए अपर नगर आयुक्त, आदित्यपुर नगर निगम को ज्ञापन सौंपा जाएगा। मौके पर दुर्गा मंडल, निरंजन महतो, रवि कर्मकार, परितोष दास, दिलीप कालिंदी, सुधीर दास, अपीन चंद्र महतो, नेपाल महतो, रास बिहारी महतो, मोहन कालिंदी, गंधा कर्मकार, बुधराम कालिंदी, नारायण हांसदा, सुखलाल कालिंदी, लालचंद कालिंदी, संतोष कुमार, राधेश्याम, उपेंद्र राय सहित यूबी टेक के सुपरवाइजर व कर्मी शामिल रहे।

# मानसिक स्वास्थ्य को बेहतर बनाने के लिए के 'माही' अभियान का शुभारंभ

**मानसिक स्वास्थ्य समस्या बन रही बड़ी चुनौती, जागरूकता ही बचाव : कुणाल षाड़ंगी**



**आजाद सिपाही संवाददाता**

**जमशेदपुर।** मानसिक स्वास्थ्य समस्याओं को इस दशक के लिए बड़ी चुनौती के रूप में देखा जा रहा है। कोरोना महामारी के बाद से व्यापक रूप से सामने आ रही है। वैश्विक स्तर पर वर्ष 2020 के बाद से मनोरोगियों का आंकड़ा काफी तेजी से बढ़ा है। युवाओं में चिंता-तनाव व अवसाद के मामले देखने को मिल रहे हैं। खतरे को देखते हुए शहर के सामाजिक संस्था नाम्या स्माइल फाउंडेशन व वर्ल्ड हेल्थ पार्टनर माही अभियान की पहल की। बुधवार को नाम्या स्माइल फाउंडेशन के संस्थापक सह पूर्व विधायक कुणाल षाड़ंगी ने पोखारी स्थित नेताजी सुभाष यूनिवर्सिटी में माही अभियान की शुरूवात की।

मौके पर यूनिवर्सिटी के प्रो वाइस चांसलर डॉ प्रोफेसर आचार्य ऋषि रंजन ने अतिथियों को पुष्पगुच्छ एवं स्मृति चिन्ह भेंटकर सम्मानित किया। वहीं, कुणाल षाडंगी ने बैलून उडाकर तथा दीप प्रज्वलित कर 'माही' अभियान की शुरूआत की।इस दौरान कई योजनाओं में सरकार के साथ काम कर रहे मनोविशेषज्ञ ने यूनिवर्सिटी के सैकड़ों छात्र-छात्राओं को मानसिक स्वास्थ्य के प्रति जानकारी देते हुए जागरूक किया। मौके पर पूर्व विधायक कुणाल षाड़ंगी ने बताया बढ़ती मानसिक स्वास्थ्य समस्याओं में कमी लाने के लिए युवाओं को जागरूक करना होगा। इस खतरे को कम करने के उद्देश्य से संस्था के द्वारा मानसिक स्वास्थ्य जागरूकता अभियान की शुरूआत की गई। अभियान के अंतर्गत केंद्र एवं राज्य सरकार के टीबी उन्मूलन व अन्य कार्यक्रमों से जुड़े वर्ल्ड हेल्थ पार्टनर के मनोविशेषज्ञ द्वारा जिले के सभी बड़े शिक्षण संस्थानों में युवाओं को मानसिक स्वास्थ्य समस्याओं से बचने के लिए जागरूक किया जाएगा। श्री षाड़ंगी ने कहा मन को स्वस्थ रखे बिना स्वस्थ तन की कल्पना करना बेमानी होगी, इससे बड़ी बेमानी होगी मानसिक स्वास्थ्य को एक दायरे में बांध कर रखना। आज स्वास्थ्य समस्या और मेंटल हेल्थ समस्याओं को एक नजरिए से देखने की जरूरत है। देश के हर बच्चे से लेकर उनके माता-पिता, शिक्षक, प्रशासन, नीति निमार्ताओं और कानून व्यवस्था को मानसिक स्वास्थ्य की अहमियत के बारे में सोचने और इस दिशा में सार्थक प्रयास करने की आवश्यकता है। सोशल मीडिया की लत और तुलनात्मक रवैये के कारण युवा वर्ग अवसादग्रस्त हो रहे हैं। इसके साथ ही, आत्महत्या के मामले में भी वृद्धि देखी जा रही है। व्याप्त भ्रम औ? स्टिग्मा के चलते लोग अपनी समस्याएं दूसरों के साथ शेयर नहीं करना चाहते। जागरूकता के आभाव के कारण इस तरह की सोच बड़ी चुनौती साबित होती है। मौके पर नेताजी सुभाष यूनिवर्सिटी के रजिस्ट्रार नागेंद्र सिंह, प्रो वाइस चांसलर डॉ प्रोफेसर आचार्य ऋषि रंजन, वर्ल्ड हेल्थ पार्टनर की स्वाति कुमारी, सुभाष कुमार, बंधन कुमार, सौरभ मोहंती, नाम्या स्माइल फाउंडेशन के सदस्य डॉक्टर श्रद्धा सुमन,निधि केडिया, सतप्रीत सिंह,रिशु रंजन सहित सैकड़ों छात्र-छात्राएं मौजुत रहे।

## महत्वपूर्ण न्यूज

### मुखिया और प्रमुख प्रतिनिधि ने किया विभिन्न योजनाओं का शिलान्यास



**केतार (आजाद सिपाही)।** प्रखंड अंतर्गत पाचाडुमर पंचायत के मुखिया श्यामसुंदर बैठा एवं केतार प्रखंड प्रमुख प्रतिनिधि सुरेंद्र प्रसाद ने संयुक्त रूप से विधिवत पूजा अर्चना कर विभिन्न योजनाओं का शिलान्यास किया। मुखिया श्यामसुंदर बैठा एवं केतार प्रखंड प्रमुख प्रतिनिधि सुरेंद्र प्रसाद ने 15वें वित्त आयोग से महत्वकांक्षी योजनाओं का शिलान्यास कर लोगों की वर्षों पुरानी मांग को पूरा किया। जिसमें ग्राम पंचायत पाचाडूमर में राकेश चौकीदार के घर से जल मीनार तक 147900 रुपये की लागत से नाली निर्माण, अक्षयवर प्रसाद के घर से होटल तक 191000 रु. की लागत से नाली मरम्मती, ग्राम बिजडीह में राधे के घर से मुख्य पथ तक 227991 की लागत से पीसीसी पथ मरम्मती, पाचाडूमर पंचायत के बिजडीह में ही नाग बाबा के पास 79000 रु. की लागत से चबूतरा निर्माण एवं ग्राम गम्हरिया में सुदर्शन शाह के घर से मेन रोड तक 249500 रु. की लागत से पीसीसी पथ निर्माण का शिलान्यास किया गया। इस मौके पर उदय प्रसाद, कामेश्वर सिंह, अखिलेश प्रसाद, सुधीर ठाकुर, विकास प्रसाद, राकेश कुमार, मुंशी चौधरी, लक्ष्मण साह, राजकुमार पासवान, राजू सिंह, राहुल रंजन, विमलेश गुप्ता, अशोक साह, ओमप्रकाश साह सहित अन्य लोग उपस्थित थे।

### बरडीहा पुलिस ने पलामू जिले से फरार अभियुक्त को गिरफ्तार कर भेजा जेल



बरडीहा (आजाद सिपाही)। बरडीहा पुलिस ने थाना कांड संख्या 67/17 के फरार अभियुक्त लल्लू सिंह पिता स्व. बालकेश सिंह, ग्राम लादी, थाना हरिहरगंज, जिला पलामू को गिरफ्तार कर बुधवार को न्यायिक हिरासत में भेज दिया है। इधर इस संबंध में जानकारी देते हुए थाना प्रभारी संतोष कुमार पाण्डेय ने कहा कि अभियुक्त काफी दिनों से फरार चल रहा था, जिसे गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है। इधर विशेष जानकारी देते हुए एसआई पंकज सिंदुरिया ने बताया कि बरडीहा थाना कांड संख्या 67/2017 दिनांक 19 दिसंबर 2017 को धारा 147,148,323,324,325,386,452,504/34 भादवि 17 सीएलए एक्ट एवं 10/13 यूएपी एक्ट के तहत अभियुक्त लल्लू सिंह के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की गई थी। अभियुक्त काफी दिनों से फरार चल रहा था। जिसको लेकर उसके घर पर भी न्यायालय के निर्देशानुसार इश्तहार भी चिपकाया गया था। उसके बावजूद भी अभियुक्त फरार चल रहा था। जिसे गुप्त सूचना के आधार पर हरिहरगंज थाना पुलिस के सहयोग से गिरफ्तार किया गया और बुधवार को लल्लू सिंह को न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया। बताते चलें कि सलगा पंचायत के पूर्व मुखिया के घर एवं प्रतिनिधि पर 2017 में उग्रवादी संगठनों के द्वारा रात्रि में हमला किया गया था।

### कांडी में अवैध बालू लदे दो ट्रैक्टर जब्त

**कांडी (आजाद सिपाही)।** थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम पंचायत पतीला मोड़ के समीप से बुधवार की सुबह गुप्त सूचना के आधार पर अंचलाधिकारी अजय कुमार दास एवं थाना प्रभारी योगेंद्र कुमार ने खरौंधा घाट के कोयल नदी से अवैध तरीके से बालू उठाव कर परिवहन के दौरान दो ट्रैक्टरों को पकड़ा है। जानकारी के अनुसार अवैध तरीके से बालू लोड दोनों ट्रैक्टर प्रखंड क्षेत्र के किसी पार्टी अध्यक्ष का ट्रैक्टर बताया जा रहा है। जो काफी दिनों से अवैध तरीके से बालू लोड कर परिवहन करने की सूचना के आधार पर अंचलाधिकारी एवं थाना प्रभारी के द्वारा ट्रैक्टर को पकड़ा गया। इधर ग्रामीणों का कहना है कि कांडी थाना क्षेत्र में शासन प्रशासन की मिलीभगत से अवैध तरीके से बालू का उत्खनन जोरों पर चल रहा है। इधर समाचार लिखे जाने तक दोनों ट्रैक्टरों पर कोई भी कार्रवाई नहीं की गई है। इस संबंध में अंचलाधिकारी अजय कुमार दास से बताया कि जिला में आवश्यक कार्य होने के कारण कार्रवाई नहीं की गई है। साथ ही उन्होंने कहा कि प्रावधान के अनुसार सुसंगत कार्रवाई की जाएगी।

**कार्रवाई :** प्रभारी मंत्री के आदेश के बाद शहर में चला बुलडोजर, हटा अतिक्रमण

# नगर परिषद और पुलिस प्रशासन ने कई दुकानों का सामान किया जब्त

**मेन रोड के अलावे सभी जगहों पर अतिक्रमण हटाओ अभियान चलाया जाएगा : ईओ सुशील कुमार**





आजाद सिपाही संवाददाता

**गढ़वा।** कृषि, पशुपालन एवं सहकारिता मंत्री सह जिले के प्रभारी मंत्री बादल पत्रलेख की अध्यक्षता में मंगलवार को जिला स्तरीय 20 सूत्री कार्यक्रम कार्यान्वयन समिति की बैठक की गई थी। बैठक में मंत्री ने जिला प्रशासन व पुलिस प्रशासन को सख्त निर्देश दिया था कि शहर में प्रत्येक दिन सड़क जाम की स्थिति बनी रहती है। सड़क के किनारे जो भी दुकानदार अतिक्रमण कर सड़क को अवरूद्ध करने का काम कर रहे हैं उनके खिलाफ अभियान चलाकर सड़क को अतिक्रमण मुक्त कराने का काम करें। मंत्री के निर्देश के बाद बुधवार को नगर परिषद व पुलिस पदाधिकारी ने संयुक्त रूप से अभियान चलाकर शहर के मेन रोड से अतिक्रमण हटाने का काम किया। इस दौरान शहर के मेन रोड में दोनों तरफ सड़क के किनारे अपनी-अपनी दुकान का सामान रखकर सड़क को अवरूद्ध किये थे। इसके बाद नगर परिषद द्वारा उक्त सामान को उठाकर नगर परिषद कार्यालय में भेज दिया गया है। इसकी जानकारी देते हुए नगर परिषद के कार्यपालक पदाधिकारी सुशील कुमार ने बताया कि शहर में प्रत्येक दिन अतिक्रमण हटाव अभियान चलाया जाएगा। शहर के दुकानदारों द्वारा सड़क के किनारे दुकान का सामान रखकर सड़क को अवरूद्ध कर दिया गया है। जिसके कारण शहर में प्रत्येक दिन सड़क जाम की स्थिति बनी रहती है। उन्होंने कहा कि मेन रोड के अलावे सभी जगहों पर अतिक्रमण हटाओ अभियान चलाया जाएगा। ताकि शहर में पूरी तरह से साफ हो सके। उन्होंने कहा कि दुकानदार सड़क के किनारे अपनी दुकान का सामान नहीं लगाएं।

इस मौके पर नगर परिषद के सिटी मैनेजर ओमकार यादव, राजकुमार, अनिल कुमार, बिंदु राम सहित पुलिस पदाधिकारी उपस्थित थे।

# सभी बैंक निर्धारित लक्ष्य के अनुरूप कार्य करें : उपायुक्त

**उपायुक्त ने डीएलआरसी एवं डीसीसी की बैठक में की विभिन्न योजनाओं की समीक्षा**



आजाद सिपाही संवाददाता

**गढ़वा।** उपायुक्त शेखर जमुआर की अध्यक्षता में डीएलआरसी एवं डीसीसी के चतुर्थ तिमाही की बैठक की गई। बैठक में उपायुक्त द्वारा पूर्व में दिए निर्देशों के अनुपालन की समीक्षा की गई। जिसके उपरांत उपायुक्त ने गढ़वा जिला अंतर्गत सभी बैंकों का महत्वपूर्ण संकेतक सीडी रेशियो, वार्षिक साख योजना (एसीपी) 2022-23, केसीसी, पीएमईजीपी, एमएसएमई, पीएमएफएमई, महिला लखपति किसान योजना समेत अन्य योजनाओं एवं विषयों को लेकर गहन समीक्षा की गई एवं निर्धारित लक्ष्य के अनुरूप कार्य करने हेतु कई आवश्यक निर्देश दिए गए। बैठक में जिला अग्रणी प्रबंधक द्वारा जानकारी दी गई कि गढ़वा जिले के 189 पंचायतों में सरकार के 1जीपी-1बीसी कार्यक्रम के अंतर्गत प्रत्येक पंचायत में स्वयं सहायता समूह के चयनित और प्रशिक्षित सदस्य को बीसी प्वाइंट का अधिष्ठापन कराया जाना है, जिले में ऐसे 186 एसएचजी के सदस्यों को प्रशिक्षित किया जा चुका है और जिन्होंने इससे संबंधित आईआईबीएफ की परीक्षा भी पास कर ली है। उक्त सभी बीसी सखी को पंचायतों में बीसी पॉइंट खोलने के लिए सभी बैंक को सहयोग करने हेतु उपायुक्त द्वारा निर्देश दिया गया। जिससे पंचायतों में बीसी प्वाइंट खोला जा सके।

बैठक में महिला लखपति किसान योजना पर चर्चा करते हुए उपायुक्त ने कहा कि अगले तीन वर्षों में स्वयं सहायता समूह की महिलाओं की वार्षिक आय को एक लाख तक करने का लक्ष्य रखा गया है, जिसे लेकर उपायुक्त ने उपस्थित बैंक के प्रतिनिधियों को कई आवश्यक दिशा निर्देश दिये। उपायुक्त ने सभी बैंकों को निर्धारित लक्ष्य के अनुरूप कार्य करने को कहा।

उन्होंने बैठक में उपस्थित बैंकों के पदाधिकारियों को सरकार द्वारा चलाए जा रहे योजनाओं यथा पीएमईजीपी, केसीसी, मुद्रा समेत ऋण का लाभ अधिक से अधिक लाभुकों तक पहुंचाने हेतु सक्रियता से कार्य करने का निर्देश दिया। उपायुक्त ने बैंकों को आगे आकर माइक्रो फिनांस करने की भी अपील की। उपायुक्त ने केसीसी पीएम किसान को लेकर प्राप्त आंकड़ों के आधार पर पीएम किसान के लंबित आवेदन को स्वीकृत करते हुए इसका पूर्णतः लाभ लाभुकों को दिलाने का निर्देश दिया गया। बैठक में विश्रामपुर विधायक प्रतिनिधि भोला चंद्रवंशी ने गढ़वा से मझिआंव के बीच एक भी एटीएम नही होने से बैंक ग्राहकों को होनेवाली परेशानियों से अवगत कराया। इसपर बैंक पदाधिकारी ने पिंडरा पेट्रोल पंप के समीप एटीएम लगाने का आश्वासन दिया।

बैठक में मुख्य रूप से जिला परिषद अध्यक्ष शांति देवी, सांसद एवं विधायक प्रतिनिधि समेत आरबीआई एलडिओ, अखुण्डल सोरेन, जिला अग्रणी प्रबंधक, इंदु भूषण लाल, डीडीएम नाबार्ड, लक्ष्मण कुमार, महाप्रबंधक जिला उद्योग केंद्र पलामू सह गढ़वा, सभी बैंकों के प्रतिनिधि उपस्थित थे।

# बेटी ने रूढ़िवादी परंपरा को तोड़ते हुए पिता को दी मुखाग्नि



**मरणोपरांत होने वाले सभी संस्कार को भी विधिवत पूर्ण करने की प्रतिबद्धता दुहराई**

आजाद सिपाही संवाददाता

**भवनाथपुर।** बेटा ही पिता की चिता को मुखाग्नि देता है। यह रूढ़िवादी परंपरा मंगलवार को टूटती नजर आई जब मृत पारा शिक्षक की इकलौती बेटी ने बेटा की तरह अपने पिता को मुखाग्नि दी। यही नहीं, मरणोपरांत होने वाले सभी संस्कार को भी विधिवत पूर्ण करने की प्रतिबद्धता दुहराई। बता दें कि हरिहरपुर मध्य विद्यालय में पारा शिक्षक आशेशवर सिंह की सोमवार को हृदयाघात से मौत हो गई थी। मौत के बाद अंतिम संस्कार हरिहरपुर सोन नदी के तट पर किया गया।

पारा शिक्षक आशेशवर सिंह की पुत्री आशतिका वर्तमान में दिल्ली के जेएनयू की छात्रा है। आशतिका सिंह ने सभी रूढ़िवादी परंपरा को तोड़ते हुए अपने पिता को मुखाग्नि दी। इतना ही नहीं, पिता को कंधा लगाते हुए श्मशान घाट तक गई, जो एक बेटे की तरह फर्ज पूरा किया। इतना ही नहीं, पिता के मरणोपरांत सभी संस्कार खुद पूरा करेगी। इस वाक्या से मौके पर उपस्थित सभी लोगों का दिल पसीज गया। बहुत लोगों ने इस बेटी की तारीफ भी की तो कुछ लोगों ने रूढ़िवादी परंपरा का हवाला देकर गलत भी बताया। लेकिन आशतिका सिंह ने कहा कि बेटा बेटी में कोई फर्क नहीं है। मैं अपने पापा का सभी संस्कार पूरा करूंगी। उल्लेखनीय है कि आशेशवर सिंह के एक पुत्र और एक पुत्री थे, लेकिन 12 वर्ष पूर्व बीमारी से पुत्र इस दुनिया से चल बसा। अब बस एक पुत्री बची है।

### नल जल योजना का जरिया और करांजी में विधायक-सांसद प्रतिनिधि ने किया शिलान्यास



**बेड़ो (आजाद सिपाही)।** प्रखंड के जरिया व करांजी पंचायत सचिवालय के समीप बुधवार को जल जीवन मिशन के तहत नल जल योजना का मांडर विधायक शिल्पी नेहा तिर्की व सांसद प्रतिनिधि धनंजय कुमार राय ने विधिवत नारियल फोड़ कर भूमि पूजन किया। मौके पर विधायक ने कहा मांडर विधानसभा क्षेत्र में लगातार विकास के काम किए जा रहे हैं। उन्होंने कहा हर घर नल योजना से सभी को शुद्ध जल घर पर ही मिलेगा हमारी बहनों को पानी के लिए घर से बाहर नहीं जाना पड़ेगा। सांसद प्रतिनिधि ने कहा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का संकल्प है कि प्रदेश में प्रत्येक गांव में नल से जल पहुंचे। कहीं भी पेयजल की समस्या ना हो। इसके लिए सरकार ने जल जीवन मिशन अभियान चलाया है। जिसके माध्यम से ग्रामीणों को घर बैठे नल से जल मिल सकेगा। उन्होंने ने गुणवत्तायुक्त काम के साथ ही जल्द योजना का काम पूरा करने के निर्देश दिए। मौके पर जिप सदस्य पार्वती कुमारी बेरोनिका एक्का, प्रमुख विनिता कच्छप उपप्रमुख मोददसिर हक, राजीव रंजन अधिकारी बीडीओ डा प्रवीण कुमार, जगरनाथ भगत, करमा उरांव विशेश्वर उरांव, मनकु कुजूर सहित ग्रामीण मौजूद थे।

# रमकंडा प्रखंड कार्यालय के सहायक के निधन पर समाहरणालय में शोकसभा आयोजित

**गढ़वा (आजाद सिपाही)।** जिला अंतर्गत रमकंडा प्रखंड कार्यालय के सहायक सुनील कुमार सिंह तमिलनाडु के वेल्लोर में इलाजरत थे। इलाज के दौरान ही आज 17 मई 2023 को प्रातः 07 बजे उनका असामयिक निधन हो जाने की सूचना प्राप्त हुई। दिवंगत आत्मा की शांति के लिए आज समाहरणालय सभागार में उपायुक्त शेखर जमुआर समेत जिला स्तर के पदाधिकारी एवं कर्मियों की उपस्थिति में दो मिनट का मौन धारण करते हुए उनकी आत्मा की शांति की कामना की गई।



## इलाज करा कर लौट रही महिला की सोनभद्र में दुर्घटना में मौत

आजाद सिपाही संवाददाता

**भवनाथपुर।** भवनाथपुर थाना क्षेत्र के मकरी पंचायत के धंगरडीहा निवासी कर्मदेव साह की ब्याहता पुत्री की मौत उत्तर प्रदेश के मारकुंडी घाटी में सड़क दुर्घटना में हो गयी। घटना के संबंध में बताया जा रहा है कि कर्मदेव साह की लड़की अपने भाई के साथ बीते मंगलवार को इलाज कराने के लिए राबर्ट्सगंज जा रही थी।

इसी क्रम में मारकुंडी घाटी में उनकी बाईक बड़ी गाड़ी की चपेट में आ गयी जिसमें लड़की की घटना स्थल पर ही मौत हो गई एवं उसके बच्चे के पैर में चोट आई है। घर में शव आते ही कोहराम मच गया।

मृतका का अंतिम संस्कार उसके ससुराल केतार के पंडा नदी घाट पर किया गया।

# ऑक्सफोर्ड पब्लिक स्कूल में समर कैंप में बच्चों ने बढ़-चढ़ कर लिया हिस्सा





आजाद सिपाही संवाददाता

**समर कैंप के माध्यम से बच्चों की प्रतिभा को निखार कर सामने लाने का प्रयास किया जाना स्कूल प्रबधन का सराहनीय कदम है : पुलिस उपाधीक्षक**

**गढ़वा।** ऑक्सफोर्ड पब्लिक स्कूल में समर कैंप का आयोजन किया गया। जिसमें पुलिस उपाधीक्षक संतोष कुमार मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित थे। मौके पर ऑक्सफोर्ड पब्लिक स्कूल के चेयरमैन अनूप सोनी सेक्रेटरी आलोक सोनी, आकाश सोनी तथा धीरज राज, मीडिया प्रभारी नूर आलम ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया।

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि ने बच्चों का उत्साह बढ़ाते हुए कहा कि गढ़वा जैसे शहर में इस तरह का समर कैंप का आयोजन किया जाना बहुत बड़ी बात है। इस कैंप के माध्यम से बच्चों की प्रतिभा को निखार कर सामने लाने का प्रयास किया जाना स्कूल प्रबधन का सराहनीय कदम है। यह बच्चों के शारीरिक और मानसिक विकास में सहायक सिद्ध होगा। बच्चों के तीरंदाजी एवं एयर राइफल शूटिंग की शुरुआत मुख्य अतिथि के द्वारा की गयी। उसके पश्चात कक्षा 4 से 7 तक के बच्चों ने सभी कार्यक्रमों में एक-एक कर अपनी सहभागिता दिखाई। छोटे बच्चों को आर्ट एंड क्राफ्ट तथा डांस कराया गया। जिसमें सभी बच्चों ने भरपूर लुत्फ उठाया।

इस समर कैंप में आने वाले दस दिनों में अलग अलग कार्यक्रमों के माध्यम से बच्चों को नई नई चीजें सिखाई जाएंगी। जिसमें हॉर्स राइडिंग, तीरंदाजी, एयर राइफल शूटिंग, ताइक्वांडो योगा, डांस, कोडिंग, आर्ट एंड क्राफ्ट, पर्सनालिटी डेवलपमेंट, थंब पेंटिंग इत्यादि का आयोजन किया जाएगा।

इस कार्यक्रम को सफल बनाने में विद्यालय के सभी शिक्षकों का महत्वपूर्ण सहभागिता रही जिसमें सुमित सर, अमित सर, कविता चौधरी, नेहा प्रीति लकड़ा, ममता टोपनो, अलका लकड़ा, सत्य प्रकाश वर्णवाल, सूरज ठाकुर, रागिनी कुमारी, प्रियंका पांडे, अंजली कुमारी, आलोक कुमार, सोनी कुमारी, रेशमी सिन्हा, सुतापा सेन तथा नीरज कुमार गिरी ने महत्वपूर्ण सहयोग दिया। कार्यक्रम का मंच संचालन कविता चौधरी एवं अमित सोनी के द्वारा किया गया।

**कार्यक्रम :** विभिन्न मुहल्ले के लोगों ने डीसी-एसपी को आवेदन देकर लगायी न्याय की गुहार

# तिलैया नदी श्मशान घाट पर दुर्गंध के कारण अंतिम संस्कार में होती है परेशानी

**लोगों ने कहा- जल्द कार्रवाई नहीं होगी तो करेंगे आंदोलन**





आजाद सिपाही संवाददाता

**गढ़वा।** जिला मुख्यालय के उंचरी कर्बल्लाह के निकट तिलैया नदी स्थित श्मशान घाट पर प्रतिबंधित पशुओं के अवशेष मांस के टुकड़े के दुर्गंध से लोग परेशान हैं। उपायुक्त गढ़वा शेखर जमुआर एवं अन्य अधिकारियों को लिखित आवेदन देते हुए कार्रवाई की मांग कर नगर परिषद के सांसद प्रतिनिधि चंदन जायसवाल ने कहा कि आए दिन वहां पर प्रतिबंधित पशु के मांस व हड्डी फेंकी जाती है। इस बात से जिले के आलाधिकारियों के अलावा मंत्री मिथिलेश ठाकुर को भी अवगत कराया गया है। वहीं नगर परिषद को भी आवेदन देकर पहल करने की मांग की गई है। मगर सभी चुप्पी साधे हुए हैं। जबकि विभिन्न पर्व-त्योहार को लेकर थाना परिसर में आयोजित शांति समिति की बैठक में भी इस मामले को उठाया जाता है। बावजूद कार्रवाई कुछ नहीं होती है। विदित हो कि तिलैया नदी श्मशान घाट पर सैकड़ों वर्ष से शहर के करीब एक दर्जन मोहल्लों के लोग दाह संस्कार करते आ रहे हैं। मुक्ति धाम होने के बाद भी वहां पर किसी प्रकार की सुविधा नहीं है। वहीं प्रतिबंधित मांस फेके जाने से लोगों में रोष व्याप्त है। इसकी तत्काल निदान करने की मांग लोग लगातार करते आ रहे हैं। इतना हीं नहीं, दबंगों ने श्मशान घाट की भूमि में अतिक्रमण भी करना शुरू कर दिया है। गलत तरीके से भूमि की जमाबंदी का कार्य भी दबंगों की ओर से किया गया है।

गैर मजरुआ भूमि का धड़ल्ले से अतिक्रमण किया जा रहा है, दबंग लोग श्मशान घाट के आसपास गैर मजरूआ भूमि पर हावी हैं। जिस कारण अतिक्रमण धड़ल्ले से किया जा रहा है। जिला प्रशासन के मौन साधने से दबंगों का हौसला भी बुलंद है। वहीं जिला प्रशासन से लेकर पुलिस प्रशासन की ओर से किसी प्रकार की कार्रवाई नहीं किए जाने से भी स्थिति भयावह होती जा रही है। तिलैया नदी श्मशान घाट पर शहर के वार्ड नंबर एक, दो, तीन, पांच, सात, आठ व दस के लोग दाह संस्कार के लिए पहुंचते हैं। दुर्गंध के कारण वहां पर एक मिनट भी रहना मुश्किल हो जाता है।

शहर के वार्ड नंबर सात के वार्ड पार्षद विनोद प्रसाद ने कहा कि श्मशाम घाट की सफाई, पानी की व्यवस्था, चारदीवारी और प्रतिबंधित मांस को फेंकने से रोकने के लिए जिले के डीसी, एसपी से लेकर मंत्री मिथिलेश ठाकुर को भी आवेदन दिया गया है। मगर अब तक किसी प्रकार की पहल नहीं की गई है। मोहल्ले के लोगों ने बुधवार को उपायुक्त गढ़वा व पुलिस अधीक्षक को फिर से आवेदन देकर न्याय की गुहार लगायी है। आवेदन देने वालों में वार्ड पार्षद विनोद प्रसाद, चन्दन जयसवाल, रवि कुमार, प्रवीण कुमार केसरी, सोनू बघेल, अशोक कुमार, यश कुमार, मधु पटवा, यमुना साव, ओम कुमार, कमलेश पासी, विकास कुमार, कंचन कुमार, भोलू कुमार, बादल कुमार, पीयूष कुमार, संजय पासी, पंकज कुमार, सोनू पासी, अरविंद कुमार पटवा, आशीष केसरी, साकेत मालाकार, सुरेश अग्रवाल, रविंद्र पटेल, रूपेश कुमार, सुदर्शन मेहता, जय कुमार, अजय कुमार सहित काफी संख्या में मुहल्ले के लोग उपस्थित थे।

### रांची के पुंदाग की रहने वाली रिया सिंह पर नौकरी दिलाने के नाम पर 50 लाख की ठगी का आरोप

# एकजुट हुई ठगी की शिकार महिलाएं, थाने में मामला दर्ज कराने की दी चेतावनी

आजाद सिपाही संवाददाता

**तमाड़।** रांची सेल सिटी अंतर्गत न्यू पुंदाग की रहने वाली रिया सिंह के किलाफ नौकरी दिलाने के नाम पर कथित रूप से तमाड़, अड़की, खूंटी और सोनाहातू आदि इलाकों से लगभग 50 लाख रुपए की ठगी किए जाने का मामला लगातार उठाया जा रहा है। इसी मुद्दे को लेकर बुधवार को ठगी की शिकार पीड़ित महिला-पुरुष तमाड़ स्थित देवडी मंदिर परिसर में एकजुट हुए। सभी ने सर्व सम्मति से एक साथ पुनदाग ओपी जाकर मामला दर्ज कराने की बात की। साथ ही शपथ लिया कि 50 लाख रुपये



गोलबंद होकर ठगी करने वाली महिला के खिलाफ कानूनी कार्रवाई को लेकर चर्चा करती महिलाएं।

की धोखाधड़ी करने वाली रिया सिंह को हर हाल में सजा दिलवाकर ही रहेंगें। गौरतलब हो कि रांची के पुंदाग की रहने वाली रिया सिंह पर विगत दिनों नौकरी दिलाने के नाम पर पैसे लेकर नौकरी नहीं दिलाने का आरोप लगा था। इस बाबत भुक्त भोगियों ने प्रदेश के मुख्यमंत्री, रांची एसएसपी और रांची सिटी एसपी को आवेदन देकर पैसे वापस दिलवाने की गुहार लगायी है। इसके आलोक में मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की पहल पर संज्ञान लेते हुए सरकार के अवर सचिव राम मूर्ति सिंह ने महानिदेशक एवं पुलिस महानिरीक्षक से मामले की जांच कर कार्रवाई करने का निर्देश दिया है। इस संबंध में तमाड़ की पेडाइडीह गांव की रहने वाली लखीमणी देवी ने आवेदन देते हुए बताया कि रिया सिंह ने नौकरी व लोन दिलाने के नाम पर लाखों रुपए ठग लिये हैं। रुपया मांगने पर गाली गलौज करती है। उल्लेखनिय है कि रिया पर लखीमणी देवी से 15 लाख, शांति देवी से पांच लाख, सुशीला कुमारी से 10 लाख, पन्ना देवी से दो लाख, सारी देवी से 1.5 लाख, सितेशवरी देवी से एक लाख, लिलमणी देवी से 1.5 लाख, लछ्मन मुंडा से एक लाख 60 हजार, हलधर महतो से आठ लाख, दुर्गावती देवी से 1.5 लाख, मेघनाथ मुंडा से एक लाख 80 हजार रुपये की ठगी करने का आरोप है। इसके अलावे भी कई और लोग भी है, जिसकी रिया ने ठगी की है। हालांकि इस बाबत रिया सिंह से संपर्क कर पूछने पर उन्होंने कहा कि यह सब झूठ है। उन्हें फंसाया जा रहा हैं।

# अर्जुन मुंडा ने की रेल और शहरी विकास मंत्री से मुलाकात, खूंटी के विकास को लेकर चर्चा


आजाद सिपाही संवाददाता

**खूंटी/तमाड़।** केंद्रीय जनजातीय मामलों के मंत्री और खूंटी के सांसद अर्जुन मुंडा ने बुधवार को रेलवे, संचार, इलेक्ट्रॉनिक्स और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री अश्विनी वैष्णव और पेट्रोलियम एवं प्राकृतिक गैस व शहरी विकास मंत्री हरदीप सिंह पुरी से मुलाकात की। दोनों मंत्रियों से मिलकर अर्जुन मुंडा अपने संसदीय क्षेत्र खूंटी से संबंधित समस्याओं और विकास के बारे में चर्चा की। उन्होंने रेल मंत्री से सरायकेला खरसावां स्थित सीनी में रेल चक्का निर्माण के लिए पहल



करने, नामकुम-कांड्रा रेल लाइन का काम शीघ्र शुरू करने, हटिया-बंडामुंडा रेल खंड में कंहरव - तांती-पर्वोटोनिया-ओर्गा स्टेशन के बीच रेल लाइन दोहरीकरण का कार्य, सीनी और मुंडाटांड रेलवे गेट के बीच सड़क निर्माण सहित कई ट्रेनों के ठहराव के बारे में चर्चा की। वहीं, हरदीप पुरी से उनके कार्यालय में मुलाकात कर अर्जुन मुंडा ने क्षेत्र की कई समस्याओं और विकास के बारे में चर्चा की।

## दूतीनाथ महतो अध्यक्ष और दीपक बने सचिव



**खलारी (आजाद सिपाही)।** सीसीएल कोलियरी कर्मचारी संघ के चूरी शाखा कमेटी का पुनर्गठन किया गया है। पर्यवेक्षक के रूप में उपस्थित एनके एरिया अध्यक्ष अमर भूषण सिंह और एरिया सचिव गोविंद चंद्र महतो की उपस्थिति में नई कमेटी की घोषणा हुई। जिसमें मनीष कुमार को संरक्षक, दूतीनाथ महतो अध्यक्ष, अखिलेश यादव, सहदेव महतो, राम मोहन प्रसाद को उपाध्यक्ष, दीपक मंडल को सचिव, उमेश यादव, कयामुद्दीन अंसारी और धनेश्वर राम को सह सचिव मनोनीत किया गया है। वहीं किरण देवी कोषाध्यक्ष, आनंद कुमार को उप कोषाध्यक्ष, अयूब अंसारी को संगठन मंत्री, नौशाद आलम को कार्यालय मंत्री बनाया गया है। जबकि कार्यकारिणी सदस्यों में अमित कुमार, द्वारिका प्रसाद, प्रवेश मोची, साधु करमाली, मंगरा मुंडा, बृजेश कुमार, चैतू मांझी, भीखू मुंडा, संदीप कुमार, रामचंद्र उरांव, मंजेश मिश्र, जगमोहन महतो, गणेश गंझू, कृष्णा महतो, श्याम किशोर मुंडा, रंजीत बराल, तिहारो राम, झनकू महतो, सतनारायण चौहान को बनाया गया है।

# बाइक रेलिंग से टकरायी, एक की मौत, दूसरा गंभीर

आजाद सिपाही संवाददाता

**सिल्ली।** थाना अंतर्गत सिल्ली-बुंडू मार्ग पर लोवादाग के समीप बाइक सवार युवक रैलिंग से टकरा गया। इस हादसे में एक युवक की मौके पर ही मौत हो गयी। जबकि दूसरा गंभीर रूप से घायल हो गया। इसकी सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस ने शव का पंचनामा कर थाना परिसर में रखा है, जिसे गुरुवार को पोस्टमार्टम के लिए रांची के रिम्स अस्पताल भेजा जाएगा। पुलिस से मिली जानकारी के मुताबिक बुधवार की शाम चार बजे झाबरी निवासी सुभाष मुखियार का पुत्र गौरांग मुखियार अपने मौसेरे भाई संदीप मुखियार के साथ अपने रिश्तेदार के घर रामडेरा से बाइक से सिल्ली होते हुए अपने घर जा रहा था। इसी बीच लोवादाग के समीप एक वाहन से पास लेने के क्रम में संतुलन बिगड़ने से बाइक अनियंत्रित होकर सड़क किनारे लगे स्टील की रेलिंग से टकराई गयी। टक्कर इतनी जोरदार थी कि संदीप मुखियार की मौके पर ही मौत हो गई। जबकि गंभीर रूप से घायल गौरांग मुखियार को स्थानीय ग्रामीणों के सहयोग से सिल्ली अस्पताल पहुंचाया गया। जहां उसका इलाज चल रहा है। दूसरी ओर, घटना की सूचना मिलते ही आजसू के केंद्रीय संगठन सचिव जयपाल सिंह, केंद्रीय सचिव संजय सिद्धार्थ, पूर्व जिप सदस्य गौतम कृष्ण साहू, प्रखंड प्रमुख जितेंद्र बड़ाईक, आजसू प्ररखंड अध्यक्ष रविंद्र करमाली व हेमंत नायक आदि थाना परिसर पहुंचे और मृतक के परिजनों को ढांढस बंधाया।

## हाथी प्रभावित परिवार से मिले नीलकंठ मुंडा, एक लाख की दी सहायता राशि




आजाद सिपाही संवाददाता

**खूंटी।** राज्य के पूर्व ग्रामीण विकास मंत्री व खूंटी के वर्तमान विधायक नीलकंठ सिंह मुंडा ने बुधवार को कर्रा प्रखंड के डुमरगढ़ी ग्राम के वनटोली गांव में जंगली हाथियों द्वारा मारे गए बच्चे के परिजनों से मुलाकात की और उन्हें हरसंभव मदद का भरोसा दिया। ज्ञात हो कि 14 मई की रात जंगली हाथियों ने वनटोली के जागरण मुंडा के आठ वर्षीय पुत्र को कुचलकर मार डाला था। यही नहीं, पूरे घर को तहस-नहस कर दिया गया था। विधायक के साथ कर्रा प्रखंड के अंचलाधिकारी वैद्यनाथ कामती भी वनटोली गांव पहुंचे और मामले की जानकारी ली। विधायक ने तत्काल सहायता के रूप से एक लाख रुपये की सहयोग राशि परिवार वालों को दी। विधायक ने आश्वासन दिया कि हाथियों के झुंड ने जिस किसी के भी मकान को ध्वस्त किया गया है, उनके मालिकों को सरकार द्वारा जो मुआवजा मिलता है, उसका भुगतान तुरंत कराया जाएगा। इस मौके पर भाजपा के खूंटी जिला उपाध्यक्ष कैलाश राम महतो, बिरसा धान, तेंबा उरांव, अशरफ चौहान, मथुरा, रंजीत और दया आदि मौजूद थे।

## राष्ट्रपति के खूंटी में संभावित कार्यक्रम को लेकर जेएसएलपीएस के सीइओ ने किया स्थल का निरीक्षण

आजाद सिपाही संवाददाता

**खूंटी।** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू के 25 मई को खूंटी जिले में संभावित कार्यक्रम को लेकर बुधवार को जेएसएलपीएस के मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी सूरज कुमार ने स्थल भ्रमण करते हुए तैयारियों का जायजा लिया। इस मौके पर डीसी ने कार्यक्रम के प्रबंधन और आवश्यक कार्यों को लेकर विस्तार में चर्चा की। बताया गया कि राष्ट्रपति के आगमन को लेकर अधिकारी, दंडाधिकारी और पुलिस पदाधिकारियों की प्रतिनियुक्ति की जा रही है। साथ ही विधि व्यवस्था, भीड़ प्रबंधन, सुरक्षा व्यवस्था के अलावा ट्रैफिक व्यवस्था, रूट लाइन की व्यवस्था को लेकर पूर्व में ही वरीय



पदाधिकारीयों को निर्देश दिये गये हैं। डीसी ने बताया कि इसे लेकर संबंधित अधिकारियों की जिम्मेदारियों को स्पष्ट किया जा चुका है। साथ ही सभी प्रतिनियुक्त किए जानेवाले अधिकारियों और कर्मियों को आइडी कार्ड उपलब्ध कराए जाएंगे। बिरसा कॉलेज स्टेडियम में होनेवाले कार्यक्रम की रूपरेखा को लेकर भी चर्चा की गई। राष्ट्रपति के आगमन पर हेलिपैड की व्यवस्था और कार्केड पदाधिकारी और दंडाधिकारियों की प्रतिनियुक्ति की जा रही है। इस दौरान स्थानीय ग्रामीणों के प्रवेश द्वार और निकासी द्वार, पार्किंग व्यवस्था, भोजन काउंटर और स्टॉल संबंधित कार्यों की जानकारी मुख्य कार्यपालक अधिकारी को दी गई। बिरसा कॉलेज स्टेडियम में प्रस्तावित महिला सम्मेलन के मुख्य आयोजन को लेकर सुरक्षा एवं सुविधा के विभिन्न पहलुओं पर चर्चा की गई।

## विधायक की पहल पर लगा ट्रांसफॉर्मर, ग्रामीणों में हर्ष

**सिल्ली (आजाद सिपाही)।** कोंका लगाम गांव में बुधवार को 63 केवी के ट्रांसफार्मर का उद्घाटन आजसू के क्षेत्रीय प्रभारी सह पूर्व जिप सदस्य गौतम कृष्ण साहू एवं आजसू के सिल्ली प्रखंड अध्यक्ष रविंद्र करमाली ने संयुक्त रूप से किया। बतातें चलें कि ट्रांसफार्मर जल जाने से पिछले तीन महीने से लोग इस भीषण गर्मी में भी अंधेरे में रहने को मजबूर थे। ग्रामीणों ने विधायक सुदेश महतो से नया ट्रांसफार्मर लगाने की गुहार लगायी थी। जिसपर विधायक ने पहल करते हुए विभाग के अधिकारियों से जल्द से जल्द नया ट्रांसफार्मर लगाने का आग्रह किया था।

## बिलारी स्कूल में चापानल से मोटर चोरी

**पिपरवार (आजाद सिपाही)।** सीसीएल पिपरवार क्षेत्र के बिलारी उत्क्रमित प्राथमिक विद्यालय से मंगलवार की रात चोरों ने स्कूल के चापानल को खोलकर उसके अंदर लगे मोटर, तार और रस्सी चोरी कर ली। मोटर चोरी होने से विद्यार्थियों को पानी पीने के लिए काफी परेशानी हो रही है। शिक्षा के मंदिर में चोरों द्वारा किए गए इस हरकत की क्षेत्र के लोगों ने कड़े शब्दों में निंदा की है। वार्ड पार्षद पंकज कुमार दास ने बताया कि स्कूल में पानी की समस्या को देखते हुए एक सप्ताह पूर्व ही यहां नया मोटर जलमीनार लगाया गया था। इस भीषण गर्मी में जल मीनार बनने के बाद बच्चों को पानी पीने को लेकर काफी राहत मिली थी, लेकिन मोटर चोरी हो जाने से चिंता फिर बढ़ गयी है।

## केडी कॉलोनी में सोलर जल मीनार खराब होने से बढ़ी लोगों की परेशानी

आजाद सिपाही संवाददाता

**खलारी।** प्रखंड के बुकबुका पंचायत स्थित केडी कॉलोनी में लगा सोलर जल मीनार विगत कई वर्षों से खराब है। कुछ दिनों से गर्मी बढ़ने के कारण बुकबुका पंचायत के साथ खलारी प्रखंड क्षेत्र में जल समस्या काफी बढ़ गई है, जिससे आमजन परेशान हैं। वहीं केडी कॉलोनी के लोगों ने बताया कि उक्त जलमिनार लगने के कुछ दिनों बाद से ही खराब हो गया था। कई बार पंचायत प्रतिनिधियों, पेयजल स्वच्छता विभाग एवं प्रखंड अधिकारियों को इसकी जानकारी दी गई, लेकिन किसी ने ध्यान नहीं दिया। न ही अब तक जलमिनार की मरम्मती की




पहल की गई है। दूसरी ओर खराब जल मीनार और चापाकल के कल पूर्जे भी चोरी हो रहे हैं। लोगों ने बताया कि कुछ दिनों से गर्मी बढ़ गई है जिस कारण केडी कॉलोनी वासियों के बीच पानी की समस्या बढ़ गई है।

## प्रबंधक को पत्र लिखकर ग्रामीण इलाकों में टावर लाइट लगाने की मांग

**पिपरवार (आजाद सिपाही)।** रैयत विस्थापित मोर्चा के केंद्रीय उपाध्यक्ष इकबाल हुसैन ने सीसीएल पिपरवार एरिया के सीएचपी सीपीपी परियोजना पदाधिकारी को पत्र लिखकर क्षेत्र के विस्थापित प्रभावित इलाकों में टावर लाइट लगाने की मांग की है। उन्होंने बताया कि ग्रामीण इलाकों में अंधेरा होने के कारण लगातार दुर्घटना हो रही है। उन्होंने कल्याणपुर चौक, बिलारी चौक, कारो चौक, किचटो चौक और बहेरा चौक में टावर लाइट लगाने की मांग की है।

## पीड़ित परिवार से मिले भाजपा नेता, की आर्थिक मदद



**तमाड़ (आजाद सिपाही)।** सलगाडीह गांव में निवासी बुधु लोहरा (26) की विगत सात मई को आस्मिक मौत हो गयी थी। इसके बाद से उसकी पत्नी गुरुवारी देवी (24) और उसका चार साल के बेटे के सिर से पिता का साया उठ गया। गुरुवारी देवी गर्भवती भी है। इसकी सूचना पाकर बुधवार को उसके सतकर्म में भाजयुमो प्रदेश कार्यसमिति सदस्य विनोद राय पहुंचे और दुखी परिवार को ढांढस बंधाया। विनोद राय ने परिवार को आर्थिक सहयोग करने के साथ ही सरकार से उचित मुआवजा एवं अविलंब विधवा पेंशन चालू करवाने की मांग की। साथ ही पीड़ित परिवार की यथा संभव मदद का भरोसा दिया।

## पेयजल की समस्या को लेकर विधायक ने की विभागीय अधिकारियों के साथ बैठक



**सोनाहातू/राहे (आजाद सिपाही)।** विधायक सुदेश महतो ने अपने आवासीय कार्यालय में बुधवार को पेयजल की समस्या को लेकर विभाग के कार्यपालक अभियंता निरंजन कुमार, सहायक अभियंता तेलेस्फोर मिंज सहित कनीय अभियंता के साथ बैठक की। जिसमें हर मुहल्ले में पेयजल की समस्या को लेकर चर्चा की गयी। साथ ही हर घर में पेयजल देने की गारंटी की रूपरेखा तय की गयी। विधायक ने गांव के खराब चापानल को युद्ध स्तर पर दुरुस्त करने का निर्देश दिया। साथ ही सूखाग्रस्त इलाके में गर्मी तक टैंकर से पेयजल आपूर्ति करने का निर्णय लिया गया। इस दौरान जल जीवन मिशन के तहत हर घर नल योजना की समीक्षा की गयी। सताकी, अंबाझरिया, होटलो, बारेंदा, हेसाडीह, लांदुपडीह, तेतला, बसंतपुर, बंसिया, पंडाडीह और हारिन आदि पंचायत में बन रहे जलमीनार योजना के निर्माण में तेजी लाने को कहा गया।

## बड़े-बुजुर्गों की सलाह पर चलनेवाला परिवार सुखी होता है : राजेंद्र शर्मा

**खूंटी (आजाद सिपाही)।** प्रखंड की तिरला पंचायत के बेलवादाग ग्राम में नवनिर्मित आंगनबाड़ी केंद्र का शुभारंभ बुधवार को किया गया। इस अवसर पर प्रखंड प्रमुख छोटराय मुंडा ने कहा कि आंगनबाड़ी केंद्र में बच्चों की प्राथमिक शिक्षा, संस्कार, टीकाकरण, वृद्धि चार्ट, बच्चों की देखभाल सहित अन्य विषयों पर शिक्षा दी जानी चाहिए। उन्होंने परिवार दिवस के उपलक्ष्य में परिवार एवं परिवार के महत्व के बारे में विचार व्यक्त किये। वहीं, तिरला मुखिया ने आंगनबाड़ी केंद्र के बच्चों को बधाई देते हुए कहा कि अभिभावक अपने बच्चों को प्रत्येक दिन समय से आंगनबाड़ी केंद्र भेजें। बाल विकास परियोजना पदाधिकारी, खूंटी बिंदु देवी ने आंगनबाड़ी के तहत संचालित विविध योजनाएं जैसे सारथी योजना, लक्ष्मी लाडली योजना, वृद्धि निगरानी सप्ताह, कन्यादान योजना आदि के बारे में विस्तृत जानकारी दी। वहीं, तेजस्विनी परियोजना के जोनल टीम के राजेंद्र शर्मा ने आंगनबाड़ी केंद्रों के बच्चों के विकास की भूमिका की चर्चा करते हुए वर्तमान दौर में परिवार को जोड़कर रखने की अपील की। मौके पर जिला परियोजना प्रबंधक ने आंगनबाड़ी के बच्चों को कविता के माध्यम से आशीर्वचन दिया। उन्होंने परिवार दिवस पर चर्चा करते हुए कहा कि परिवार के बड़े-बुजुर्ग की सलाह के अनुसार चलनेवाला परिवार सुखी परिवार होता है। इस मौके पर महिला पर्यवेक्षक सरोज कुमारी, प्रखंड समन्वयक संगीता देवी, युवा उत्प्रेरक सुरेखा देवी, आंगनबाड़ी सेविका अंजू हेमरोम, तेजस्विनी क्लब की किशोरियां एवं युवतियां आदि उपस्थित थीं।

## तमाड़ में कहर बरपा रही गर्मी, पारा 41 के पार

**तमाड़ (आजाद सिपाही)।** पूरे पांच परगना मेंइन दिनों भीषण गर्मी का प्रकोप जारी है। चिलचिलाती धूप व भीषण गर्मी के चलते लोगों का जीना मुहाल हो गया है। सुबह होते ही तेज धूप निकल आ रही है, जो शाम पांच बजे तक रहती है। कड़ी धूप की वजह से लोगों का घरों से निकलना मुश्किल हो गया है। मवेशियों का भी बुरा हाल है। चिकित्सकों ने बेहजह धूप में निकलने से साफ मना कर दिया है। मौसम विभाग की मानें तो बुधवार को तापमान 41 डिग्री सेल्सियस के पार पहुंच गया। गर्मी की वजह से पानी का जलस्तर लगातार गिरता चला जा रहा है। तालाब-कुएं सुखने लगे है। चापाकल से पानी कम निकल रहा है। अधिकतर बोरिग फेल हो रहे है।

### आरसेटी में 10 दिवसीय बकरी पालन प्रशिक्षण का समापन

# व्यावसायिक रूप से बकरी पालन कर आत्मनिर्भर बनें: जशन कुजूर

आजाद सिपाही संवाददाता

**खूंटी।** जिले के विभिन्न प्रखंडों के लिए आर सेटी की ओर ९स आयोजित 10 दिवसीय बकरी पालन प्रशिक्षण का बुधवार को समापन हो गया। प्रशिक्षण में जिले के 19 पशु पालक किसानों ने भाग लिया। रांची से आये प्रशिक्षिक अशोक कुमार ने प्रशिक्षुओं के साथ पशुपालन से जुड़ी सभी जानकारियां साझा की। साथ ही व्यावसायिक तौर पर बकरी पालन करने की बात कही। प्रशिक्षण के दौरान बकरी पालन प्रशिक्षुकों को टीकाकरण का व्यावहारिक ज्ञान देने के लिए रनिया प्रखंड के रेबेद गांव ले जाया गया, जहां उन्हें बकरियों के टीकाकरण की जानकारी दी गई। अंत में प्रशिक्षण का मूल्यांकन और प्रमाणीकरण नेशनल अकादमी ऑफ रुडसेटी



के सुरेन्द्र कुमार सिंह और संतोष राणा द्वारा किया गया। बताया गया कि प्रशिक्षण का मुख्य उद्देश्य सभी प्रशिक्षुओं को बकरी पालन की पूरी जानकारी देना था, ताकि वे अपने-अपने कार्य क्षेत्रों में जाकर अनुभव साझा करें और सेवा प्रदान करें। साथ ही खुद व्यवसाय से जुड़क आत्मनिर्भर बन सकें। प्रशिक्षण के दौरान विभिन्न नस्ल की बकरियों, क्रॉस ब्रीडिंग, बकरी पालन से जुड़े व्यावसायिक लाभ और उनसे जुड़ी बीमारियां, उनका निवारण, दवा का सही उपयोग आदि के बारे में जानकारी दी गई। संस्थान के संकाय सदस्य सुशील कुमार ने प्रशिक्षणार्थियों को व्यवसाय से जुड़े सभी पहलुओं से अवगत कराया। इनमें प्रमुख्तः एक सफल उद्यमी बनने के गुण, बाजार प्रबंधन, समस्या समाधान प्रबंधन, बैंकिंग, बीमा योजना, प्रोजेक्ट रिपोर्ट की तैयारी, विभिन्न सरकारी बैंक संबंधी योजनाओं और कौशल विकास आदि से संबंधित जानकारी साझा की गई। समापन समारोह में निदेशक आरसेटी जशन कुजूर उपस्थित थे। उन्होंने सभी प्रशिक्षणार्थियों को प्रमाण पत्र देकर सम्मानित करते हुए सकारात्मक और संयमी बनकर सफल उद्यमी बनने के लिए प्रेरित किया। बताया कि झारखंड प्रदेश पशुपालन के लिए बहुत ही उपयुक्त है। इसमें रोजगार की काफी संभावनाएं है। इसमें सरकार की बहुत सारी जन लाभकारी योजनाएं उपलब्ध हैं। वहीं, प्रशिक्षण कार्यक्रम को सफल बनाने में संकाय सुशिल कुमार, संजय कुमार, सहायक सतनाम कंडुलना, सहायक निर्मल कुमार हेमरोम और परिचर जितेंद्र महतो की सराहनीय भूमिका रही।

## पिपरवार महाप्रबंधक कार्यालय में असंगठित मजदूरों का धरना तीसरे दिन भी जारी



**पिपरवार (आजाद सिपाही)।** कोयलांचल क्षेत्र में कार्यरत अंसगठित मजदूरों की ओर से पिपरवार महाप्रबंधक कार्यालय के समक्ष विभिन्न मांगों के समर्थन में बुधवार को तीसरे दिन भी धरना जारी रहा। यूनाइटेड कोल वर्कर्स यूनियन एनके एरिया के नेतृत्व में सैकड़ों असंगठित मजदूर 15 मई से धरने पर बैठे हैं। इस संबंध में असंगठित मजदूरों ने बताया कि बकाया बोनस और सीएमपीएफ के भुगतान की मांग को लेकर प्रबंधन को एक माह पूर्व पत्र देकर समस्या का समाधान करने की मांग की गई थी, लेकिन प्रबंधन ने कोई पहल नहीं की। इसके बाद असंगठित मजदूर यूनियन के बैनर तले अनिश्चितकालीन शुरू किया गया है। कहा कि जब तक मांगों को पूरा नहीं किया जाता तब तक धरना जारी रहेगा। इस मौके पर यूनियन के कृष्णा चौहान, प्रेम कुमार, अशोक राम, दिनेश भर, जितेंद्र सिंह, चंदन शर्मा, रामाशीष नायक, महावीर महतो, समसुल अंसारी, धनेश्वर गंझु, नंदकिशोर ठाकुर, टेकलाल महतो, गणेश मुंडा, कैलाश विश्वकर्मा, गोपाल महतो, नागेश्वर महतो, अरविंद पासवान, राजेश पासवान, ओमप्रकाश पासवान, मोहन महतो आदि थे।

## इटकी में अजीम प्रेमजी फाउंडेशन के शिक्षकों ने किया तीन दिवसीय समर कैंप का आयोजन



**इटकी (आजाद सिपाही)।** इटकी प्रखंड में पहली बार समर कैंप का आयोजन अजीम प्रेमजी के शिक्षकों द्वारा किया गया। अजीम प्रेमजी फाउंडेशन द्वारा मोरो स्थित रामवि परिसर में आयोजित तीन दिवसीय समर कैंप का बुधवार को समापन हुआ। मौके पर पेड़ों की सुरक्षा का संकल्प लेने के साथ परिसर में स्थित सखुआ सहित अन्य पेड़ों में रक्षा सूत्र बांधे गये। कैंप के दौरान विद्यार्थियों द्वारा बनाये गये शिक्षा पर आधारित चित्रांकन, आर्ट व विज्ञान से संबंधित कला की प्रदर्शनी लगायी गयी। विद्यार्थियों ने कैंप में प्राप्त अनुभवों को साझा भी किया। कैंप में मोरो के अलावा बोड़ेया व सियारटोली स्कूल के विद्यार्थियों ने भाग लिया। समापन के मौके पर फाउंडेशन के विद्वान शिक्षक के गुरु प्रसाद, अभिषेक मित्रा, राजेश कुमार, सोनालिका, नंदलाल महतो, आशा खलखो, बिनोद साहू, प्रमोद शाही, संध्या, सुमति, फगनी व नीलम सहित अन्य शामिल थे।

## रातू गोविंद नगर में हुई हत्या मामले में पत्नी से पूछताछ कर रही है पुलिस

**रातू (आजाद सिपाही)।** थाना क्षेत्र के गोविंद नगर में मंगलवार को अनिरुद्ध उर्फ राजकुमार शाही की हुई हत्या के खुलासे के करीब पुलिस पहुंच चुकी है। हत्या मामले में पुलिस शक के आधार पर पत्नी सोनी देवी को हिरासत में लेकर पूछताछ कर रही है। मंगलवार को मृतक अनिरुद्ध का शव घर के अंदर फर्श पर मिला था। पत्नी ने पुलिस को बताया था कि वह मंगलवार की सुबह रांची गयी थी। दिन के ढाई बजे जब वह व उसका आठ वर्ष का पुत्र घर वापस आये तो फर्श पर पति को खून से लथपथ पाया था। किसी ने धारदार हथियार से वार कर पति की हत्या कर दी थी। मामले को लेकर मृतक अनिरुद्ध के भाई त्रिसूल शाही ने रातू थाने में प्राथमिकी दर्ज कराई थी। आस पड़ोस से पूछताछ में पुलिस को पता चला था कि मृतक अनिरुद्ध से पत्नी सोनी देवी का अनबन चल रहा था। कुछ दिन पहले पति से झगड़ा होने के बाद पत्नी ने संपति अपने पुत्र के नाम में करा लिया था।

## इटकी रहमत नगर के लोगों ने बीडीओ को ज्ञापन सौंपकर जलमीनार की मरम्मत की मांग की

**इटकी (आजाद सिपाही)।** मौसम का पारा 40 पार हो और जल की व्यवस्था हो तो समस्या कल्पना से भी परे की है। यही समस्या रहमत नगर में देखने को मिली। तरगड़ी के रहमत नगर में पिछले कई महीनों से सोलर युक्त मिनी जलमीनार से जलापूर्ति ठप है। इससे रहमत नगर में भीषण पेयजल संकट व्याप्त हो गया है। पेयजल संकट से त्रस्त ग्रामीणों ने बुधवार को बीडीओ से भेंट कर एक ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में जलमीनार की तत्काल मरम्मत कराने की मांग की गयी है।

## मांडर में अज्ञात वाहन के धक्के से बाइक सवार युवक गंभीर रूप से घायल

**मांडर (आजाद सिपाही)।** मांडर थाना के निकट बुधवार को अपराह्न लगभग दो बजे हुई सड़क दुर्घटना में केशकानी कुम्बा टोली निवासी 34 वर्षीय मनीष कुजूर गंभीर रूप से घायल हो गया। जिसका मांडर रेफरल अस्पताल में प्राथमिक उपचार के पश्चात रिम्स रेफर कर दिया गया। जानकारी के अनुसार वह अपनी बाइक से मांडर की ओर आ रहा था इसी क्रम में एक अज्ञात वाहन ने उसे धक्का मार दिया, जिससे वह गिर कर घायल हो गया।

## मोटर पंप चोरी करते युवक पकड़ाया, चोरी के छह मोटर पंप सहित दो खरीदार गिरफ्तार



**चान्हो (आजाद सिपाही)।** पुलिस ने समरसेबल मशीन की चोरी करते हुए युवक को सोंस के पतरा टोली रोड से रंगे हाथ पकड़ा। चोरी के आरोपी सोएब अंसारी की निशानदेही पर छह चोरी के मोटर पंप बरामद किये गया। वहीं चोरी का सामान खरीदने वाले इरफान कुरैसी, शमीम कुरैसी बलसोकरा को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेज दिया। साथ ही उनके पास से चोरी का सामान को भी बरामद कर लिया गया है।

## बेड़ो बिजली विभाग के क्वार्टर में ताला तोड़कर नगद व जेवर सहित घरेलू सामान की चोरी



**बेड़ो (आजाद सिपाही)।** थाना क्षेत्र के बेड़ो बिजली विभाग के क्वांटर में बुधवार की रात में चोरों ने घर का ताला तोड़ कर नगद, सोना चांदी के जेवर सहित घरेलू उपयोग के सामानों की चोरी कर ली। घटना के संदर्भ में दैनिक बिजली कर्मी असलम मिंया ने बताया कि परिवार के साथ 13 मई को सुबह सात बजे घर में ताला लगाकर शादी समारोह में अंबिकापुर छत्तीसगढ़ चले गए थे। वहीं बुधवार को लगभग साढ़े नौ बजे पड़ोसी ने फोन पर बताया कि घर के दरवाजा का ताला टूटा हुआ है। शाम में जब घर वापस आया तो अंदर जाकर देखा तो कमरा का सामान बिखरे पड़ा था। अलमारी का लॉक भी टूटा हुआ था। सामानों को चेक किया तो पता लगा कि चोर घर में नगद रुपये, सोने व चांदी के जेवर एलइडी टीवी, कुलर, कपड़े व घरेलु उपयोग के सामान चुरा कर ले गए। संभवतः चोरों ने घात लगाकर के बंद घर को अपना निशाना बनाया। इधर बेड़ो थाना प्रभारी मुकेश कुमार हेम्ब्रम ने पुलिस बल के साथ घटना स्थल का मुआयना किया। वहीं पुलिस चोरी की घटना को लेकर छानबिन कर रही है। उन्हेंने बताया कि बहुत जल्द चोर पुलिस की गिरफ्त में होंगे।

**जनता दरबार :** ओरमांझी प्रखंड सह अंचल मुख्यालय में खिजरी विधायक ने सुनी ग्रामीणों की समस्या

# क्षेत्र की जनता की समस्याओं का शीघ्र होगा समाधान : राजेश कच्छप

**जनप्रतिनिधियों और विभागीय पदाधिकारियों के साथ की समीक्षा बैठक**

आजाद सिपाही संवाददाता



**ओरमांझी।** ओरमांझी प्रखंड सह अंचल मुख्यालय सभागार में बुधवार को खिजरी विधायक राजेश कच्छप ने जनता दरबार लगाकर जनता की समस्याओं से रूबरू हुए। ग्रामीणों ने जमीन संबंधी ऑनलाइन, लाल/पीला कार्ड, आवास निर्माण, विधवा पेंशन, पेयजल की समस्या, बिजली की समस्या, मनरेगा भुगतान की समस्या, जाति, आय एवं आवासीय प्रमाणपत्र की समस्या सहित अनेकों समस्याएं विधायक के समक्ष रखा। जिसे सुन विधायक ने कहा कि क्षेत्र के जनता की जो भी समस्याएं हैं उन समस्याओं को विभागीय अधिकारियों से सामंजस्य स्थापित कर शीघ्र समाधान कया जाएगा। वहीं जनप्रतिनिधियों व विभागीय पदाधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक कर पंचायत स्तर पर सरकार आपके द्वार कार्यक्रम की समीक्षा की।

समीक्षा बैठक में कई विभाग के पदाधिकारी के नहीं पहुंचने पर उन्हें फटकार भी लगायी गयी। वहीं विधायक ने अधिकारियों से कहा कि जनता की समस्याओं का निपटारा जल्द से जल्द किया जाए। वहीं जनप्रतिनिधियों ने कहा कि अधिकारी एवं कर्मचारी बिना पैसा के कोई काम नहीं करते हैं। अंत में विधायक ने कहा कि सरकार की जो भी योजनाएं हैं समाज के अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाने में कोई कोताही नहीं होनी चाहिए।

मौके पर विधायक के साथ जिला परिषद सदस्य कमिश्नर मुंडा, सरिता देवी, प्रखंड प्रमुख अनुपमा देवी, उप प्रमुख रिजवान अंसारी, प्रखंड विकास पदाधिकारी विजय कुमार सोनी, अंचलाधिकारी विजय केरकेट्टा सहित प्रखंड के मुखिया, पंचायत समिति सदस्य सहित दर्जनों विभाग के पदाधिकारी मौजूद थे।

## नामकुम प्रखंड कार्यालय में दो दिवसीय राज्य स्तरीय प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित

**प्रशिक्षण के उपरांत अपने पंचायत और गांव के लिए योजनाओं का चयन व ग्रामीणों को प्रशिक्षण देकर विकास में भागीदार बना सकते हैं : निशा उरांव**

आजाद सिपाही संवाददाता



**नामकुम।** प्रखंड कार्यालय नामकुम में बुधवार को दो दिवसीय राज्य स्तरीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ पंचायती राज निदेशक निशा उरांव, उप विकास आयुक्त रांची दिनेश कुमार यादव, बीडीओ नामकुम ज्ञान शंकर जायसवाल, प्रमुख आशा कच्छप तथा उप प्रमुख वीणा देवी द्वारा किया गया। कार्यक्रम में निशा उरांव के द्वारा पंचायती राज के 9 थीम यथा गरीबी मुक्त और उन्नत आजीविका गांव, स्वस्थ गांव, बाल हितैषी गांव, जल पर्याप्त गांव, स्वच्छ और हरित गांव, गांव में आत्मनिर्भर बुनियादी ढांचा, सामाजिक रूप से सुरक्षित गांव, सुशासन वाला गांव तथा महिला और बाल हितैषी गांव पर योजनाओं का चयन कर क्रियान्वित करवाने के बारे में विस्तार पूर्वक बताया। साथ ही बताया कि प्रशिक्षण के उपरांत अपने पंचायत/गांव को विकसित करने हेतु योजनाओं का चयन कर सकते हैं तथा गांव के लोगों को प्रशिक्षण देकर विकास में भागीदार बना सकते हैं।

बताया गया कि राज्य में नामकुम से सर्वप्रथम प्रशिक्षण की शुरुआत की गयी है। नामकुम प्रखंड को प्रशिक्षण हेतु चयन करने के बारे में बताया गया कि नामकुम प्रखंड की स्थिति सबसे बेहतर है तथा यह जिला से सबसे नजदीक का प्रखंड है।

प्रशिक्षण के दूसरे दिन जिला पंचायती राज पदाधिकारी बीरेंद्र चौबे के द्वारा कार्यक्रम की समीक्षा की गई तथा दिशा निर्देश दिया गया।

कार्यक्रम में राज्य स्तर के प्रशिक्षक तथा सभी 24 जिलों के डीपीएम, शिक्षा विभाग, चिकित्सा विभाग, जेएसएलपीएस, कृषि विभाग, कल्याण विभाग, मनरेगा, स्वच्छ भारत मिशन/ सहायक अभियंता/कनीय अभियंता, सभी मुखिया, पंचायत सचिव तथा संबंधित विभागों के कर्मी उपस्थित थे।

## नगड़ी सीओ के नेतृत्व में चलाया गया अतिक्रमण हटाओ अभियान

**धुर्वा स्थित नवनिर्मित उच्च न्यायालय के समीप से अतिक्रमणकारियों को हटाया**

आजाद सिपाही संवाददाता



**पिस्कानगड़ी।** नगड़ी अंचलाधिकारी संतोष कुमार शुक्ला नगड़ी के नेतृत्व में थाना प्रभारी ओमप्रकाश टोप्पो, अंचल निरीक्षक रूद्र प्रताप साहू, राजस्व कर्मी अरविंद उपाध्याय ने धुर्वा स्थित नवनिर्मित उच्च न्यायालय के समीप लगभग 40-50 अतिक्रमणकारियों के विरुद्ध विशेष अभियान चलाते हुए अतिक्रमण मुक्त कराया गया। जिसमें अंचल अधिकारी संतोष कुमार शुक्ला, नगड़ी थाना प्रभारी एवं रांची नगर निगम की टीम मौजूद थी। वहीं इधर नगड़ी अंचल क्षेत्र के नगड़ी मौजा में रांची नगर निगम अपर आयुक्त कुंवर सिंह पाहन की उपस्थिति में अंचलाधिकारी संतोष कुमार शुक्ला के नेतृत्व में नगड़ी में गौशाला (खटाल) हेतु पांच एकड़ भूमि का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के बाद रांची नगर निगम अपर आयुक्त कुंवर सिंह पाहन ने कहा कि यह भूमि गौशाला के उपयुक्त है। जल्द ही सारी प्रक्रिया कर यहां गौशाला बनाना आंरभ किया जाएगा।

**कार्यक्रम :** टीचर्स ट्रेनिंग कॉलेज में एनएसएस के तहत पांच दिवसीय विशेष शिविर का उद्घाटन

# युवा मानव सेवा के साथ मेक इन इंडिया के सपनों को साकार करें : प्रो. अशोक चौधरी

**एनएसएस के माध्यम से समुदाय को जोड़ना तथा उसे सशक्त बनाना है, जिससे देश सबल हो सके : कॉर्डिनेटर रामजी यादव**

आजाद सिपाही संवाददाता




**पिस्कानगड़ी।** नगड़ी प्रखंड के कुदलोंग स्थित आदित्य प्रकाश जालान टीचर्स ट्रेनिंग कॉलेज में राष्ट्रीय सेवा योजना (एन.एस.एस) के अंतर्गत पांच दिवसीय विशेष शिविर का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन संस्था के प्राचार्य डॉ. रामकेश पाण्डेय, मुख्य अतिथि प्रो. अशोक कुमार चौधरी, डॉ. शिल्पी एवं विशिष्ट अतिथि डॉ. अमर कुमार चौधरी ने दीप प्रज्ज्वलन एवं सरस्वती वंदना के साथ किया। मौके पर मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रांची विश्वविद्यालय के पूर्व प्रोफेसर डॉ. अशोक चौधरी ने युवाओं का आह्वान करते हुए कहा कि देश सेवा के साथ-साथ भारतवर्ष के विकास में आप महत्वपूर्ण योगदान देकर मानव सेवा करते हुए आप मेड इन इंडिया की जगह मेक इन इंडिया के सपनों को साकार करें।

कार्यक्रम में बतौर मुख्य वक्ता एस.एस.एल.एन.टी. महिला महाविद्यालय, धनबाद की असिस्टेंट प्रोफेसर डॉ. शिल्पी द्वारा आत्मनिर्भर भारत विषय पर उद्बोधन में उन्होंने समृद्ध भारत के मुख्य बिन्दुओं पर प्रकाश डालते हुए भारत को विश्वगुरु की यात्रा के प्रमुख बिन्दु किसान और मजदूरों की सहायता, कृषि में निर्भरता, इंफ्रास्ट्रक्रर और बाजार की उपलब्धता एवं क्वालिटी ऑफ प्रोडक्टिविटी पर केंद्रित करें। झारखण्ड प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय के कुलसचिव प्रो. अमर कुमार चौधरी ने कहा कि झारखण्ड बदल रहा है, जिसमें युवाओं की भूमिका बारिश की पहली बूंद के रूप में होगी। मौके पर एन.एस.एस. कार्यक्रम की प्रस्तावना देते हुए कॉर्डिनेटर रामजी यादव ने बताया कि इसमें युवाओं को जोड़कर कार्य करना है। समुदाय को जोड़ना तथा उसे सशक्त बनाना है, जिससे देश सबल हो सके। दूसरे सत्र के अतिथि के रूप में क्षेत्रीय संगठन मंत्री ख्यालीराम और शहीद शेख भिखारी बीएड कॉलेज की प्राचार्य डॉ सपना त्रिपाठी ने भी संबोधित किया। धन्यवाद ज्ञापन सहायक प्राध्यापक वागीश दुबे एवं संचालन मोहित कुमार तिवारी द्वारा किया गया। समापन शांति मंत्र के साथ किया गया। कार्यक्रम में बीएड के सभी छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे। कार्यक्रम को सफल बनाने में महाविद्यालय के कर्मचारी शामिल थे।

**महत्वपूर्ण न्यूज**

## बाघवार अकादमी चान्हो में आठ दिवसीय समर क्रिकेट कैंप का हुआ शुभारंभ




**चान्हो (आजाद सिपाही)।** आज रांची जिला के चान्हो प्रखंड में स्थित बाघवार अकादमी चान्हो के प्रांगण में आठ दिवसीय समर क्रिकेट कैंप का उद्घाटन बाघवार अकादमी के अभिभावक स्वरूप बाघवार वेलफेयर ट्रस्ट के ट्रस्टी, रिटायर्ड आर्मी सुखदेव बाघवार द्वारा किया गया। इस अवसर पर उन्हें विद्यालय प्रबंधन द्वारा स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। इस समर कैंप में बाघवार अकादमी के बच्चों सहित आसपास के क्षेत्र के अन्य बच्चों ने भी अपना रजिस्ट्रेशन कराया है। आठ दिनों तक चलने वाले इस समर कैंप में रांची जिला क्रिकेट एसोसिएशन से जुड़े हुए एवं जाने-माने कोच अजय कुमार सिंह एवं उनकी टीम के सदस्यों के द्वारा खिलाड़ियों को क्रिकेट की बारीकियां एवं गुर सिखाए जाएंगे। आज के इस उद्घाटन समारोह में विद्यालय के निदेशक अशोक बाघवार एवं प्रधानाचार्य अरुण बाघवार उपस्थित थे। बच्चों को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा यदि बच्चों में सच्ची लगन एवं आत्मविश्वास हो तो क्रिकेट के किसी भी क्षेत्र जैसे बल्लेबाजी, गेंदबाजी, विकेटकीपिंग तथा क्षेत्र रक्षण में इंसान सफलता प्राप्त कर सकता है। जो बच्चे क्रिकेट में अपना कैरियर बनाना चाहते हैं उनके लिए यह सुनहरा अवसर है। समस्त कार्यक्रम का संचालन विद्यालय के शिक्षक हरे कृष्णा सिंह के द्वारा किया गया एवं स्वागत भाषण विद्यालय के उप प्रधानाचार्य अजय उरांव के द्वारा दिया गया। इस अवसर पर विद्यालय के अन्य स्टाफ भी मौजूद थे।

## अंडर ग्राउंड पुलिया और सड़क निर्माण की मांग को लेकर डीआरएम से की मुलाकात



**नामकुम (आजाद सिपाही)।** सामलौंग मुंडागढ़ा बस्ती के लोग बुधवार को रांची डीआरएम से मुलाकात कर ज्ञापन सौंपा है। ज्ञापन में लोगों ने बताया कि बस्ती के लोगों को बाजार जाने या किसी अन्य जगहों पर जाने के लिये रेलवे ट्रैक पार कर जाना पड़ता है। बताया कि रेलवे पुलिया ना होने के कारण आए दिन ट्रैक पर दुर्घटना होती रहती है। जिसमें कई लोगों की जान भी चली गई है। उन लोगों ने रांची डीआरएम से जल्द से जल्द पोल संख्या 415 /7 से 415 /27 के बीच अंडर ग्राउंड पुलिया के साथ सड़क निर्माण कराने की मांग की है। ज्ञापन सौंपने वालों में मुख्य रूप से अमरनाथ मुंडा, कुणाल सिंह, समीर सिंह, पिंकी कच्छप, पिंकी सांगा, पप्पू मुंडा, मार्शेल सोय मुरूम उपस्थित थे।

## पहान ने बेड़ो के नेहालु मंडा टांड़ में चबूतरा निर्माण का किया शिलान्यास



**बेड़ो (आजाद सिपाही)।** प्रखंड के नेहालु मंडा टांड़ में बुधवार को मुखिया मद से बनने वाले चबूतरा निर्माण कार्य का शिलान्यास पहान सोमरा प्रधान व प्रदुमन प्रधान ने विधिवत रूप से पूजा अर्चना करके किया। मौके पर मुखिया वीरेंद्र भगत ने कहा कि पंचायत में विकास कार्यों को प्राथमिकता के आधार पर करा रहे हैं। जहां भी जरूरत है वहां पर निर्माण कार्य जनता के हित में जारी रहेगा। उन्होंने कहा कि इसके बन जाने से शिव भक्तों व लोगों को परेशानी का सामना नहीं करना पड़ेगा। यह चबूतरा स्थानीय लोगों के लिए काफी सहायक बनेगा। मौके पर बिजला महली, भौरा उरांव, आंगद प्रधान, करमबीर प्रधान, विकास प्रधान, आकाश प्रधान, रंजीत प्रधान, नारायण स्वांसी, राजेन्द्र स्वामी, जगदीश प्रधान, जगन्नाथ साहू, जमूना साहू, किस्को साहू, घाटी प्रधान, बीरबल प्रधान, बिनोद प्रधान, करमनाथ स्वामी, दीपक प्रधान, बिल्कुल प्रधान, रंजीत प्रधान, शिवशंकर प्रधान, पवन साहू, सबिता देवी, बसंती देवी, शांति देवी, रोशनी देवी, चंन्द्रा देवी, चरिया देवी, हिरा देवी, गौरी देवी, सनचरिया देवी, आंगनी देवी, कामना देवी, मुनी देवी, सौहबईत देवी, धिराज देवी, तेतरी देवी, राधिका देवी, दुखनी देवी, सुरजमुनी देवी, कुवारी मुनी देवी, सुनिता देवी सहित ग्रामीण उपस्थित थे।

## सड़क दुर्घटना में घायल युवक की मौत

**रातू (आजाद सिपाही)।** रातू-ठाकुरगांव मार्ग स्थित स्टार ऑटो सर्विस पेट्रोल पंप के पास 12 मई की शाम 7 बजे हुई सड़क हादसे में घायल पल्सर बाइक सवार युवक सुनील उरांव की इलाज के दौरान मौत हो गयी। सुनील की बाइक के धक्के से आइसक्रीम विक्रेता हुरहुरी निवासी मो. सलीम की घटनास्थल पर ही मौत हो गयी थी। वहीं मलमाडू निवासी 32 वर्षीय सुनील उरांव गंभीर रूप से घायल हो गया था। गंभीर रूप से घायल सुनील का इलाज झखराटांड़ स्थित कमलेश मेमोरियल ट्रस्ट हॉस्पिटल एंड रिसर्च सेंटर में चल रहा था। बुधवार को हालत बिगड़ने पर चिकित्सकों ने उसे रिम्स रेफर कर दिया। परिजन उसका इलाज कराने रिंची अस्पताल ले जा रहे थे, परंतु रास्ते में ही उसकी मौत हो गयी। पुलिस ने शव का पंचनामा कर पोस्टमार्टम के लिये रिम्स भेज दिया।

## डीएमएफटी के तहत 62.55 करोड़ से अधिक की लागत से 173 अलग-अलग योजनाओं का उद्घाटन और शिलान्यास

# बालिकाओं की शिक्षा पर सरकार का विशेष जोर : मंत्री

**आंगनबाड़ी सेविका-सहायिका का मानदेय बढ़ाने व कठिनाइयों को दूर करने को सरकार कटिबद्ध**

आजाद सिपाही संवाददाता

**मेदिनीनगर।** पलामू दौरे पर पहुंची राज्य की महिला, बाल विकास एवं सामाजिक सुरक्षा विभाग की मंत्री जोबा माझी ने कहा कि आंगनवाड़ी सेविका-सहायिकाओं को बच्चों को तैयार करने की जिम्मेदारी दी गई है। जिसका वे सही से निर्वहन करें। बच्चों के जीवन सवारने के साथ ही प्रदेश की जनता तक सरकार की विभिन्न योजनाओं का लाभ पहुंचायें। सावित्रीबाई फुले किशोरी समृद्धि योजना, सर्वजन पेंशन योजना सहित राज्य की विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं से लोगों को अच्छादित करने में तत्परता दिखाएं। मानदेय देने एवं अन्य कठिनाइयों को दूर करने के लिए सरकार कटिबद्ध है। मंत्री जोबा माझी बुधवार को स्थानीय टाउन हॉल में पलामू जिले के मॉडल आंगनबाड़ी केंद्रों में अरली चाइल्डहुड केयर एंड एजुकेशन पाठ्यक्रम के अनुसार डिजिटल लर्निंग के माध्यम से अनौपचारिक शिक्षा का उद्घाटन एवं प्रशिक्षण समारोह के शुभारंभ के अवसर पर संबोधन कर रही थीं। इस दौरान डीएमएफटी के तहत 62 करोड़ 55 लाख 58 हजार 638 रुपए की लागत से 173 विभिन्न योजनाओं का उद्घाटन एवं शिलान्यास किया गया। साथ ही आंगनवाड़ी सेविकाओं के बीच टैब, स्कूल किट का वितरण किया। इसके अलावा जिले में संचालित सखी वन स्टॉप सेंटर के सेवा प्रदाताओं को नियुक्ति पत्र का वितरण किया। मंत्री ने कहा कि बालिकाओं की शिक्षा पर सरकार की विशेष जोर है। निर्धारित आयु सीमा के पूर्व उनकी शादी नहीं हो, इसके लिए भी कई प्रयास किए जा रहे हैं। सावित्रीबाई फुले किशोरी समृद्धि योजना के तहत प्रोत्साहन राशि देकर बालिकाओं को उच्च शिक्षा प्रदान किया जा रहा है।


विभिन्न योजनाओं का शिलान्यास, उद्घाटन करती प्रदेश की मंत्री जोबा माझी।

वहीं, मनिका विधायक रामचंद्र सिंह ने पलामू उडीसी द्वारा जिले के आंगनबाड़ी केंद्रों में अध्ययनरत बच्चों को विशेष रूप से सुविधा दिये जाने के कार्यों की सराहना की। कहा कि डीसी की सोच से यहां के बच्चे बेहतर करेंगे। पलामू के इस मॉडल को राज्य के अन्य जिलों में भी बढ़ाया जाएगा। दूसरी ओर, पलामू डीसी आंजनेयुलू दोड्डे ने कहा कि अधिकांशतः आर्थिक रूप से कमजोर अभिभावकों के बच्चे आंगनबाड़ी केंद्रों में अध्ययन के लिए आते हैं। उनके लिए सरकार की ओर से टीएचआर की व्यवस्था की गई है, ताकि पढ़ाई के साथ-साथ उन्हें गुणवत्तापूर्ण भोजन उपलब्ध हो सके। पाठ्यसामग्री दी जा रही है। साथ ही आंगनवाड़ी सेविका को टैब उपलब्ध कराया गया है, ताकि बच्चों की शिक्षा को रूचिकर बनाते हुए बेहतर शिक्षा दी जा सके। कहा कि पलामू जिले में डीएमएफटी के तहत योजनाओं के शिलान्यास एवं उद्घाटन से जिलेवासियों को फायदा होगा। वहीं, जिला समाज कल्याण पदाधिकारी संध्या रानी ने सभी का स्वागत करते हुए कार्यक्रम की रूपरेखा पर प्रकाश डाला। इस मौके पर डीडीसी रवि आनंद, सहायक समाहर्ता श्रीकांत विसपुते, जिला परिषद उपाध्यक्ष आलोक कुमार सिंह, प्रमुख आदि उपस्थित थे।

# 29 मई से चलेगी बीडीएम पैसेंजर ट्रेन : डीआरएम

**रेल उपभोक्ता समिति व डीआरएम के बीच वार्ता में मिले आश्वासन के बाद चक्का जाम कार्यक्रम स्थगित**



**हुसैनाबाद (आजाद सिपाही)।** बीड़ी रेल खंड के हैदरनगर स्टेशन पर रेल उपभोक्ता समिति के आह्वान पर रेलवे का चक्का जाम कार्यक्रम स्थगित कर दिया गया है। यह घोषणा डीडीयू रेल मंडल के डीआरएम राजेश गुप्ता से मिली सकारात्मक आश्वासन पर की गयी है। बतातें चलें कि हैदरनगर रेल उपभोक्ता समिति ने पांच सूत्री मांगों को लेकर 18 मई से रेल चक्का जाम कार्यक्रम की घोषणा की थी। इसके मद्देनजर मंडल रेल प्रबंधक ने समिति के पदाधिकारियों के साथ अपने कार्यालय में बातचीत की। बैठक में बंद सवारी गाड़ी बीडीएम पैसेंजर के परिचालन नियमित रूप से 29 मई से शुरू करने का आश्वासन दिया। वहीं समिति के अन्य मांगों पर भी अविलंब पहल करने की बात कही गयी। डीआरएम ने कहा कि शीघ्र ही टीम का गठन कर हैदरनगर गुमटी पर आरओबी के लिए सर्वे का कार्य पूरा किया जाएगा। वहीं, स्पेशल ट्रेन के नाम पर चल रहे भाड़ा वृद्धि को भी कम करने की पहल की जाएगी। मौके पर एडीआरएम दिलीप कुमार, सीनियर डीईएन मोहित साहू, गुप्तेश्वर पांडे, प्रेमतोष कुमार सिंह, मनोज शर्मा और मुखिया जितेंद्र सिंह मौजूद थे।

# शिक्षा और चिकित्सा की व्यवस्था को हर व्यक्ति तक पंहुचायेगा मगध फाउंडेशन : केएन त्रिपाठी

आजाद सिपाही संवाददाता

**पलामू।** मगध फाउंडेशन की पलामू जिला कमेटी का बुधवार को गठन किया गया, जिसमें सर्वसम्मति से शैलेश चंद्रवंशी को जिला प्रमुख, नंदगोपाल त्रिपाठी को महासचिव और जीशान खान को कोषाध्यक्ष मनोनीत किया गया। बैठक की अध्यक्षता कर रहे मगध फाउंडेशन के संस्थापक अध्यक्ष सह झारखंड के पूर्व मंत्री केएन त्रिपाठी ने कहा कि आज देश में जातिवाद और सांप्रदायिक भेदभाव के आधार पर वोटबैंक की राजनीति की जा रही है जिससे देश कमजोर हो रहा है। मगध साम्राज्य के समय भारत सबसे ज्यादा मजबूत था। चाणक्य और चंद्रगुप्त ने जिस मगध साम्राज्य की नींव रखी उसे सम्राट अशोक ने सर्वोच्च शिखर पर पंहुचाया। मगध फाउंडेशन का उद्देश्य उसी गौरवशाली अतीत को पुनः स्थापित करना है, ताकि भारत पुनः उसी तरह मजबूत और सशक्त हो सके। इसके लिए मगध कालीन भारत के अंतर्गत आनेवाले सभी राज्यों एवं देशों के अंदर राज्य, जिला और प्रखंड कमिटियों का गठन किया जायेगा। ये सभी कमेटियां मैं ही भारत हूं का उद्घोष करते हुए गांव-गांव तक राष्ट्रीय एकता और भाईचारा का संदेश फैलाते हुए भारत को पुनः विश्वगुरु के पद पर स्थापित करने के लिए दिनरात कार्यरत रहेंगी। सभी लोगों को मगधकालीन इतिहास से अवगत कराते हुए भारत को सशक्त बनाने का कार्य करेंगी। उन्होंने कहा कि भारत और राज्य सरकारों की तमाम योजनाओं के बावजूद अभी भी देश की बहुत बड़ी आबादी शिक्षा और चिकित्सा जैसी मूलभूत सुविधाओं से वंचित है। मगध फाउंडेशन बिना किसी भेदभाव के सीएसआर फंड के माध्यम से मगधकालीन भारत के अंतर्गत आने वाले गांवों के वंचित लोगों तक शिक्षा और चिकित्सा की व्यवस्था पंहुचाने का कार्य करेगा।



वहीं, पलामू जिला कमेटी के नवमनोनीत प्रमुख शैलेश चंद्रवंशी ने कहा कि मैं पलामू जिला कमेटी की मजबूती के लिए मगध फाउंडेशन के सैनिक की भांति डटा रहूंगा। मगध फाउंडेशन के केंद्रीय कमेटी के वरीय सदस्य सीएस दुबे ने कहा कि मगध फाउंडेशन का गठन एक ऐतिहासिक परिघटना है, जो भारत का आगामी सामाजिक और सांस्कृतिक परिदृश्य तय करेगा, जिसके प्रभाव से वर्तमान नफरत की राजनीति भी बदलेगी। बैठक में केडी सिंह, वरीय अधिवक्ता बलराम तिवारी, बलराम उरांव, मगध फाउंडेशन के महासचिव डॉ अजय ओझा, पलामू जिला कमेटी के नवमनोनीत महासचिव नंदगोपाल त्रिपाठी, जिशान खान आदि उपस्थित थे।

# सभी के सहयोग से होगा क्षेत्र का विकास, दूर होंगी समस्याएं : जोबा माझी

आजाद सिपाही संवाददाता

**मेदिनीनगर।** जनप्रतिनिधियों, आमजनों एवं पदाधिकारियों के सहयोग से क्षेत्र का विकास होगा और आमलोगों की समस्याएं भी दूर होंगी। समन्वय के साथ कार्य करने से बेहतर परिणाम आएंगे। उक्त बातें प्रदेश की महिला, बाल विकास एवं सामाजिक सुरक्षा विभाग की मंत्री सह जिला योजना समिति की अध्यक्ष जोबा माझी ने कही। वे बुधवार को पलामू जिले में जिला योजना समिति के बैठक की अध्यक्षता कर रही थीं। इस दौरान पलामू डीसी ने बैठक के उद्देश्यों की जानकारी दी। कहा कि जिला योजना समिति पंचायतों एवं नगरपालिका द्वारा तैयार की गई योजनाओं को समेकित करने एवं

## बीस सूत्री कार्यक्रम कार्यान्वयन समिति की बैठक में विकास कार्यों की समीक्षा

**राज्य की मंत्री सह पलामू जिला 20 सूत्री प्रभारी जोबा माझी ने कहा कि वे जानती हैं कि जिले में पेयजल की समस्या है। उन्होंने सभी बीस सूत्री सदस्यों को आश्वस्त किया कि पेयजल की समस्या के निराकरण के लिए विशेष कार्ययोजना तैयार किया जायेगा, ताकि जिले में पानी की अनुपलब्धता की खत्म किया जा सके। कहा कि भविष्य में पानी की समस्या ना हो इसके लिए मुख्यमंत्री से विचार-विमर्श करेंगी।**

संपूर्ण जिला के लिए विकास योजना जैसे शिक्षा, लोक स्वास्थ्य, परिवार कल्याण, महिला बाल विकास, पंचायत एवं ग्रामीण विकास, उर्जा क्षेत्र का प्रारूप तैयार करने के लिए जिला योजना समिति का गठन किया गया है। जिला योजना समिति के सदस्यों की अनुशंसा वाली योजनाओं को इसमें रखते हुए अनुमोदित एवं स्वीकृत की जाएगी। वहीं, डीडीसी ने जिला योजना समिति के पृष्ठभूमि पर प्रकाश डाला। उन्होंने विगत 4 वर्षों में प्राप्त आवंटन एवं योजनाओं की संख्या एवं उसकी प्रशासनिक स्वीकृति से संबंधित आंकड़ों से अवगत कराते हुए कहा कि वित्तीय वर्ष 2020-21, 2021-22, 2022-23 में जिला योजना कार्यकारिणी समिति से अनुमोदित एवं स्वीकृत योजनाओं की संख्या 101 है। वहीं प्रशासनिक स्वीकृति की राशि 1968.76 लाख है। इसके अलावा वित्तीय वर्ष 2023-24 के लिए 194 योजना जिला योजना कार्यकारिणी समिति से अनुमोदित एवं स्वीकृत किया गया है, जिसकी अनुमानित प्रशासनिक स्वीकृति 5289.37 लाख रुपए है।

बैठक में वन प्रमंडल पदाधिकारी सौमित्र मिश्रा, जिला परिषद अध्यक्ष प्रतिमा देवी, जिला परिषद उपाध्यक्ष आलोक कुमार सिंह एवं जिला योजना समिति के सभी सदस्यगण, सहायक समाहर्ता श्रीकांत विस्पुते, अपर समाहर्ता सुजीत कुमार सिंह और एसडीओ आदि पदाधिकारी उपस्थित थे।

## अविनाश देव ने जोबा मांझी को मिट्टी से निर्मित बर्तन देकर किया स्वागत



**मेदिनीनगर (आजाद सिपाही)।** झारखंड सरकार की समाज कल्याण मंत्री जोबा मांझी पलामू बुधवार को पलामू दौरे पर पहुंची। वो पलामू परिषदन में ठहरी हैं, जहां पार्टी कार्यकर्ताओं ने मुलाकात कर स्वागत किया। उनके आगमन पर झामुमो नेता अविनाश देव ने पुष्पगुच्छ देकर स्वागत किया। झारखंड कुम्हार समन्वय समिति जिला कमेटी के एक प्रतिनिधिमंडल ने भी मंत्री जोबा मांझी से परिषदन में जाकर मुलाकात की। झारखंड माटीकला बोर्ड के उत्कृष्ट उत्पाद जलपात्र मिट्टी का बोतल, पुष्पगुच्छ व अंगवस्त्र देकर उन्हें सम्मानित किया गया। साथ ही पलामू की जनसमस्याओं और माटीकला बोर्ड के पुनर्गठन को लेकर भी बातें की। माटीकला से जुड़े महिलाओं को बेहतर व मर्यादित जीवनयापन के सवाल पर चर्चा की। कहा कि आज भी महिलाएं चीलचिलाती धूप में घड़ा सहित अन्य मिट्टी के बर्तन घूम घूम कर बेचने पर मजबूर हैं। हर संस्कार मिट्टी के बर्तन के बिना निष्पादन सम्भव नहीं है। इसलिए महिलाओं के प्रोत्साहन व सम्मान के लिए कुछ माटीकला में वैकल्पिक व्यवस्था करने की सभी ने संयुक्त रूप से आग्रह किया। झामुमो के वरीय सदस्य एवं अपने समाज के अध्यक्ष होने के नाते अविनाश देव के कुशल नेतृत्व में हमारा समाज आगे बढ़ने को लेकर दृढ़ संकल्पित है।

## हरिहरगंज सीएचसी में आरो के भरोसे हैं सेवादार और मरीज

**हरिहरगंज/पलामू (आजाद सिपाही)।** झारखंड और बिहार सिमा पर स्थित करोड़ों की लागत से हरिहरगंज सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में ओपीडी एवं इमरजेंसी में इलाज कराने के लिए दूसरे जिले के मरीज भी पहुंच रहे हैं। पर पीने के पानी की आरो के अलावा कोई और व्यवस्था ही नहीं की गई है।































# आरोपी नंदकिशोर को देख चश्मदीद राजा ने कहा- इसी ने मारी थी रंजय भैया को गोली

## चर्चित रंजय सिंह हत्याकांड

**गवाही के लिए कड़ी सुरक्षा के बीच अदालत पहुंची पत्नी रूमी सिंह व हत्याकांड के गवाह राजा**

आजाद सिपाही संवाददाता

**धनबाद।** जिला एंव सत्र न्यायाधीश अखिलेश कुमार की अदालत में बुधवार को धनबाद के चर्चित रंजय हत्याकांड का चश्मदीद गवाह सह मामले का सूचक राजा यादव ने अदालत में अपना बयान दर्ज कराया। एक ओर राजा ने बयान दर्ज कराने के दौरान घटना का पूर्ण समर्थन किया तो दूसरी ओर हत्याकांड के आरोपी रांची के होटवार जेल में बंद नंदकिशोर सिंह उर्फ मामा को देखते ही उसने कहा कि रंजय भैया को इसी ने गोली मारी थी। नंदकिशोर सिंह की पेशी वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिये हुई थी। जबकि हर्ष सिंह अदालत में हाजिर नहीं थे। उनकी ओर से प्रतिनिधित्व का आवेदन दीया गया था। राजा यादव की ओर से अधिवक्ता पंकज प्रसाद और रंजय की पत्नी रूमी की ओर से मोहम्मद जावेद ने पैरवी की। वहीं अभियोजन का संचालन अपर लोक अभियोजक कुलदीप शर्मा एवं अवधेश कुमार ने संयुक्त रूप से किया। बचाव पक्ष की ओर से प्रति परीक्षण अधिवक्ता समर श्रीवास्तव ने की। बताते चलें कि 29 जनवरी 2017 को सरायढेला थाना क्षेत्र में बिग बाजार के समीप चाणक्य नगर के पास रंजय सिंह की गोली मारकर हत्या कर दी गई थी।



### कड़ी सुरक्षा में अदालत पहुंचे राजा यादव और रूमी सिंह

राजा यादव और मृतक रंजय सिंह की पत्नी रूमी सिंह को कड़ी सुरक्षा के बीच पुलिस उन्हें लेकर अदालत पहुंची थी। चश्मदीद राजा यादव ने अदालत को दिए बयान में बताया कि 29 जनवरी 2017 की शाम पांच बजे वह रंजय सिंह उर्फ राजीव रंजन सिंह के साथ स्कूटी से सरायढेला अंतर्गत रघुकुल के आगे चाण्क्य नगर जा रहा था। तभी देखा कि रघुकुल के गेट पर पहले से दो व्यक्ति खड़े थे। हम लोगों की ओर इशारा कर कुछ बात कर रहे थे। चाणक्य नगर में कुछ देर रुकने के बाद जब वह और रंजय स्कूटी से वापस सिंह मेनशन आने के लिए निकले तो शाम को 5.30 बजे रामेश्वर तिवारी के घर के पास सड़क खराब होने के कारण स्कूटी की रफ्तार धीमी कर दी। इसी बीत पहले से घात लगाकर बैठे दो व्यक्ति उसके सामने आ गए जिसमें से एक ने रंजय सिंह की कनपटी में सटाकर गोली मार दी। रंजय जब नीचे गिर गए तो उस पर और फायर करने लगे। जबकि छोटे कद वाले व्यक्ति ने भी उस पर गोली चलाई जो उसे नहीं लगी। ये दोनों वहीं थे जो रघुकुल के गेट के पास खड़े थे और इन लोगों की ओर इशारा कर रहे थे। वह जब डर कर भागने लगा तो छोटे कद वाले व्यक्ति ने पीछे से उस पर गोली चलाई जो उसे नहीं लगी। इसके बाद वह वापस लौटा और रंजय भैया पर गोली चलायी। इसी बीच लंबे कद वाला व्यक्ति काले रंग की बाइक चालू कर खड़ा हो गया। इसके बाद दोनों उक्त बाइक पर बैठ कर फरार हो गए। जिस समय लंबे कद वाला गोली मार रहा था, उसी समय छोटे कद वाला किसी को फोन कर बता रहा था कि बॉस काम फाइनल हो गया। तब उसने घटना की जानकारी रंजय भैया के भाई संजय को फोन पर दी। वह आए फिर घायल रंजय को उठाकर सरायढेला स्थित सेंट्रल हॉस्पिटल ले गए, जहां चिकित्सक ने उन्हें मृत घोषित कर दिया।

## कोयला तस्करी के विरुद्ध झरिया सीओ का अभियान 'कहर' जारी, सेल के टासरा प्रोजेक्ट के समीप छापामारी

# कोयला लदे चार ट्रक, कार और भारी मात्रा में अवैध कोयला जब्त

आजाद सिपाही संवाददाता

**सिंदरी।** कोयला तस्करी पर पूर्णतः लगाम लगाने को लेकर जिला प्रशासन कटिबद्ध है। इसके तहत झरिया सीओ प्रमेश कुशवाहा लगातार कोयला तस्करों पर कहर बरपा रहे है। ताजा मामला सेल के टासरा प्रोजेक्ट में देखने को मिला। जहां मंगलवार की देर रात गुप्त सूचना के आधार पर छापामारी कर परियोजना के समीप स्थित जंगल से अवैध कोयला लदे 4 ट्रकों और एक कार को पकड़ा गया। जब्त कार मंडल नामक किसी तस्कर की बताई जा रही है। लगे हाथ भारी मात्रा में भंडारण किए गए अवैध कोयले को भी जब्त किया गया। हालांकि इसकी प्रशासनिक पुष्टि नहीं की गई। उधर, कार्रवाई से कोयला तस्करों में हड़कंप मच गया। सभी अंधेरे का फायदा उठाकर मौके से फरार हो गए। वहीं, जब्त सभी वाहनों को स्थानीय गौशाला ओपी के हवाले कर मामला दर्ज करने का निर्देश दिया गया। सूत्रों की मानें तो कोयला तस्करों का सिंडिकेट सीओ को मैनेज करने के प्रयास में था, लेकिन उनका रौद्र रूप देख वे लोग मौके से भाग निकले। गौरतलब हो कि पिछले दिनों धनुडीह ओपी क्षेत्र के दो स्थानों पर सीओ ने छापामारी कर भारी मात्रा में अवैध कोयला बरामद करते हुए अवैध उत्खनन का खुलासा किया था।




### मामला दर्ज किया गया है : ओपी प्रभारी

गौशाला ओपी प्रभारी विकास महतो ने बताया कि गश्ती दल की लिखित शिकायत पर वाहन चालक एवं मालिक पर मामला दर्ज किया गया है।

# वासदेवपुर कोलियरी के समीप जंगल में छाई युक्त कोयले का अवैध खनन जारी

**लोयाबाद (आजाद सिपाही)।** थाना अंतर्गत वासदेवपुर कोलियरी के समीप जंगल में पड़े छाई युक्त कोयले की तस्करी दिन के उजाले में कोयला तस्करों द्वारा बड़े पैमाने पर किया जा रहा है। जिसे भागाबांध और बोर्रागढ के ईंट भट्ठों में खपाया जाता है। लोगों की मानें तो छाई युक्त कोयला से ईंट बेहतर पकता है और कम पैसे में उपलब्ध भी हो जाता है। उक्त तस्करी से पुलिस, कोलियरी प्रबंधन और सीआइएसएफ बेखबर है। कोयला तस्करों द्वारा आधा दर्जन मजदूरों को काम पर रखकर छाई से पहले कोयले की छटाई कराई जाती है। इसके बाद ट्रैक्टरों पर लादकर ईंट भट्ठों पर भेज दिया जाता है। जानकारों की मानें तो एक ट्रैक्टर कोयला की कीमत करीब छह से सात हजार रुपये है। इससे पहले तस्करों द्वारा मदनाडीह और ईदगाह के समीप से भी छाई युक्त कोयले की तस्करी की गई थी। पर लोगों के विरोध के कारण तस्करों को वहां पर काम बंद कर देना पड़ा। बताया जा रहा कि इस तस्करी का सरगना अरुण नामक व्यक्ति है। लोगों को पता न चले इसलिए झाड़ियों के बीच में खुदाई कराई जाती है। जिस तरह से खुदाई की जा रही है बारित के दिनों में जमीन धंस सकती है।



### क्षेत्र में नहीं चलने देंगे अवैध कार्य : थाना प्रभारी

### जांच करने टीम को भेजे हैं : संजय कुमार

**इस संबंध में सिजुआ क्षेत्र के सीआइएसएफ इंस्पेक्टर संजय कुमार से पूछे जाने पर उन्होंने बताया कि मामले की जानकारी नहीं है। अवैध उत्खनन को भरवाना बीसीसीएल प्रबंधन और पुलिस का काम है। फिर भी हम अपनी टीम को उक्त स्थल का मुआयना करने भेजे है। उसके बाद कार्रवाई की जाएगी।**

लोयाबाद थाना प्रभारी विकास कुमार यादव ने कहा कि छाई युक्त कोयले की खनन की जानकारी नहीं है। पता कर उसे तुरंत बंद कराया जाएगा। क्षेत्र में किसी भी तरह का अवैध काम नहीं होने दिया जाएगा।

# विधायक पूर्णिमा सिंह ने दूसरे दिन भी किया विकास योजनाओं का शिलान्यास-उद्घाटन



**झरिया (आजाद सिपाही)।** झरिया विधायक पूर्णिमा नीरज सिंह ने बुधवार को दूसरे दिन भी विधायक मद से स्वीकृत 40 लाख 60 हजार 500 रुपए की लागत से बनने वाली योजनाओं का शिलान्यास व उद्घाटन किया। इसमें भौरा नगीना बाजार नवभारत स्कूल के पास सार्वजनिक स्थान पर शेड निर्माण। नगीना बाजार में रवि मोदक के घर से मुख्य नाली तरफ नाली और जल संचयन के लिए जलाशय/हौदा निर्माण, मोहलबनी सार्वजनिक तालाब में स्नान घाट का निर्माण और मोहलबनी में मानिक बावरी के घर के पास कूप का जीर्णोद्वार शामिल है। इसके अलावा भौरा नंबर 36 में शिवपूजन राम के घर से रामविलास पासवान के घर तरफ नाली निर्माण, भौरा कुम्हारपट्टी में लगेन कुम्हार के घर के पास सार्वजनिक स्थान पर सेड निर्माण, गांधीनगर में विजय सिंह के घर से प्रमोद सिंह के घर तरफ नाली निर्माण, परसियाबाद में लखींद्र वर्मा के घर से नंदू वर्मा के घर तरफ पीसीसी पथ एवं नाली निर्माण कार्य के अलावा भौरा नंबर 19 में पाठशाला के निकट सार्वजनिक स्थान पर चबूतरा, भौरा 19 नंबर में राजकुमार पासवान के घर के निकट सार्वजनिक स्थान पर शेड निर्माण भौरा हाई स्कूल अवस्थित कूप के बगल में सार्वजनिक स्थान पर सामुदायिक भवन निर्माण व भौरा 16 नंबर में सार्वजनिक स्थान पर सामुदायिक भवन का निर्माण आदि शामिल है। इस मौके पर विधायक प्रतिनिधि सूरज सिंह, निवर्तमान पार्षद चंदन महतो, सुबोध सिंह, शिव प्रकाश सिंह, दिलकेश प्रसाद, संतोष सिंह, जहान खान, सुनील पासवान, विक्की, अमजद, अमर, विरेंद्र यादव, सुधीर रजक, शत्रुघ्न सिंह, कमलेश यादव, सोनू, हरेंद्र यादव, आलम, पिंकू पावन, गुलसन सरकार, चंद्रावती देवी, रेणु देवी, ऋतु सिंह आदि उपस्थित थे।

## ट्रक लोडिंग में 50 फीसदी हिस्सेदारी को लेकर मजदूर संगठन का जोरदार प्रदर्शन

**धनसार (आजाद सिपाही)। बीसीसीएल बस्ताकोला ओसीपी लोडिंग प्वाइंट पर डीओ ट्रक लोडिंग में 50 फीसदी हिस्सेदारी की मांग को लेकर जनता श्रमिक संघ के समर्थकों ने बुधवार को बस्ताकोला कोलियरी कार्यालय पर प्रदर्शन किया। इससे पूर्व समर्थकों ने बस्ताकोला गौशाला गेट से विशाल जुलूस निकालकर क्षेत्र का भ्रमण किया, जो कोलियरी कार्यालय में जाकर सभा में तब्दील हो गई। जिसकी अध्यक्षता असंगठित मजदूर नेता पप्पू पासवान ने की। उन्होंने कहा कि प्रबंधन स्थानीय बेरोजगार युवकों के साथ सौतेला व्यवहार कर रही है। प्रबंधन कुछ नेताओं के इशारे पर परियोजना प्रभावित लोगों को दरकिनार कर ट्रक लोडिंग शुरू करना चाहती है।**

# झारखंड स्टेट स्टूडेंट्स यूनियन ने सांसद पीएन सिंह के आवास का किया घेराव

**नई नियोजन नीति के खिलाफ मांगा समर्थन**

आजाद सिपाही संवाददाता

**धनबाद।** राज्य में वर्तमान 60-40 नियोजन नीति से झारखंडी छात्रों में काफी नाराजगी है। पिछले पांच महीने से छात्र लगातार राज्य सरकार के खिलाफ आंदोलन कर रहे हैं। झारखंड स्टेट स्टूडेंट यूनियन की ओर से 11 जून तक 31 दिवसीय महा जन आंदोलन जारी है। इसके पहले चरण में 25 मई तक राज्य के सभी 81 विधायक और 14 सांसदों से लिखित तौर पर समर्थन मांग जाएगा। इसी दौरान बुधवार को बड़ी संख्या में छात्रों ने धनसार में धनबाद सांसद पीएन सिंह के आवास का घेराव किया।

### सांसद ने सुनीं समस्याएं

इस दौरान छात्र करीब एक घंटे तक आवास के सामने धरने पर बैठे रहे। इसके बाद सांसद पीएन सिंह ने छात्रों से मुलाकात कर समस्या सुनी। सांसद ने छात्रों को हर संभव मदद करने का आश्वासन देते हुए उनके अभियान को समर्थन दिया। वहीं, छात्रनेता अजीत कुमार महतो ने बताया कि अब तक 12 से अधिक विधायक और सांसदों से लिखित समर्थन पत्र प्राप्त कर लिया गया है। राज्य के सभी विधायक और सांसदों की पहचान करने का समय आ गया है। जो भी विधायक हमें लिखित तौर पर समर्थन देने में बहानेबाजी करेंगे, उन्हें चिह्नित किया जाएगा। मना करने वाले जन प्रतिनिधियों का सांस्कृतिक और सामाजिक कार्यों से बहिष्कार किया जाएगा।

जबकि छात्र नेता अजीत महतो ने राज्य के सभी छात्र, अभिभावकों से कहा कि समर्थन के लिए अभियान 25 मई तक चलेगा, इसमें सभी सहयोग करें। लिखित समर्थन दस्तावेज राज्यपाल के समक्ष प्रस्तुत करेंगे। लिखित समर्थन प्राप्ति के आधार पर विधानसभा अध्यक्ष के समक्ष खतियान आधारित संवैधानिक नियोजन नीति का बहुमत सिद्ध करेंगे। जरूरत पड़ने पर आगे समर्थन प्राप्त दस्तावेजों को राष्ट्रपति को भी प्रेषित किया जाएगा।

### धनसार में प्रचंड गर्मी

**धनसार (आजाद सिपाही संवाददाता)।** प्रचंड गर्मी को देखते हुए युवा बेरोजगार मंच के अध्यक्ष गुड्डू सिंह के नेतृत्व मैं धनसार कोलियरी के विश्वकर्मा परियोजना में पनशाला खोला गया ताकि कोलयरी मे पानी पीने के लिए तरस रहे मजदूर अपनी प्यास बुझाकर राहत की सांस ले सके ।

## सीएनएमएमसी अस्पताल में दूसरे दिन भी हंगामा

**धनबाद (आजाद सिपाही)। शहीद निर्मल महतो मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल में 120 आउटसोर्सिंग कर्मचारियों के हटाने का मामला दूसरे दिन भी गरम रहा। आउटसोर्सिंग कर्मचारी सरकार और अस्पताल प्रबंधन का विरोध कर रहे हैं। वहीं, स्थानीय भाजपा विधायक राज सिन्हा ने अस्पताल पहुंचकर अधीक्षक डॉ अरुण कुमार वर्णवाल से मुलाकात की। उन्होंने अधीक्षक से फरमान को जल्द निरस्त करने की बात कही। कहा कि जब अस्पताल में कर्मचारियों की कमी है, तो कटौती क्यों की जा रही।**

कार्यालय : जिला अभियंता, जिला परिषद, रामगढ़

Email ID : eedbramgarh@gmail.com

—: शुद्धि पत्र :—

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि इस कार्यालय द्वारा आमंत्रित अल्पकालीन ई–निविदा आमंत्रण सूचना संख्या – ZP/RAMGARH/ 02/2022-23 (2nd Call) जिसका PR No. 296906 District (23-24) D है के कंडिका सं० 13 पर अंकित इस निविदा में जिला परिशद, रामगढ़ के अंतर्गत पंजीकृत समुचित श्रेणी के संवेदक भाग ले सकेंगें के स्थान पर जिला परिषद, रामगढ़ एवं भवन निर्माण विभाग, झारखण्ड सरकार के अंतर्गत पंजीकृत समुचित श्रेणी के संवेदक भाग लेंगें पढ़ा जाय।

शेष शर्ते यथावत रहेंगें।

जिला अभियंता
जिला परिषद, रामगढ़।

PR 297559 District(23-24)D

# बीएसएल का ग्रीष्मकालीन क्रीड़ा प्रशिक्षण शिविर शुरू

**बोकारो (आजाद सिपाही)।** बोकारो स्टील प्लांट के क्रीड़ा एवं नागरिक सुविधाएं विभाग के तत्वावधान में ग्रीष्मकालीन क्रीड़ा प्रशिक्षण शिविर का शुभारंभ हुआ। शिविर का उद्घाटन बुधवार को एमकेएम स्टेडियम में अधिशासी निदेशक (कार्मिक एवं प्रशासन) राजन प्रसाद ने किया। इस अवसर पर महाप्रबंधक (संपर्क एवं प्रशासन) एनए सैफी, महाप्रबंधक (नगर सेवाएं) एके अविनाश, वरीय प्रबंधक (क्रीड़ा एवं नागरिक सुविधाएं) एस रजक आदि उपस्थित थे। उद्घाटन के बाद बच्चों और अभिभावकों को तीन जून तक चलने वाली इस शिविर के विषय में विस्तृत जानकारी दी गयी। शिविर में प्रशिक्षण प्राप्त करने के लिए लगभग 478 बच्चों ने अपना पंजीयन कराया है। 12 अलग-अलग खेलों के प्रशिक्षकों द्वारा प्रशिक्षण दिया जायेगा। इन खेलों में एथलेटिक्स, बैडमिंटन, बास्केटबाल, क्रिकेट, फुटबाल, हैंडबाल, हॉकी, कबड्डी, खोखो, वालीबाल, शतरंज एवं तीरंदाजी शामिल हैं। इन खेलों के प्रशिक्षण अलग-अलग स्थानों पर दिए जाएंगे।

## कोलियरी प्रबंधन ने चार दफा पत्र देकर मानक पूरा करने का दिया है निर्देश

# सुरक्षा नियमों की अनदेखी कर खनन कार्य कर रही राम अवतार आउटसोर्सिंग

आजाद सिपाही संवाददाता

**लोयाबाद।** कनकनी में संचालित राम अवतार आउटसोर्सिंग कंपनी सुरक्षा नियमों को ताक पर रखकर काम कर रही है। कोलियरी प्रबंधन द्वारा इस संबंध में अब तक चार पत्र देकर सुरक्षा मानकों को पूरा करने का निर्देश दिया गया है। पर इसका कोई प्रभाव पड़ना नहीं दिख रहा। प्रबंधकीय सूत्रों से मिली जानकारी के मुताबिक सात अक्टूबर 2022 को भी पत्र दिया गया। जिसमें तीखे मोड़ को ठीक करने, जूता-टोपी, पानी छिड़काव, बर्न उंचा करने और मजदूरों को सेफ्टी जैकेट उपलब्ध कराने को कहा गया था। इसके बाद 25 अक्टूबर 2022 को पत्र दिया गया था। जिसमें क्रासिंग के पास हरे-लाल झंडे के साथ मजदूर को ड्यूटी पर लगाने और सेफ्टी मिटिंग में उपस्थित रहने को कहा गया। फिर 15 अप्रैल 2023 को पत्रांक संख्या केएन /पीओ /2023 /161 के तहत पत्र दिया गया जिसमें मजदूरों का नाम फार्म ए में दर्ज करने, भीटीसी कराने फार्म डी, आईएमई व मजदूरों को आईडी कार्ड उपलब्ध कराने का निर्देश दिया गया। इसके बाद डीजीएमएस के निदेशक मुकेश सिन्हा के उत्खनन परियोजना के निरीक्षण के बाद डीजीएमएस से आए निर्देशों के अलोक में दिनांक 4 मई 2023 को पत्र दिया, जिसमें माइंस के अंदर रास्ते को ठीक करने सहित अन्य वायलेंस को ठीक करने को कहा गया। कोलियरी प्रबंधक गोपाल जी ने बताया कि सुरक्षा से संबंधित कई पत्र आउटसोर्सिंग कंपनी को दिया गया है। कंपनी द्वारा कुछ दिशा-निर्देश का पालन किया जा रहा, जबकि कुछ को पालन करने का आश्वासन दिया जाता है। आउटसोर्सिंग कंपनी के प्रबंधक अंकित सिंह ने कहा कि ऐसी बात नहीं है कि बीसीसीएल से सुरक्षा से संबंधित दिशा-निर्देश का पालन नहीं किया जाता है। निर्देश को पालन किया जाता है और कुछ आदेशों का पालन करने का प्रयास किया जा रहा है।




बिना सेफ्टी बेल्ट और जूते को काम करते मजदूर।

### मामले में निरीक्षण किया जायेगा : उप निदेशक

**इस संबंध में डीजीएमएस के उप निदेशक जावेद आलम से पूछे जाने पर उन्होंने कहा की रामअवतार आउटसोर्सिंग कंपनी में सुरक्षा मानक का निरीक्षण करके ही कुछ कहा जा सकता है। फिल्हाल मैं छुट्टी पर हूं। आने के बाद ही कुछ कह सकते है।**

कार्यालय जिला ग्रामीण विकास अभिकरण, लातेहार

अति–अल्पकालीन निविदा सूचना

सरकार के संयुक्त सचिव, ग्रामीण विकास विभाग, झारखण्ड, राँची के पत्रांक–(N) 544 (अनु0) दिनांक 21.04.2023 के आलोक में मनरेगा अंतर्गत बिरसा हरित ग्राम योजना (BHGY) हेतु सामग्री का क्रय किया जाना है। लातेहार जिलान्तर्गत वित्तीय वर्ष 2023–24 में मनरेगा के तहत बिरसा हरित ग्राम योजना (BHGY) के लिए जिले के सभी प्रखण्डों के विभिन्न पंचायतों में चिन्हित स्थलों पर रसायनिक उर्वरक, कीटनाशक, फफूंदनाशक, प्लास्टिक समाग्री की आपूर्ति हेतु इच्छुक निर्माताओं/आपूर्तिकर्त्ताओं से मुहरबंद निविदा दिनांक– 25.05.2023 के अपराह्न 05 बजे तक जिला ग्रामीण विकास अभिकरण कार्यालय में जमा करने हेतु आमंत्रित की जाती है।

| क्र0 | सामग्री का नाम | विवरणी | मात्रा |
|---|---|---|---|
| 1. | खाद | केचुआ खाद या समतुल्य | 7 किलो प्रति फलदार पौधा एवं 2 किलो प्रति इमारती या timber पौधा |
| | | गोबर खाद या FYM | 20 किलो प्रति फलदार पौधा एवं 6 किलो प्रति इमारती/timber पौधा |
| | ** नोट– केचुआ खाद या गोबर खाद में से किसी एक सामग्री का क्रय किया जायेगा। | | |
| | | नीम/करंज खल्ली | 1 किलो प्रति फलदार पौधा |
| | | बोनमील (BoneMeal) या SSP | 500 ग्राम प्रति फलदार पौधा |
| | | Dolomite | 1 किलो प्रति फलदार पौधा एवं 500 ग्राम प्रति इमारती/timber पौधा |
| 2. | फफूंदनाषक | Trichoderma viridi 1.5%ww(2X10^6-10^8 CFU/gm) | 10 ग्राम प्रति पौधा |
| | | Chlorothalonil 75%WP | 1.5 ग्राम प्रति पौधा (फलदार एवं इमारती सहित) |
| | | Copper Oxychloride (Blue copper or equivalent) | 2 ग्राम प्रति पौधा (फलदार एवं इमारती सहित) |
| 3. | कीटनाषक | Fipronil 0.3 GR | 10 ग्राम प्रति पौधा (फलदार एवं इमारती सहित) |
| | | Azadirechtin 3000 PPM | 2 ml प्रति पौधा (फलदार एवं इमारती सहित) |
| | | Lamba-Cyhalothrin 5%EC | 1 ml प्रति पौधा (फलदार एवं इमारती सहित) |
| | | दीमकनाशक दवा (Bifenthrin 2.5% EC: Bifiex TC or Equivalent | 3 ml प्रति पौधा (फलदार एवं इमारती सहित) |
| 4. | एंटी बैक्टीरियल (जीवाणु रोधक) | Streptomycin Sulphate 90% w/w | 6 ग्राम प्रति 60 लीटर पानी प्रति एकड़ के लिए |
| 5. | रसायनिक खाद | सुक्ष्म पोषक तत्व (Totocare Agromin या Equivalent | 1 ml प्रति पौधा (फलदार एवं इमारती सहित) |
| | | यूरिया | प्रथम वर्ष 50 ग्राम एवं द्वितीय वर्ष से 75 ग्राम प्रति पौधा |
| | | NPK 10:26:26 (सुफला या समतुल्य) | 75 ग्राम प्रति पौधा |
| | | SSP | 50 ग्राम प्रति पौधा |
| | | MoP (पोटाश) | 50 ग्राम प्रति पौधा |
| 6. | प्लास्टिक | जलकुंड हेतु 250 माइक्रोन का UV resistant पॉलिथीन | एक जलकुंड हेतु 6 kg पॉलिथीन जिसका लम्बाई 18 फीट एवं चौड़ाई 14 फीट हो |
| 7. | स्थानीय स्तर पर क्रय की जाने वाली सामग्री (जैसे गोबर खाद, बॉस कील (Nail) तार (GI wire) आदि। | | |

नोट :– (1) निविदा की नियम एवं शर्तो की पूर्ण विवरणी लातेहार के बेवसाइट latehar.nic.in पर एवं जिला ग्रामीण विकास अभिकरण, लातेहार कार्यालय से प्राप्त किया जा सकता है।

उप विकास आयुक्त–सह–
जिला कार्यक्रम समन्वयक, लातेहार।

PR.NO.297552 Rural Development(23-24):D

### मीनाक्षी लेखी ने भुवनेश्वर में जी-20 संस्कृति समूह के दूसरे दिन के विचार-विमर्श में भाग लिया

# संस्कृति एक दूसरे को जोड़ती है, यह सभी को एक साथ लाने का माध्यम हो सकती है: मीनाक्षी लेखी





- ओडिशा के भुवनेश्वर में संस्कृति मंत्रालय के दूसरे जी20 संस्कृति कार्य समूह की बैठक के चर्चा सत्र संपन्न
- प्रतिनिधियों ने बैठक के अंतिम दिन उदयगिरि गुफाएं देखी

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**भूवनेश्वर।** दूसरे संस्कृति कार्य समूह का चर्चा सत्र 16 मई, 2023 को समाप्त हुआ। प्रतिनिधियों ने संस्कृति कार्य समूह के प्रारूप की तीसरी और चौथी प्राथमिकता वाले क्षेत्रों 'सांस्कृतिक और रचनात्मक उद्योगों का प्रचार और रचनात्मक अर्थव्यवस्था' और 'संस्कृति के संरक्षण और संवर्धन के लिए डिजिटल तकनीकों का लाभ उठाना' विषय पर ध्यान केंद्रित करते हुए चर्चा सत्रों में भाग लिया। इस दौरान महत्वपूर्ण विचार प्रस्तुत किए गए जिनसे सांस्कृतिक क्षेत्र को सुदृढ़ स्वरूप दिया जा सकेगा और मूर्त एवं क्रिया-उन्मुख सिफारिशों से इस क्षेत्र को विशिष्ट स्वरूप प्रदान किया जा सकेगा तथा वैश्विक स्तर पर नीतिगत ढांचे का निर्माण हो सकेगा।

संस्कृति कार्य समूह की बैठक के पहले दो सत्रों में प्रतिनिधियों ने वक्तव्य दिए, इसके बाद तीसरी और चौथी प्राथमिकता वाले क्षेत्रों पर खुला विचार-विमर्श हुआ। दूसरा सत्र संस्कृति और विदेश राज्य मंत्री श्रीमती मीनाक्षी लेखी के विशेष संबोधन के साथ संपन्न हुआ। समापन सत्र में संस्कृति कार्य समूह की कार्य प्रक्रिया से संबंधित विवरण और समयरेखा को रेखांकित किया गया।

मीडिया के साथ अपनी बातचीत में, अमृत काल के दौरान अर्थात अब से 25 वर्ष बाद भारत को और अधिक ऊंचाइयों पर ले जाने की प्रधानमंत्री की इच्छा को दोहराते हुए श्रीमती लेखी ने कहा कि भारत को वास्तव में उस स्थिति को फिर से प्राप्त करने के लिए काम करना होगा। संस्कृति की सामंजस्यपूर्ण प्रकृति के बारे में मंत्री ने कहा, ₹संस्कृति सभी को एक साथ जोड़ने का माध्यम हो सकती है। विशेष रूप से ऐसे समय में जब बहुत अधिक मानसिक तनाव दिखाई दे रहा हो। ₹संस्कृति कनेक्ट₹ पर बात करते हुए श्रीमती लेखी ने कहा कि पहली बार जी-20 में संस्कृति कार्य समूह को स्थान दिया गया है। उन्होंने कहा कि जब जी-20 सद्भाव और शांति की बात करता है, तो संस्कृति पर विशेष ध्यान देने की जरूरत है। उन्होंने प्रसन्नता व्यक्त करते हुए कहा कि संस्कृति कार्य समूह की दूसरी बैठक ओडिशा या उत्कल, में आयोजित की गई। उत्कल का अनुवाद - 'उत्कर्ष कला की भूमि' है, जिसका अर्थ है गौरवशाली कला और संस्कृति की भूमि।

16 मई, 2023 को प्रतिनिधियों को यूनेस्को की सूची में शामिल विश्व धरोहर स्थल कोणार्क सूर्य मंदिर दिखाया गया। यह ओडिशा के पुरी जिले में स्थित है और सूर्य देव को समर्पित यह मंदिर 13वीं शताब्दी में बनाया गया था और इसे कलिंग वास्तुकला की उत्कृष्ट कृति माना जाता है। बाद में, शाम के समय जी-20 प्रतिनिधियों ने गोटीपुआ नृत्य देखा जो जगन्नाथ मंदिर, पुरी की मंदिर परंपरा से जुड़े प्राचीन नृत्य रूपों में से एक है। स्थानीय कलाकारों ने विभिन्न भंगिमाओं के माध्यम से यह सुंदर नृत्य प्रस्तुत किया। श्रीमती लेखी ने ओडिशा की सांस्कृतिक धरोहर की प्रस्तुति करने वाले कलाकारों को सम्मानित किया।

इसके साथ ही जी-20 के दूसरे संस्कृति समूह की बैठक के अंतर्गत चार दिनों तक चलने वाली गतिविधियों और विचार-मंथन सत्रों का समापन हुआ। जी20 सदस्यों, अतिथि राष्ट्रों और कई अंतरराष्ट्रीय संगठनों के प्रतिनिधियों ने भाग लिया। संस्कृति कार्य समूह की बैठकों के छह सत्र आयोजित किए गए। ये बैठकें चार प्रमुख प्राथमिकता वाले क्षेत्रों पर केंद्रित थीं - सांस्कृतिक संपदा का संरक्षण और पुनर्स्थापना, सतत भविष्य के लिए जीवंत विरासत का उपयोग, सांस्कृतिक और रचनात्मक उद्योगों और रचनात्मक अर्थव्यवस्था को बढ़ावा देना और संस्कृति के संरक्षण और संवर्धन के लिए डिजिटल तकनीकों का लाभ उठाना।

समापन दिवस पर श्रीमती लेखी ने प्रतिनिधियों के साथ उदयगिरि की प्रसिद्ध गुफाओं का दौरा किया। ये गुफाएं 2000 वर्ष से भी अधिक पुरानी है। उन्होंने भुवनेश्वर में गांधी शांति केंद्र में संग्रहालय का भी दौरा किया। यह महात्मा गांधी के जीवन और दृष्टि को समर्पित है।

राजधानी भुवनेश्वर के बाहरी इलाके में चट्टानों को काटकर बनाई गई उदयगिरी की प्राचीन गुफाओं के दौरे पर गए प्रतिनिधियों की राय के बारे में पूछे जाने पर उन्होंने कहा कि यह प्रतिनिधियों के लिए ज्ञान साझा करने का अनुभव था। उन्होंने कहा कि प्रतिनिधि ओडिशा के उत्कृष्ट शिल्प कौशल और समृद्ध संस्कृति को देखकर आश्चर्यचकित हैं।

संस्कृति कार्य समूह बैठकों का उद्देश्य सांस्कृतिक क्षेत्र से संबंधित प्रमुख मुद्दों और सतत विकास में इसकी महत्वपूर्ण भूमिका पर विचार-विमर्श करने के लिए एक समावेशी और सहयोगी मंच को बढ़ावा देना है।

बैठक सांस्कृतिक विविधता, समावेशिता और स्थिरता को बढ़ावा देने में इसकी अहम भूमिका पर एक वैश्विक संवाद को बढ़ावा देना चाहती है।

### सीएम के समय की पाबंदी, विनम्रता के कायल हैं 5टी सचिव

# सामान्य व्यवहार ने मुझे बहुत प्रभावित किया

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**भुवनेश्वर।** ओडिशा की एक बड़ी टीम दुबई के दौरे पर है. वे दुबई में आयोजित ओडिशा दिवस में शामिल होने के लिए गए हैं। मंत्री अशोक पंडा के साथ कुछ विधायक भी हैं। इसी तरह विकास आयुक्त के साथ कुछ अधिकारी भी गए हैं। उस टीम में मुख्यमंत्री के निजी सचिव तथा 5टी सचिव श्री वी के पांडियन भी है।

श्री पांडियान ने दुबई के एक बड़े एडीटोरियम में भरपुर उड़िया को संबोधित किए। इसके साथ ही उन्होंने उड़िया लोगों के विभिन्न सवालों के जवाब भी दिए। प्रवासियों में से एक ने उड़िया पांडियन से मुख्यमंत्री के बारे में पूछा। आपने उनसे क्या सीखा है या उनके किन गुणों ने आपको प्रेरित किया है?

इसके जवाब में पांडियन ने श्री नवीन पटनायक के साथ मन की बातचीत के कई उदाहरण दिए. उन्होंने कहा कि माननीय मुख्यमंत्री नवीन पटनायक के साथ काम करना मेरा सौभाग्य है। पांडियन ने भरपुर थिएटर में भीड़ को बताया, मुख्य रूप से उनकी समय की पाबंदी, विनम्रता, सामान्य व्यवहार ने मुझे बहुत प्रभावित किया। उन्होंने कहा कि मैंने जब मुख्यमंत्री के साथ काम करना शुरू किया था, तब वे मारुति एस्टीम गाड़ी में सफर करते थे। बाद में मारुति कंपनी ने इस गाड़ी का प्रोडक्शन बंद कर दिया। तब मैंने मुख्यमंत्री से वाहन बदलने का अनुरोध किया। उन्होंने यह कहकर मना कर दिया कि अभी चल रहा है।

उसके बाद कुछ महीने तक वाहन चला। फिर अचानक एक दिन वह गाड़ी सड़क पर रुक गई। उस समय उन्होंने सर से कहा कि हमें इस गाड़ी को बदल लेना चाहिए। मुख्यमंत्री ने कुछ देर सोचा और कहा, ₹ठीक है, क्या आप जानते हैं कि मारुति कंपनी ने इस गाड़ी को बदलकर कोई नई गाड़ी निकाली है? इसके जवाब में उन्होंने कहा कि इसके बजाय, मारुति ने एस4 लॉन्च की है। मुख्यमंत्री ने कहा कि वह वाहन ले आओ। तब मुख्यमंत्री को समझाना पड़ा कि वाहन की ऊंचाई कम है, आपकी ऊंचाई छह फीट से ऊपर है, हम थोड़ा ऊंचाई बाला वाहन खरीदेंगे। उन्होंने यह कहते हुए मना कर दिया कि यह ओडिशा के लोगों का पैसा है।

## सम अस्पताल में बुधवार को होगी दो दिवसीय एनटीइपी जोनल टास्क फोर्स की बैठक

**भुवनेश्वर (आजाद सिपाही)।** पूर्वी क्षेत्र के लिए राष्ट्रीय तपेदिक उन्मूलन कार्यक्रम (एनटीईपी) की दो दिवसीय जोनल टास्क फोर्स की बैठक 18 और 19 मई को चिकित्सा विज्ञान संस्थान और सम अस्पताल में आयोजित की जाएगी। आईएमएस और सम अस्पताल में पल्मोनरी डिजीज विभाग के प्रमुख प्रोफेसर बनानी जेना ने कहा कि यह बैठक महत्वपूर्ण है क्योंकि भारत ने 2025 तक देश से तपेदिक के उन्मूलन के लिए महत्वाकांक्षी राष्ट्रीय रणनीतिक योजना शुरू किया गया है। उन्होंने कहा कि स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय तपेदिक उन्मूलन की दिशा में समुदाय की प्रभावी भागीदारी के लिए प्रधानमंत्री टीबी मुक्त भारत अभियान को लागू किए है।








































आजाद सिपाही की ओर से स्वत्वाधिकारी लैंडस्केप मीडिया प्रा. लि., प्रकाशक एवं मुद्रक हरिनारायण सिंह के लिए 176 कोकर चौक, ओल्ड एचबी रोड, रांची 834001 (झारखंड) से प्रकाशित तथा डीबी प्रिंट सोल्यूशंस (ए यूनिट ऑफ डीबी कार्प लिमिटेड), प्लॉट नं. 535 एवं 1272, ललगुटवा, पुलिस स्टेशन, रातू, रांची से मुद्रित। **संपादक :** हरिनारायण सिंह, **स्थानीय संपादक*** : विनोद कुमार,***पीआरबी एक्ट के तहत खबरों के लिए जिम्मेदार, **राज्य समन्वय संपादक :** अजय शर्मा। समस्त दिवानी विवादों, न्यायोचित कार्रवाइयों एवं दंडित परिवादों के लिए क्षेत्राधिकार रांची न्यायालय में रहेगा। फोन : 9264434560, **R.N.I. No.-JHAHIN/2015/65109,** Postal Registration No. **RN/249/2019-21**